किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 257 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 25 जून 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

# नौसेना ने किया ऐसी मिसाइल का परीक्षण, खूबियां सुन छूट जाएंगे दुश्मन के पसीने

## DRDO और नौसेना ने सतह से हवा में मार करने वाली वर्टिकल मिसाइल का परीक्षण किया





**न्यूज एजेंसी** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय नौसेना ने कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली वर्टिकल लॉन्च मिसाइल का ओडिशा तट स्थित चांदीपुर समेकित परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया है. यह परीक्षण भारतीय नौसैनिक पोत से शुक्रवार 24 जून को किया गया. वीएल-एसआरएसएएम पोत पर तैनात की जाने वाली हथियार प्रणाली है, जो समुद्र-स्किमिंग लक्ष्यों सहित सीमित दूरी के हवाई खतरों को बेअसर कर सकती है.

### काफी उंचाई वाले विमान पर हुआ टेस्ट

इस मिसाइल का परीक्षण एक तेज स्पीड वाले हवाई टारगेट के विमान के खिलाफ सफलतापूर्वक किया गया. आईटीआर, चांदीपुर द्वारा तैनात कई ट्रैकिंग उपकरणों का उपयोग करते हुए और हेल्थ पैरामीटर का ध्यान रखते हुए वाहन के फ्लाई ट्रेक की निगरानी की गई. परीक्षण प्रक्षेपण की निगरानी उ्रूड और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने की.

### रक्षामंत्री ने दी बधाई

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उ्रूड, भारतीय नौसेना और उद्योग को सफल उड़ान परीक्षण के लिए बधाई दी और कहा कि इस प्रणाली के रूप में एक ऐसे हथियार को शामिल किया गया है, जो हवाई खतरों के खिलाफ भारतीय नौसेना के जहाजों की रक्षा क्षमता को और बढ़ाएगा.

### स्वदेशी मिसाइल की हो रही तारीफ

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने वीएल-एसआरएसएएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए भारतीय नौसेना और उ्रूड की सराहना की और कहा कि इस स्वदेशी मिसाइल प्रणाली के विकास से भारतीय नौसेना की रक्षात्मक क्षमताओं को और मजबूती मिलेगी.

### पीएम मोदी का आत्मनिर्भर भारत

रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और उ्रूड के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी ने सफल उ-ड़ान परीक्षण में शामिल टीमों की सराहना की. उन्होंने कहा, परीक्षण ने भारतीय नौसेना के पोतों पर स्वदेशी हथियार प्रणाली के एकीकरण को साबित कर दिया है. उन्होंने कहा कि यह भारतीय नौसेना के बल को बढ़ाने वाला साबित होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण की दिशा में एक और मील का पत्थर है.

## पुलिस ने नक्सलियों की गढ़ से हथियारों का जखीरा किया बरामद, जीवन यापन के लिए जंगलों में पहुंचे थे नक्सली पुलिस ने मंसूबे को किया नाकाम

**दैनिक समाज जागरण**
**औरंगाबाद से केशव कुमार का रिपोर्ट**

पुलिस को एक बहुत बड़ी सफलता उस वक्त हाथ लगी है।जब जिला पुलिस द्वारा लगातार चलाये जा रहे नक्सलियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान में नक्सलियों के मांद से हथियारों का जखीरा



बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों की माने तो मदनपुर थाना क्षेत्र के लंगूराही,पचरुखिया, ब्रह्मदेव स्थान दूधजगरा पहाड़ आदि क्षेत्रों में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों पर हमला करने की बहुत बड़ी साजिश चल रही थी। इसी बीच पुलिस अधीक्षक कांतेश मिश्रा व 205 कोबरा बटालियन के समादेष्टा कैलाश के नेतृत्व में नक्सलियों के विरोध सर्च अभियान किया गया। इस दौरान जंगल के रास्तों में लगभग डेढ़ सौ लगाए गए आईडी बम को डिफ्यूज करते हुए सुरक्षा बल नक्सलियों की निशानदेही पर उनके मांद तक पहुंचा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नक्सली जीवन यापन करने के दृष्टिकोण से उक्त स्थल पर पहुंचे थे। लेकिन पुलिस का भय लगते ही नक्सली घरेलू सामग्री चावल, आटा, दाल, चना, सरसों तेल, पेट्रोल, दूध पाउडर, गैस सिलेंडर , बाल्टी, जंगल शु, स्टील ट्रंक, सोलर लाइट, प्लास्टिक कुर्सी, टिफिन बॉक्स, पेंसिल बैटरी, सत्तू पैकेट, आलू , स्पोर्ट जूता, खाली बक्सा, घी, प्याज, लहसुन, तेल, मसाला, चीनी, चायपत्ती, साबुन सर्फ , टूथपेस्ट, चूड़ी, ब्लेड, तकिया, चादर, छाता, पौलथिन, कपड़ा, ट्रैक सूट, टी-शर्ट, गमछा, मौजा, गंजी आदि सामान बरामद किया गया।

## वर्किंग जर्नलिस्टऑफ इंडिया के पदाधिकारियों की अनौपचारिक मुलाकात

(हरेश उपाध्याय):- नयी दिल्लीः- आज हिमाचल भवन में वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों की अनौपचारिक मुलाकात



हुई व एक बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से ब्रजेश संगठन मंत्री झारखंड प्रदेश (भारतीय मजदूर संघ) से मुलाकात हुई। इस बैठक में WJI के राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र भंडारी व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय, राष्ट्रीय सचिव तबिश कमाल, राष्ट्रीय सचिव विपिन चौहान, राष्ट्रीय सचिव (प्रचार) उदय मन्ना और दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष संदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे। वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र भंडारी ने हमें जानकारी दी कि संगठन के विस्तार व आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रमुख रूप से चर्चा की गई।

## नोएडा प्राधिकरण नोएडा के हजारों प्रॉपर्टी डीलर के साथ कर रही है अन्याय-सुनील चौधरी

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी ने एक बयान जारी कर नोएडा प्राधिकरण द्वारा 15 जून को एक लेटर जारी कर कहा गया कि नोएडा प्राधिकरण में प्रॉपर्टी कंसलटेंट व प्रॉपर्टी डीलर की आवाजाही बिल्कुल बंद हो प्राधिकरण प-रसर में ऐसे लोगों के पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, इसी पत्र के ऊपर उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि प्राधिकरण के इस तुगलकी फरमान से नोएडा के हजारों प्रॉपर्टी कंसलटेंट व प्रॉपर्टी डीलर की रोजी-रोटी पर ग्रहण लग गया है, साथ ही साथ जो बुजुर्ग प्रॉपर्टी कंसलटेंट के माध्यम से अपना काम आसानी से करवा लेते थे उनके लिए काफी अस-ुविधा हो गई है, नोएडा प्राधिकरण से यह मांग की है कि सारी चीजों की ऑनलाइन व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े और लोगों का काम आसानी से हो सके,उन्होंने नोएडा प्राधिकरण से यह मांग की है कि इसके ऊपर पुनर्विचार करके हजारों लोगों के कारोबार व रोजी रोटी के साथ खिलवाड़ ना किया जाए, जो प्रॉपर्टी डीलर हुआ प्रॉपर्टी कंसलटेंट वर्षों से इस व्यवसाय से जुड़े हैं उनकी रोजी-रोटी का क्या होगा वह कहां जाएंगे




## सात साइबर जालसाज गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

### साइबर जालसाजी कंट्रोल को ले वारिसलीगंज पुलिस की बड़ी कार्यवाई।

समाज जागरण वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-पिछले एक दशक से झारखंड के जामताड़ा की भांति बदनाम हो चुके वारिसलीगंज क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस जालसाजों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाई किया है। इसी कड़ी में गुरुवार की देर शाम नगर परिषद क्षेत्र के सिमरी बीघा-झौर मोड़ के बीच रहा बगीचा के पास स्थित एक गुमटीनुमा दुकान के पास से वारिसलीगंज पुलिस ने अत्याधुनिक मोबाईल तकनीक के आधार पर छापेमारी कर विभिन्न गांवो के सात साइबर जालसाजो को गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों के पास सायबर जालसाजी से जुड़े सात मोबाइल सेट व बड़ी संख्या में विभिन्न राज्यो के ठगे जाने वाले मोबाइल नंबरो एवं पता लिखें कागजात बरामद किया गया है। इस संबंध की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजीव कुमार पटेल ने कहा कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर सिमरी बीघा एवं झौर मोड़ के बीच स्थित बगीचा में साइबर जालसाजों के एकत्रित होने की सूचना मिली थी। सूचना



बाद वारिसलीगंज पुलिस अधिकारियों की टीम गठित कर उक्त स्थान पर छापेमारी की गई। जहां से मोहिउद्दीनपुर पंचायत की भेड़िया निवासी छोटू कुमार, सिमरी बीघा ग्रामीण रविकांत कुमार, कोचगांव पंचायत की कांधा निवासी विरल कुमार, चकवाय ग्रामीण देवेंद्र कुमार, मोहिद्दीनपुर निवासी विपिन चौधरी, भेड़िया निवासी विक्रम कुमार, कांधा निवासी राजीव कुमार को जालसाजी करते गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के पास से ठगी में प्रयुक्त मोबाइल और बड़ी संख्या में देशभर के विभिन्न राज्यों के ठगी के शिकार होने वाले व्यक्ति का नाम व पता और मोबाइल नंबर अंकित कागजात जब्त किया गया है। गिरफ्तार सभी को आरोपियों को थाना लाया गया। थाना में जांच उपरांत ठगी में संलिप्त होने की बात सामने आने पर सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया गया।

## जिला अधिकारी के आदेश पर अवैध वसूली करने वाले लोगों के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज।

**दैनिक समाज जागरण बहजोई ।**

संभल नगर क्षेत्र की खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 1 सप्ताह पूर्व जिलाधिकारी संभल को शपथ पत्र प्रेषित कर विभाग से संबंधित व्यापारियों के कार्य में बाधा डालकर व्यापारियों को डरा धमका कर विभाग को बदनाम करने की नियत से व्यापारियों से मोटी रकम लेकर अवैध वसूली करने वाले 2 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आग्रह किया था। जिला अधिकारी मनीष बंसल ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के शि-िकायती शपथ पत्र को संज्ञान में लेते हुए दोनों लोगों के खिलाफ कोतवाली संभल में रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए थे जिला अधिकारी को शपथ पत्र देते हुए नगर खाद्य सुरक्षा अधिकारी संभल मीरा सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है मेरे द्वारा व्यापारियों की दुकानों से सैंपल लेने के उपरांत सलीम एडवोकेट और कुलदीप यादव द्वारा मेरे नाम से अवैध वसूली की जाती है तथा व्यापारियों के पंजीकरण कराने हेतु मोटी रकम की अवैध वसूली भी की गई है तथा वर्तमान में भी की जा रही है यह कार्य भी सलीम और कुलदीप द्वारा विगत कई बरसों से किया जा रहा है जिसके कारण मेरी विभाग की छवि खराब हो रही है उक्त का अधोहस्ताक्षरी द्वारा जब भी विरोध किया जाता है तो सलीम एडवोकेट के द्वारा स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों के माध्यम से मेरे जाते समय मेरी कार का पीछा कराया जाता है तथा कार को सुनसान जगह पर रुकवाया जाता है और मुझे डराया धमकाया जाता है खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आगे कहा की शपथ पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया है के निम्नलिखित मीट व्यापारियों एवं पश्चिमी उत्तर




प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर के द्वारा सलीम एडवोकेट एवं कुलदीप यादव व्यापारियों के खाद्य पंजीकरण कराने हेतु अनियमित रूप से मोटी रकम की अवैध वसूली करने के संबंध में अवगत कराया गया था। पीड़ित सभी व्यापारियों के नाम की छाया प्रति सलंगन करते हुए तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि कुलदीप यादव कई सालों से खाद्य सुरक्षा विभाग से जुड़ कर मोटी कमाई कर करोड़ पति बन चुका है । जिसकी बहजोई कस्बे में करोड़ों रुपए के प्लाट और मकान है जबकि यह एक बेरोजगार व्यक्ति है जिसके पास इनकम का कोई अपना काम नही है लेकिन फिर भी केसे करोड़पति बन गया और महंगी गाड़ियों में घूमता है यह एक जांच का विषय है जो जांच करने पर पता चल जायेगा ।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन

**फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण**

धामपुर स्योहारा थाना परिसर नए साल की समिति का बैठक का आयोजन हुआ जिसमें नगर नगर व क्षेत्र में आपसी सद्भाव बनाए रखने की पुलिस के एक अधिकारी ने अपील की प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को स्थानीय थाने में नवनीत क्षेत्र अधिकारी इंदू सिद्धार्थ वह थाना अध्यक्ष आशीष कुमार तोमर ने नगर क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ शांति बनाए रखने के लिए एक बैठक की इस बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी इंदु सिद्धार्थ ने युव-ाओं के अभिभावकों को समझाते हुए कहा है आप सभी अपने मासूम बच्चों को समझाएं कि कोई भी आपत्तिजनक जनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल ना करें यदि किसी के पास कोई आपत्तिजनक पोस्ट आ भी जाती है तो उसकी जानकारी स्थानीय थाने को तुरंत दें
पुलिस अधिकारी अधिकारी ने कहानी क्षेत्रीय भूमि आपकी है यहां आपका भविष्य है आप सभी को यहां आपसी सद्भाव व फ्रेम बना कर रहना है और यहां की गंगा जमुना तहजीब को कायम रखते हुए आपस में प्रेम के साथ रहना है इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई भी घटना ना घटे जिससे आपसी सद्भाव व प्रेम से बांधा पड़े वही इस मौके पर थाना अध्यक्ष आशीष कुमार तोमर ने सभी क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा है यह शहर हम सबका है और हम सबको आपस में मिलजुल कर व्यापार



एम के साथ रहना है हमारे क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई ऐसी घटना ना घटे जिससे आपस में किसी भी प्रकार की कोई भी दरार पड़े वही नवनीत पुलिस क्षेत्र अधिकारी इंदु सिद्धार्थ का व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जिस-ाका पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने आभार व्यक्त किया है इस मौके पर व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा महफूज एडवोकेट चेयरमैन पुत्र इमरान अख्तर और सनी नफीस कुरेशी हाजी गफ्फार राजपाल प्रजापति सभासद इकरामुद्दीन अजीम ठेकेदार दिलशाद ठे-केदार सुफियान अंसारी अधिक लोग मौजूद रहे

## हुसियापुर में तैयार किये जा रहे अमृत सरोवर व भदेचा की गोशाला का एसडीएम ने निरीक्षण किया

**समाज जागरण/ अखिलेश सिंह हरदोई**। उपजिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन तथा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी व बीडीओ सुरसा राम प्रकाश द्वारा हुसियापुर में तैयार किये जा रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया। मौके पर कार्य मे अपेक्षित प्रगति पायी गयी संबंधित को रैम्प से संबंधित कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही भदेचा की गोशाला का निरीक्षण किया गया। गोशाला का कार्य 75 प्रतिशत तक पूर्ण पाया गया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि शेष कार्य को प्रत्येक दशा में 30 जून तक पूर्ण कर लिया जाए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व में चरागाह के रूप में दर्ज इस भूमि पर निकटवर्ती ईंट भट्ठे का कब्जा था जिसको कब्जा मुक्त करवाकर गौशाला का निर्माण करवाया गया है। गौशाला के सामने चरागाह की भूमि पर कुछ ईंटें रखकर पुनः किये गए कब्जे को 24 घंटे के अंदर हटवाकर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं तथा बारिश होते ही गौशाला के उपयोगार्थ नैपियर घास की बुवाई के निर्देश दिए गए हैं।



## सीओ हेमंत उपाध्याय ने पाली थाने का निरीक्षण कर परखी व्यवस्था

समाज जागरण पाली,हरदोई शुक्रवार को पाली थाने पहुंचे शाहाबाद क्षेत्रधिकारी हेमंत उपाध्याय ने थाने का निरीक्षण किया और पाली थाना अध्यक्ष सुनील दत्त कौल को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान थाने की साफ सफाई, अपराधिक रजिस्टर, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रों तथा उनके रख रखाव को देखा। निरीक्षण करने के बाद सीओ हेमंत उपाध्याय ने थानाध्यक्ष सुनील दत्त कौल से अपराधिक मुकदमों सहित सभी बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही वरिष्ठ उपनिरीक्षक बीएन शुक्ला, उप निरीक्षक संदीप सिंह व नीरज कुमार को दिशा-निर्देश दिया। क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्याय ने बताया कि मेरे द्वारा थाने का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में सब कुछ ठीक ठाक मिला। थोड़ी बहुत जो कमियां है, इसके लिए थानाध्यक्ष को दिशा-निर्देश दे दिया गया है, जिसे दुरुस्त किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कांस्टेबल बिजेंदर कुमार, गुंजन गिल,विकास, जयपाल,अवनेश आदि मौजूद रहे



## साधना पथ (भाग 176)



देव मणि शुक्ल

साधकों -- आजकल हमलोग प्रायः देखते हैं कि पाप और पुण्य के संघर्ष में पाप की विजय हो रही है । आखिर क्यूं ? आज इसी को समझने का प्रयास करते है ।

साधकों - पहले तो हम यह देखें कि हम पाप कर रहे हैं या पुण्य । विचारणीय प्रश्न यह है कि हम इस पाप पुण्य के द्वारा पाना क्या चाहते हैं , हमारा लक्ष्य क्या है ?

एक व्यक्ति पाप करता है और उसके माध्यम से सुख अर्जित करना चाहता है और दूसरा व्यक्ति पुण्य के द्वारा लौकिक पारलौकिक सुख प्राप्त करना चाहता है । दोनों का लक्ष्य एक ही है - सुख शान्ति की प्राप्ति । संसार में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं मिलेगा जो दुख पाने के लिए पाप करें या दुख पाने के लिए पुण्य करें ।पाप हो या पुण्य दोनों का उद्देश्य एक समान रहता है अर्थात सुख सुविधा की प्राप्ति ।स्वर्ग क्या है, सुख क्या है ?हम आप स्वर्ग की कामना क्यूं करते हैं ? भांति-भांति के व्रत , अनुष्ठान, दान , संयम , नियम करने का उद्देश्य क्या है ? स्वर्ग की लालसा क्यूं होती है ? सभी चाहते हैं कि जब तक जीवित रहूं सुख भोगूं और मरने के बाद स्वर्ग मिले ।स्वर्ग में जाने पर जो सुख यहां नहीं भी मिल पाया वहां मिल जाएगा ।

साधकों - इस प्रकार हम देखते हैं कि सुख की परिभाषा दोनों की समान है चाहे पापी हो या पुण्यात्मा ।पापी भी तो प्रचुर भोग सामग्री चाहते हैं । पुण्यात्मा जिस भोग सामग्री को पुण्य से पाना चाहता है, पापी उसी को पाप कर्म से प्राप्त करते हैं । दोनों का लक्ष्य सुख की प्राप्ति ही है ।केवल साधन में भिन्नता है। पुण्यात्मा प्राप्त सुख साधनों को बचाए रखना चाहते हैं ताकि उन्हें स्वर्ग में भी सुख मिलता रहे । पापी बलपूर्वक उन सुखों को छीनते रहते हैं । पुण्यात्मा का युद्ध रक्षात्मक है तो पापी का आक्रमणकारी है । जब दोनों में युद्ध होता है तो पुण्यात्मा पराजित हो जाते हैं और पापी विजयी हो जाते हैं । और जब पुण्यात्मा पराजित होने लगता है तो वह ईश्वर की शरण ग्रहण करता है ।इसलिए जहां तक मेरा विचार है।ईश्वर का आश्रय ग्रहण करो , केवल पुण्य अपने बल से पाप को पराजित नहीं कर पायेगा ।

# रूस का अपने ही देश में आंतरिक विरोध

## अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की दोस्ती से बर्बाद हुआ यूक्रेन

माना जाता है कि दोस्ती बराबर के लोगों में की जानी चाहिए क्योंकि बड़े और धनवान लोग मुसीबत में सिर्फ सलाह ही दे सकते हैं वक्त और मदद नहीं, यही यूक्रेन के साथ हुआ है' रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन का अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बबार्दी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है' मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं।

यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है

यह गैस पाइपलाइन यूक्रेन के क्षेत्र से होकर जनवरी तक जाती है। इससे नाटो देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है। दूसरी तरफ यूक्रेन, क्रीमिया को अपने पास वापस अपने अधिपत्य में लेना चाहता है, जो वर्तमान में रूस के कब्जे में है, इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के दो बड़े क्षेत्र लुहानस्क और डोनट्स रिपब्लिक को राज्य के रूप में मान्यता दे दी है, यह बहुत बड़े क्षेत्र और इन्हीं के माध्यम से उसने अपनी सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है और किसी स्वतंत्र देश की प्रभुसत्ता पर हस्तक्षेप भी बताया है। रूस के इस यूक्रेन पर आक्रमण से भारत की चिंता अपने 20 हजार नौजवान छात्रों को जो युक्रेन में अध्ययन कर रहे थे। अब वहां फंसे हुए हैं, उन्हें बचाने की भी है। यूक्रेन तथा रूस के बीच शांति स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मध्य रात्रि के बीच लगभग 40 मिनट बात कर शांति स्थापना के अपील भी की है एवं नागरिकों को वहां से निकालने की चिंता से भी अवगत कराया है। निश्चित तौर पर भारत के यूक्रेन तथा रूस के साथ अच्छे संबंधों के कारण शांति बहाली की अपील कर रहा है, और इसका असर भी हो सकता है । यह तो तय है कि रूस और यूक्रेन के बीच यदि युद्ध में कोई भी विदेशी ताकत हस्तक्षेप करती है, तो विश्व युद्ध की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए किसी भी देश के आने पर भयानक परिणाम होने की चेतावनी भी दे डाली है। यूक्रेन को इस आफत में फंसाने एवं उसे रूस के विरुद्ध उकसाने के लिए अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देशों की भूमिका सदैव संदिग्ध ही रही है।



संजीव ठाकुर,स्वतंत्र लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,

## 25 जून/इतिहास-स्मृति
## अंग्रेज सेना का समर्पण

जिन अंग्रेजों के अत्याचार की पूरी दुनिया में चर्चा होती है, भारतीय वीरों ने कई बार उनके छक्के छुड़ाए हैं। ऐसे कई प्रसंग इतिहास के पृष्ठों पर सुरक्षित हैं। ऐसा ही एक स्वर्णिम पृष्ठ कानपुर (उ.प्र.) से सम्बन्धित है।

1857 में जब देश के अनेक भागों में भारतीय वीरों ने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल बजा दिया, तो इसकी आँच से कानपुर भी सुलग उठा। यहाँ अंग्रेज इतने भयभीत थे कि 24 मई, 1857 को रानी विक्टोरिया की वर्षगाँठ के अवसर पर हर साल की तरह तोपें नहीं दागी गयीं। अंग्रेजों को भय था कि इससे भारतीय सैनिक कहीं भड़क न उठें। फिर भी चार जून को पुराने कानपुर में क्रान्तिवीर उठ खड़े हुए। मेरठ के बाद सर्वाधिक तीव्र प्रतिकिया यहाँ ही हुई थी। इससे अंग्रेज अधिकारी घबरा गये। वे अपने और अपने परिवारों के लिए सुरक्षित स्थान ढूँढने लगे। उस समय कानपुर का सैन्य प्रशासक मेजर जनरल व्हीलर था। वह स्वयं भी बहुत भयभीत था।

पुराने कानपुर को जीतने के बाद सैनिक दिल्ली की ओर चल दिये। जब ये सैनिक रात्रि में कल्याणपुर में ठहरे थे, तो नाना साहब पेशवा, तात्या टोपे और अजीमुल्ला खान भी इनसे आकर मिले। इन्होंने उन विद्रोही सैनिकों को समझाया कि कानपुर को इस प्रकार भगवान भरोसे छोड़कर आधी तैयारी के साथ दिल्ली जाने की बजाय पूरे कानपुर पर ही नियन्त्रण करना उचित है।

जब नेतृत्व का प्रश्न आया, तो इसके लिए सबने नाना साहब को अपना नेता बनाया। नाना साहब ने टीका सिंह को मुख्य सेनापति बनाया और यह



सेना कानपुर की ओर बढ़ने लगी। व्हीलर को जब यह पता लगा, तो वह सब अंग्रेज परिवारों के साथ प्रयाग होते हुए कोलकाता जाने की तैयारी करने लगा; पर भारतीय सैनिकों ने इस प्रयास को विफल कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने गलियों और सड़कों पर ढूँढ-ढूँढकर अंग्रेजों को मारना प्रारम्भ कर दिया।

यह देखकर व्हीलर ने एक बैरक को किले का रूप दे दिया। यहाँ 210 अंग्रेज और 44 बाजा बजाने वाले भारतीय सैनिक, 100 सैन्य अधिकारी, 101 अंग्रेज नागरिक, 546 स्त्री व बच्चे अपने 25-30 भारतीय नौकरों के साथ एकत्र हो गये। नाना साहब ने व्हीलर को कानपुर छोड़ने की चेतावनी के साथ एक पत्र भेजा; पर जब इसका उत्तर नहीं मिला, तो उन्होंने इस बैरक पर हमला बोल दिया। 18 दिन तक लगातार यह संघर्ष चला।

14 जून को व्हीलर ने लखनऊ के जज गोवेन को एक पत्र लिखा। इसमें उसने कहा कि हम कानपुर के अंग्रेज मिट्टी के कच्चे घेरे में फँसे हैं। अभी तक तो हम सुरक्षित हैं; पर आश्चर्य तो इस बात का है कि हम अब तक कैसे बचे हुए हैं। हमारी एक ही याचना है सहायता, सहायता, सहायता। यदि हमें निष्ठावान 200 अंग्रेज सैनिक मिल जायें, तो हम शत्रुओं को मार गिरायेंगे।

पर उस समय लखनऊ में भी इतनी सेना नहीं थी कि कानपुर भेजी जा सके। अन्ततः व्हीलर का किला ध्वस्त हो गया। इस संघर्ष में बड़ी संख्या में अंग्रेज सैनिक हताहत हुए। देश की स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष कर रहे अनेक भारतीय सैनिक भी बलिदान हुए। 25 जून को व्हीलर ने बैरक पर आत्मसमर्पण का प्रतीक सफेद झण्डा लहरा दिया। 1857 के संग्राम के बाद अंग्रेजों ने इस स्थान पर एक स्मृति चिन्ह (मैमोरियल क्रास) बना दिया, जो अब कानपुर छावनी स्थित राजपूत रेजिमेण्ट के परिसर में स्थित है।

## 25 जून
## महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1788 - वर्जीनिया अमेरिका के संविधान को अपनाने वाला 10वां राज्य बना।

1857 - अन्ग्रेजी सेना द्वारा कानपुर में भारतीय सेना के सामने समर्पण किया गया।

1868 - अमेरिका के राष्ट्रपति एंड्रयू जॉनसन ने सरकारी कर्मचारियों के लिये दिन में आठ घंटे काम करने का कानून पारित किया।

1913 - बाबा सोहन सिंह की अध्यक्षता में गदर पार्टी का गठन हुआ।

1941 - फिनलैंड ने सोवियत संघ पर हमले की घोषणा की।

1947 - एन फ्रैंक की डायरी ऑफ ए यंग गर्ल प्रकाशित हुई ' इसकी 3 करोड़ प्रतियां बिकी और 67 भाषाओं में अनुवादित हुई।

1950 - कोरियाई गृहयुद्ध आरंभ हुआ। आजादी की लड़ाई लड़ रहे उत्तरी और दक्षिण कोरिया के बीच शुरू हुए इस गृह युद्ध ने बाद में अंतरराष्ट्रीय शीतयुद्ध का रूप ले लिया।

1951 - अमेरिकी टेलीविजन एवं रेडियो नेटवर्क सीबीएस ने न्यूयार्क से चार शहरों में पहले रंगीन टीवी प्रोग्राम का प्रसारण किया।

1960 - मेडागास्कर फ्रांस से स्वतंत्र हुआ।

1961 - इराक ने घोषणा की कि कुवैत इराक का हिस्सा है।

1975 - इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की सलाह पर भारत के राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने देश में आपातकाल लगाने की घोषणा की थी।

1977 - आपातकाल की बरसी को 1977 से 25 जून को ह्यकाला दिवसह्न के रुप में मनाया जाता है।

1989 - मोगा में संघ की शाखा पर आतंकवादियों द्वारा हमला।

1983 - भारत ने वेस्टइंडीज को 43 रनों से हरा कर पहली बार क्रिकेट विश्व कप का खिताब अपने नाम किया।

1999 - संयुक्त राज्य अमेरीका द्वारा युगोस्लावियाई राष्ट्रपति स्लोबोदान मिलोसेविच की गिरफ़्तारी की सूचना देने पर 50 लाख डालर के इनाम की घोषणा की।

2004 - रूस द्वारा भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने का निर्णय लिया।

2008 - उत्तर प्रदेश सरकार ने मकान व प्लाट की रजिस्ट्री सस्ती कर उस पर लगने वाला स्टाम्प शुल्क 8% से घटाकर 5% कर दिया।

**जन्मदिवस**

1900- ब्रिटिश राजनेता, नौसेना प्रमुख और भारत के अन्तिम वाइसराय लॉर्ड माउंटबेटन का जन्म हुआ

1903 - प्रसिद्ध साहित्यकारों में से एक चन्द्रशेखर पाण्डे का जन्म हुआ।

1908 - महिला भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं राजनीतिज्ञ सुचेता कृपलानी का जन्म हुआ।

## 25 जून/इतिहास-स्मृति
## आपात काल लोकतन्त्र पर काला धब्बा

संविधान के निमार्ताओं की इच्छा था कि भारत एक लोकतान्त्रिक देश रहे; पर 25 जून, 1975 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, उनके पुत्र संजय गांधी और उनकी धूर्त मंडली ने लोकतन्त्र के मुख पर कीचड़ पोत दी।

1971 में लोकसभा चुनाव और फिर पाकिस्तान से युद्ध में सफलता से इंदिरा गांधी का दिमाग सातवें आसमान पर चढ़ा था। वे उ.प्र. में रायबरेली से सांसद बनीं थी; पर उनके निर्वाचन क्षेत्र में हुई धांधली के विरुद्ध उनके प्रतिद्वन्द्वी राजनारायण ने प्रयाग उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर कर दिया था। न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने साहसी निर्णय देते हुए इंदिरा गांधी के निर्वाचन को निरस्त कर उन पर छह साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबन्ध लगा दिया।

इंदिरा गांधी सर्वोच्च न्यायालय में चली गयीं। वहां से उन्हें इस शर्त पर स्थगन मिला कि वे संसद में तो जा सकती हैं; पर बहस और मतदान में भाग नहीं ले सकतीं। माता-पिता की अकेली संतान होने के कारण वे बचपन से ही जिद्दी थीं। उन्होंने त्यागपत्र देने की बजाय आंतरिक उपद्रव से निबटने के नाम पर आपातकाल लगा दिया। राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद तो उनके चमचे थे ही। उन्होंने 25 जून, 1975 की रात में कागजों पर हस्ताक्षर कर दिये।

वस्तुतः इसके लिए मंत्रिमंडल की सहमति आवश्यक थी; पर इंदिरा, संजय और उनके चमचों ने कुछ नहीं देखा। अगले दिन प्रातः मंत्रियों से हस्ताक्षर की औपचारिकता भी पूरी करा ली गयी। आपातकाल लगते ही नागरिकों के मूल अधिकार स्थगित हो गये। विपक्षी नेताओं को जेल में ठूंस दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू कर दी गयी। सारे देश में आतंक छा गया।

इसके बाद इंदिरा गांधी ने संविधान में ऐसे अनेक संशोधन कराये, जिससे




प्रधानमंत्री पर कोई मुकदमा नहीं चलाया जा सकता था। 39 वां संशोधन सात अगस्त, 1975 को संसद में केवल दो घंटे में ही पारित कर दिया गया। विपक्षी नेता जेल में थे और सत्ता पक्ष वाले आतंकित। ऐसे में विरोध कौन करता ? आठ अगस्त को यह राज्यसभा में भी पारित हो गया। नौ अगस्त, (शनिवार) को अवकाश के बावजूद सभी राज्यों की विधानसभाओं के विशेष सत्र बुलाकर वहां भी इसे पारित करा दिया गया। दस अगस्त ( रविवार ) को राष्ट्रपति ने भी सहमति दे दी और इस प्रकार यह कानून बन गया।

इस तेजी का कारण यह था कि 11 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय में इस मामले की सुनवाई होनी थी। नये कानून से इंदिरा गांधी न्यायालय से भी ऊंची हो गयीं और सुनवाई नहीं हो सकी। पूरा देश कांग्रेसी गुंडो की तानाशाही की गिरफ्त में आ गया; पर समय सदा एक सा नहीं रहता। धीरे-धीरे लोग आतंक से उबरने लगे। संघ द्वारा भूमिगत रूप से किये जा रहे प्रयास रंग लाने लगे। लोगों का आक्रोश फूटने लगा। आपातकाल और प्रतिबन्ध के विरुद्ध हुए सत्याग्रह में एक लाख से अधिक स्वयंसेवकों ने गिरफ्तारी दी। लोकतन्त्र की इस हत्या के विरुद्ध विदेशों में भी लोग इंदिरा गांधी से प्रश्न पूछने लगे।

इससे इंदिरा गांधी पर दबाव पड़ा। उसके गुप्तचरों ने सूचना दी कि देश में सर्वत्र शांति हैं और चुनाव में आपकी जीत सुनिश्चित है। इस भ्रम में इंदिरा गांधी ने चुनाव घोषित कर दिये; पर यह दांव उल्टा पड़ा। चुनाव में उसकी पराजय हुई और दिल्ली में जनता पार्टी की सरकार बन गयी। मां और पुत्र दोनों चुनाव हार गये। इस शासन ने वे सब असंवैधानिक संशोधन निरस्त कर दिये, जिन्होंने प्रधानमंत्री को न्यायालय से भी बड़ा बना दिया था। इस प्रकार इंदिरा गांधी की तानाशाही समाप्त होकर देश में लोकतन्त्र की पुनर्स्थापना हुई।

## गणेश गीता (गीता भाग 93)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

गणेश जी आगे वरेण्य को बताते हैं :-----

भक्तिश्चैवादरश्चात्र ,
कारणम्, परमं मतम्,
सर्वषांविदुषषांश्रेष्ठो
ह्यकिंचित च ज्ञेयोऽपि
भक्ति मान्`

हे राजन्! थोड़ा जानने वाला भी यदि भक्तिमान हो तो भी वह सम्पूर्ण विद्वानों में श्रेष्ठ माना जाता है इस श्रेष्ठता का मुख्य कारण भक्ति ही है`

भजन भक्त्या विहीनों यः
स चांडालोऽभिधीयते,
चांडालोऽपि भजन भक्त्या,
ब्राह्मणेभ्योऽधिको मम`

हे राजन्! हो भक्ति हीन हो कर भजन करता है वह चाण्डाल के समान है और जिसका जन्म चाण्डाल कुल में है अगर भक्ति भाव से वह मेरा भजन करता है तो वह उस ब्राह्मण से अच्छा ही है जो भक्ति से परे होकर मेरा भजन करता है`

शुकाद्याः सनकाद्याश्च,
पुरा मुक्ता हि भक्तितः
भक्तैव मामनुप्राप्ता,
नारदाद्याश्चिरायुषः`

हे राजन्! यह ध्यान देने योग्य




बात है कि शुक आदि और सनकादि ऋषिगण अचल भक्ति के कारण ही मुक्त हो सके हैं और नारद आदि। चिरायु हो सके हैं`

अतो भक्त्या मयि
मनो निधेहि बुद्धिमेव च
भक्त्या राजस्व मां
राजन् ततो मामेव यास्यसि

हे राजन् ! इसलिए भक्तिभाव से मन और बुद्धि को मुझमें लगानी चाहिए` भक्ति पूर्वक जब मेरा भजन करोगे तो मुझे ही प्राप्त होंगे`

असमर्थोऽर्पितुं स्वान्तमेवं,
मयि नराधिप`
अभ्यासेन च योगेन
त्यों गंतुम् यतस्व मां`

हे राजन् यदि मुझमें अपना मन न लगा सको तो अभ्यास योग के माध्यम से हमें प्राप्त करने का यत्न करो`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## संक्षिप्त न्यूज

### विधायक बिष्ट ने मुकंद विहार के लोगों को दी सीवर लाइन की सौगात

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय व जुझारू विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने आज मुकंद विहार के लोगों को सीवर लाइन की सौगात दी। मोहन सिंह बिष्ट ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने सीवर लाइन का उद्घाटन कर कोई अहसान नहीं किया है। हां,लेकिन इतना अवश्य है कि विरोधी पार्टी का विधायक व केजरीवाल



सरकार की छोटी सोच के कारण, क्षेत्रीय विकास योजनाओं के लिए बजट पास कराना चुनौती पूर्ण कार्य तो है, पर वह रूकने व थमने वाले नहीं है।आज नारियल फोड़कर,पुष्पांजलि अर्पित कर सर्व सिद्धि योग की कामना की गई।इस सीवर लाइन बिछाने पर तकरीबन 4-5 करोड़ रुपए की लागत आएगी।इस उद्घाटन समारोह में जयपाल कल्सान, विजय पाल, विनोद पाल, राहुल पचौरी, अरविंद भारद्वाज, गौरव गुलिया,एस पी सिंह सहित क्षेत्रीय निवासी व गणमान्य लोग तथा सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### दिव्यांगता विषय पर केंद्रीय सलाहकार बोर्ड की पांचवीं बैठक

(नीरज अवस्थी,हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-विज्ञान भवन में दिव्यांगता विषय पर केंद्रीय सलाहकार बोर्ड की पांचवीं बैठक सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के मंत्री डाक्टर वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता मे हुई । जिसमें दिव्यांगता के कई विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें सचिव, ऊएढहऊ अंजलि भवरा भी बैठक




में उपस्थित थें। केंद्रीय सलाहकार बोर्ड ने विकलांगता में विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। जिनमें आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016, सुलभ भारत अभियान, अद्वितीय विकलांगता पहचान पत्र परियोजना के कार्यान्वयन की स्थिति,डीडीआरएस, डीडीआरसी और राष्ट्रीय कार्रवाई के कार्यान्वयन से संबंधित मामले निःशक्तजनों के कौशल विकास की योजना, निःशक्तता पेंशन,बोर्ड ने पिछले दो वर्षों के दौरान विकलांग व्यक्तियों के अधिकारिता विभाग में केंद्र सरकार द्वारा की गई पहलों और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों में प्रस्तावित संशोधन पर भी ध्यान दिया।बोर्ड ने दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 में प्रावधान से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से विचार किया।बैठक में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लद्दाख और लक्षद्वीप को छोड़कर सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्री और सभी राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों / विभागों, राष्ट्रीय संस्थानों और अन्य केंद्र सरकार के संगठनों के प्रतिनिधि और दिव्यांग व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले नामित सदस्य और उनके संघों ने बैठक में भाग लिया।

### दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के साथ एग्रीमेंट करना केजरीवाल सरकार की नाकामयाबी - चौ0 अनिल कुमार

(हरेश उपाध्याय, नीरज अवस्थी) दिल्लीः-दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भविष्य के लिए घोषणाऐं करके दिल्लीवासियों के लिए बनी



योजनाओं को पीछे छोड़ दिन प्रतिदिन दिल्लीवासियों को गुमराह करके लगातार झूठ बोल रहे हैं।खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतू मिशन एक्सीलेंस स्कीम केजरीवाल की अगली गुमराह करने वाली योजना है। क्या केजरीवाल सरकार के पास भविष्य में खिलाड़ियों को निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ने के लिए कोई योजना है? जबकि उन्हांने यह कहकर खिलाड़ियों का अपमान किया है कि 130 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ चंद मेडल ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल पाते है।चौ0 अनिल कुमार ने मिशन एक्सीलेंस स्कीम के तहत केजरीवाल द्वारा सिर्फ 60 खिलाड़ियों को आवेदन के बाद आर्थिक मदद के लिए 9.5 करोड़ रुपये के चेक बांटने पर कहा कि केजरीवाल का यह दावा कि किसी भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी को तैयारी के लिए भविष्य में अब आर्थिक संकट नही होने देंगे। क्या केजरीवाल सरकार द्वारा खिलाड़ियों को दी गई आर्थिक मदद से एक खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय स्तर की तैयारी कर सकता है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार को कमेटी द्वारा चयनित खिलाड़ियों की आर्थिक मदद करने की बजाय उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने की पूरी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल सिर्फ सपने दिखाने का काम करते हैं।

### खैर जट्टारी नगर पंचायत में चलाया गया पॉलीथिन हटाओं अभियान

रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़

अलीगढ़ खैर तहसील क्षेत्र के कस्बा जट्टारी में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, अपर-जिलाधिकारी राकेश पटेल के आदेश के क्रम में अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सक्सैना एंव अमित कुमार अत्री वरिष्ट लिपिक द्वारा पॉलीथिन अभियान चलाया गया जिसमें सभी दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे - गिलास, चम्मच, पत्तल, दौना आदि अन्य किसी भी प्रकार की प्लास्टिक युक्त वस्तुओं के प्रयोग ना करने के लिए चेतावनी दी गई व इसके अलावा दुकानदारों को अपने अतिक्रमणों को नाले के ऊपर अस्थाई/स्थाई नही करेगा। यदि उक्त सामग्री का प्रयोग करते हुए व अतिक्रमणों को लगाते हुए कोई भी दुकानदार पाया गया तो उसके खिलाफ जुमार्ने की कार्यवाही के साथ-साथ दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी जिसका जिम्मेदार दुकानदार स्वंय होगा।
इस मौके पर गुलवीर सिंह लिपिक, संजय कुमार, रौदास जमादार आदि अन्य कर्मिक व पुलिस बल मौजूद रहा।

## 26वॉं सिंधु दर्शन उत्सव लेह में संपन्न: डॉ. जौली

समाज जागरण

(हरेश उपाध्याय, नीरज अवस्थी) :-लेह-लद्दाखः-आज सिंधु घाटी, लेह लद्दाख में 26वॉं सिंधु दर्शन उत्सव धूम-धाम से संपन्न हुआ। देश की एकता व अखण्डता तथा एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए केंद्र शासित प्रदेश लेह - लद्दाख के उपराज्यपाल राधा कृष्णा माथुर के कर कमलों द्वारा इस राष्ट्रीय उत्सव का उद्घाटन हुआ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक इन्द्रेश कुमार जी के नेतृत्व में 1800 श्रद्धालू लेह पधारे। सबने बड़े उत्साह से भाग लिया। हाथों में भारत का तिरंगा लहराते हुए हजारों देशवासियों ने गीत व संगीत की धूनों पर नृत्य किया।इस कार्यक्रम में शंकराचार्य जगत गुरु श्री श्री 1008 वासुदेवानंद सरस्वती -ज्योतिर्मठ, बुद्ध धार्मिक नेता 8वें पलगा रिंपोछे जी, महाभारत टीवी धारावाहिक में युधिष्ठिर की भूमिका निभा चुके तथा हिमालय परिवार राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेन्द्र चौहान, प्रसिद्ध सिंधी



गुरु शदानी दरबार संत युधिष्ठर लाल जी, लेह सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल, उत्तर प्रदेश मंत्री कपिल अग्रवाल, हरियाणा मंत्री कंवर पाल गुर्जर व दिल्ली पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन सिंधु दर्शन यात्रा उत्सव समिति महामंत्री भूपेंद्र कंसल ने कुशलता पूर्वक किया।वर्ष 1997 में गृह मंत्री भारत सरकार श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी ने सिंधु दर्शन उत्सव की शुरूआत की थी। वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी भी यहां पधारे थे। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सिंधु नदी पर पूजा अर्चना की थी। और फिर भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी पधारे थे।वर्तमान में 24 जून 2022 को सिंधु दर्शन यात्रा उत्सव, सिंधु घाटी पर आयोजित भव्य कार्यक्रम को लेह उप-राज्यपाल आर0के0 माथुर जी ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए इस उत्सव की भूरी-भूरी प्रसंशा की। तथा इसके द्वारा प्रदेश में धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बधाई दी।

### खैर जट्टारी किसान के बेटे का उत्तर प्रदेश पुलिस में उप-निरीक्षक पद पर हुआ चयन

रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़

अलीगढ़ खैर जट्टारी विकास खण्ड टप्पल के गांव देवका नगला में किसान के बेटे का उत्तर प्रदेश पुलिस में उप-निरीक्षक पद पर हुआ चयन होने पर ग्रामीणों व परिजनों ने मिष्ठान वितरण कर हर्ष प्रकट किया।



बता दें कि विकास खण्ड टप्पल के गांव देवाका नगला निवासी विकास शर्मा पुत्र स्व0 रमेश चन्द्र शर्मा का उत्तर प्रदेश पुलिस में उप-निरीक्षक पद पर हुआ चयन होने पर परिजनों व ग्रामीणों ने विकास को मिष्ठान खिलाकर व फूलमाला आदि पहनाकर हर्ष प्रकट करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। बताया जाता है कि विकास शर्मा के पिता का असमय निधन होने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही होने के कारण विकट परिस्थितियों में अपनी मेहनत लगातार करते हुए इस मुकाम को हासिल की अपने पिता का सपना पूरा किया। विकास शर्मा के दादाजी स्व0 शिवध्यान शर्मा कानूनगो रहे है।
इस मौके पर हरीशरण शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, चन्द्रपाल शर्मा, प्रहलाद शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, दिनेश शर्मा, शिवकान्त शर्मा, विनोद शर्मा, अनुज शर्मा, श्वेता शर्मा, प्रियंका शर्मा आदि अन्य परिजन मौजूद रहे।

### एडीए ने हरीपर्वत वार्ड - 2 में अवैध निर्माण किया सीले

आगरा । एडीए के उपाध्यक्ष डॉ राजेंद्र पेन्सिया के निर्देश पर प्रवर्तन विभाग ने अवैध निर्माण पर अपना शिकंजा कस दिया है इसी कड़ी में एडीए के प्रवर्तन दल ने ने आज हरीपर्वत वार्ड -2 में एक अवैध निमार्णों पर सीलिंग की कार्यवाही की गई । हरीपर्वत वार्ड-2 में भानु प्रताप चौहान के प्रीत ट्रेक्टर एजेंसी एन० एच -2 पर पूर्व निर्मित भवन के आंशिक भाग पर बिना स्वीकृति के शटर लगाया गया था । जिसके



बाद इस अवैध निर्माण पर उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 28 (क-1) के अंतर्गत सील की कार्यवाही की गई । सीलिंग की यह कार्यवाही एडीए संयुक्त सचिव प्रथम सुशीला अग्रवाल के निर्देशन में की गई।
सहायक अभियंता वी. एन. सिंह के नेतृत्व में जे. ई.मनोज कुमार राठौर पुलिस बल एवं प्रधिकरण के सचल दस्ते के साथ संपन्न की गई।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध को लेकरे जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा - यशवर्द्धने श्रीवास्तव

आगरा (वी एन मिश्र) सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में 29 जून से 3 जुलाई तक वृहद जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।जिसको लेकरे एक बैठके कलक्ट्रेट सभागार आगरा में आयोजित की गई ।
इसे बारे में जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व यशवर्द्धन श्रीवास्तव ने बताया उपर्युक्त विषयके में शासन द्वारा एकल उपयोग वाली प्लास्टिक के कचरे से होने वाले प्रदूषण को कम करने हेतु अभियान चलाये जाना है । जिसके लिये प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने निर्देश दिये गये हैं।
उन्होंने बताया कि शासन के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा नगर विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश में दिनांक 29 जून से 03 जुलाई तक सिंगल यूज प्लास्टिक के



एकत्रीकरण, पुनर्चक्रण तथा उसके सम्बन्ध में लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू कराये जाने के उद्देश्य से वृहद जन जागरूकता अभियान आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के दो अंग होंगे । जिसमे प्रदेश के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थल, बस अडडे, बाजार, मण्डी, रेलवे लाईन व रेलवे स्टेशन, कार्यालय परिसरों, शैक्षिक संस्थानों के परिसरों, खाली पड़ी भूमि, घाट एवं नदी-नालों के किनारे इत्यादि स्थलों पर व्यापक जन सहयोग एवं राजकीय संसाधनों की सहायता से प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्रित कराते हुये उसे ब्राण्ड ओनर्स एवं री-साईक्लर्स के माध्यम से निस्तारित कराया जाना है। यशवर्द्धन श्रीवास्तव ने बताया कि आगरा में भी सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में वृहद जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इस संबंध में कलक्ट्रेट सभागार आगरा में एक बैठक आयोजित गई । इस बैठक में समस्त अधिशासी अधिकारी अपनी-अपनी निकायों की कार्ययोजना के साथ भाग लिया ।

### सेक्टर-20 थाना क्षेत्रांतर्गत आग लगने पर फायर कर्मियों द्वारा अपनी जान पर खेलकर 13 लोगों की बचाई जान

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के नेतृत्व में उनके अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी गण अपने दायित्वों का निरंतर स्तर पर बहुत ही दृढ़ता के साथ निर्वहन कर रहे हैं। नोएडा में आगजनी की घटना पर काबू पाने के उद्देश्य से फायर सर्विस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए आग पर काबू पाया गया वहीं दूसरी ओर 13 लोगों की जान भी बचाई गई।
आज दिनांक 24/06/2022 को सुबह 10:22 बजे थाना सेक्टर- 20 क्षेत्रांतर्गत डी-11, सेक्टर-20 में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, जिसपर तत्काल फायर यूनिट द्वारा घटनास्थल पर पहुंचा गया। घटनास्थल पर पहुंचने पर ज्ञात हुआ कि आग डॉक्टर के.सी सूद के आवास में प्रथम तल पर लगी थी। पीवीसी की पैनलिंग, फाल्स सीलिंग व फर्नीचर के फोम इत्यादि के कारण मकान में भयंकर लपटों के साथ काला और घना धुआं फैला हुआ था। फायर यूनिट द्वारा तत्काल आग बुझाना आरंभ किया गया। उसी समय यह भी ज्ञात हुआ कि भवन के प्रथम और द्वितीय तल पर कुछ लोग फंसे हुए हैं। इन दोनों तलों पर पूरा धुआं भरा हुआ था। ऊपर जाने के लिए सीढ़ी में भी घना धुंआ



भरा हुआ था, वहाँ ताप भी अत्यधिक था। ऐसी परिस्थितियों में ऊपर जाना असंभव सा प्रतीत हो रहा था, किन्तु फायर सर्विस की टीम ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अदम्य साहस और कर्मठता का परिचय देते हुये ब्रीदिंग ऑपरेटस सेट पहनकर पानी की बौछारों के बीच घने धुएं और ताप के बीच से होकर प्रथम और द्वितीय तल पर पहुंचकर बड़ी तत्परता से दोनों तलों पर आग में फँसे कुल 13 लोगों को आग व धुयें से सुरक्षित निकालते हुए, छत के माध्यम से पड़ोस की छत पर सीढ़ी लगाकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुल चार फायर टेंडरों के माध्यम से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। घटनास्थल पर सीएफओ अरुण कुमार सिंह व थाना प्रभारी फेज-1 मौजूद थे। इस बड़ी अग्निदुर्घटना में डॉ0 के.सी. सूद, उनकी पत्नी, बहू, पोती सहित उनके कर्मचारीगण प्रथम और द्वितीय तल पर आग और धुयें में फंसे थे। डॉ0 के.सी.सूद द्वारा फायर सर्विस टीम की त्वरित कार्यवाही कर सभी को सुरक्षित बचाने की कार्यवाही पर न केवल धन्यवाद दिया गया अपितु भूरि-भूरि प्रशंसा भी की।
अग्निशमन कार्य करते समय फायर सर्विस के दो कर्मचारियो (लीडिंग फायरमैन महिपाल सिंह व फायर मैन निजामुद्दीन) की धुंये व ताप की वजह से तबियत खराब होने पर उन्हें सेक्टर-26 स्थित अपोलो हॉस्पिटल भेजा गया। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह द्वारा इन कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए इनके साहस भरे कार्य की सराहना की गई एवं ज्वाइंट सीपी लव कुमार द्वारा अपोलो अस्पताल पहुंचकर भर्ती कर्मचारियों का कुशलक्षेम प्राप्त कर, उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की गयी।

### यूपी रोडवेज की चलती बस में लगी आग, यात्रियों ने बस से कूद कर जान बचाई

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा यात्रियों को लेकर आनंद विहार से बुलंदशहर जा रही यूपी रोडवेज की चलती बस में अचानक आग लग गई। जिसके कारण अफरा-तफरी मच गई। ड्राइवर ने बस को रोककर यात्रियों को सही सलामत बाहर निकाल लिया और फायर बिग्रेड को फोन किया। फायर बिग्रेड की गाड़ी के घटनास्थल पर पहुंचने तक आग तेजी से फैली और बस को पूरी अपनी चपेट में ले लिया और बस धू-धू कर जलने लगी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।` लेकिन तब तक बस जलकर खाक हो गई थी। नेशनल हाईवे 91 पर नई बस्ती गेट के पास बस में उस समय अचानक आग लग गई जब बस यात्रियों को लेकर आनंद विहार से बुलंदशहर जा रही। बस से पहले बस के इंजन से अचानक से धुआं निकलने` लगा। जिसे देख ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए बस को साइड में बस रोक लिया। धुआं देख यात्रियों के बस से उतरने के लिए अफरा-तफरी मच गई। लोग तेजी से नीचे उतर गए। इतनी देर में आग ने बस में आग फैल चुकी थी। आग की लपटें निकलने लगीं। बस में आग लगी उसी दौरान फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दे दी गई। इसके बावजूद भी दमकल की गाड़ी एक घंटे बाद पहुंची। जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक पूरी बस जल चुकी थी। इसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग को बुझाया। दादरी थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि चलती बस में अचानक से आग लग गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई। समय रहते सभी लोग बस से नीचे उतर गए हालांकि, बस पूरी तरह से जल गई है। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट-सर्किट होने के चलते ही बस में आग लगी थी।

### हरदोई से पहला जत्था बाबा बफानीं के दर्शन के लिए रवाना

*श्री हर-हर महादेव सेवा मंडल जम्मू के लिए ट्रेन पर सवार*

समाज जागरण/ अखिलेश सिंह हरदोई । श्री हर-हर महादेव सेवा मंडल की ओर से बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए पहला जत्था जम्मू के लिए आज रेलवे स्टेशन से सियालदह एक्सप्रेस पर बैठकर रवाना हुआ, बड़ी संख्या में लोगों ने श्री हर-हर सेवा महादेव सेवा मंडल के सदस्यों को स्वागत कर व माला पहना कर रवाना किया। सेवा मंडल बाबा बफार्नी ,वैष्णो देवी, शिवखोड़ी आदि के दर्शन करेगा। सेवा मंडल




में प्रमुख रूप से रामबाबू, अमित पांडे, वीरेंद्र उर्फ वीरू, कमलेंद्र दीक्षित, राकेश त्रिपाठी ,प्रमोद ,दिनेश शक्ति, इंद्रजीत, अमित द्विवेदी, दीपक सिंह, विमल चंद्र मिश्रा, रामपाल व कमल ट्रेन से रवाना हुए।

### अपनी मांग को लेकर ऑटो ड्राइवरों ने आर टी ओ कार्यालय पर किया प्रर्दशन

समाज जागरण

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा की सड़कों पर ऑटो टैक्सी चलते हुए तो देखें ही होंगे। क्या आपने कभी इस पर विचार किया, कि नोएडा में कोई भी वैध ऑटो स्टैंड नहीं हैं। वहीं, ऑटो ड्राइवर बताते हैं कि ऑटो जहां भी रूकी, तुरंत ट्रैफि क पुलिस की सीटी की आवाज कानों में सुनाई



देने लगती है। और यात्रियों को उतारने से पहले ही ऑटो का चालान कट जाता है। ऐसे ही कई समस्याओं के समाधान के लिए सैकड़ों ऑटो ड्राइवरों ने नोएडा के सेक्टर- 33 में स्थित आरटीओ ऑफि स का घेराव किया। ऑटो ड्राइवरों ने किसान यूनियन के साथ मिलकर आरटीओ ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान ऑटो ड्राइवरों का कहना है कि दिल्ली की तर्ज. पर नोएडा में भी ऑटो चले, और जिले में एक परमिट बनाया जाए, जिसके हिसाब से ऑटो चलाया जाए। इसके साथ ही प्रर्दशन कर रहे ऑटो चालकों ने कहा कि ज़िले में एक भी वैध ऑटो स्टैंड नहीं है, अधिकारियों को इस मामले में सज्ञान लेना चाहिएं।

### अलीगढ़ डीएम व एसएसपी अलीगढ़ ने नगर का किया भ्रमण

रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़

अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने एसएसपी कलानिधि नैथानी के साथ



जनपद में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए देहली गेट,गूलर रोड,नादा पुल, चरखवालान,सराय मिया, तुर्कमान गेट,भुजपुरा,जयगंज, सराफा बाजार, ऊपरकोट क्षेत्र में सघन भ्रमण किया।
आमजन में सुरक्षा व प्रशासन के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से शहर क्षेत्र के मिश्रित आबादी व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर व्यापारियों दुकानदारों से किया संवाद।

### खैर एसडीएम ने विभिन्न शराब की दुकानों का किया-निरीक्षण

रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़

अलीगढ़ खैर एसडीएम संजय मिश्रा ने अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन पर आबकारी इंस्पेक्टर के साथ खैर में शराब की विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही एसडीएम खैर ने तहसील की राजस्व टीम के साथ कस्बा खैर में



मरघट के गाटा संख्या 1456 और गाटा संख्या 1455 की जांच की।

### खैर कोतवाली पुलिस ने अपहरण के आरोपी को भेजा जेल

रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़

अलीगढ़ खैर कोतवाली पुलिस ने अलीगढ़ एसएसपी कलानिधि नैथानी के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार केक तहत कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे अपहरण के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।




खैर कोतवाली के उप निरीक्षक पवन कुमार ने गश्त के दौरान उन्होने अरार्ना कांटे से कोतवाली में दर्ज अपहरण के मुकदमे में फरार चल रहे हनी उर्फ कुलदीप पुत्र सोनू उर्फ महेश निवासी गोदोंली को गिरफ्तार किया। बाद में आरोपित को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अलीगढ़ डीएम ने कलक्ट्रेट में फरियादियों की समस्याओं को सुना, समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश।

रिपोर्टर लक्ष्मन सिंह राघव खैर अलीगढ़

अलीगढ़ डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने आज कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन में सुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।



जिलाधिकारी जनता दर्शन में आये फरियादियो की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

## जुमें की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में हुई अदा, ड्रोन कैमरा से रही निगरानी

समाज जागरण संवाददाता समाज जागरण

**बहेड़ी।** कानपूर में हुए पथराव के बाद गरमाये माहौल को देखते हुए नगर में शुक्रवार को जुमे की नमाज खाकी के पहरे में अदा की गयी। शहर भर में ड्रोन कैमरों से पूरे नगर पर निगाह रखी गयी इस दौरान सीओ तेजवीर सिंह व कोतवाल सतेंद्र भड़ाना ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्ग पर पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। नगर भर में पैदल गश्त के दौरान ड्रोन कैमरों से मकानों की छतों को देखा गया था। दो दिन पहले अमन कमेटी की मीटिंग आयोजित कर पुलिस द्वारा नगर के गणमान्य लोगों व धर्म गुरुओं से शांति व्यवस्था बनाने की अपील की गई थी शुक्रवार को नगर भर में मस्जिदों में जुमे की नमाज शांतिपुर्वक अदा की गयी। सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के बाहर पुलिस बल की तैनाती रही। कानपुर हिंसा के बाद से ही पुलिस चौकन्नी नजर आयी सीओ तेजवीर सिंह ने कहा शरारती तत्वों ने यदि कहीं भी शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास किया तो सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। शहर में नमाज शांतिपूर्ण पढाई गई है। नमाज का समय मस्जिदों में अलग अलग है। शांति व्यवस्था के मद्देनजर नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी।



## बिजली मीटर को सही कराने के लिए चक्कर काट रहा बुजुर्ग।

दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा

**नूरपुर।** बिजली के नया मीटर लगवाने वाले उपभोक्ता आजकल काफी परेशानी झेल रहे हैं। अगर किसी उपभोक्ता ने नया मीटर अप्लाई किया है तो उसे एक महीना से ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा है। यही नहीं, लोग अपना काम करवाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने की दिक्कत भी झेल रहे हैं। नगर के वार्ड नंबर 25 के निवासी रईस अहमद के घर का मीटर टूटा पडा है व बिजली सप्लाई मे परेशानी हो रही है। गुरुवार जब बुजुर्ग अपने साथी मोहसिन को लेकर खराब पडे मीटर को सही कराने की ऐप्लिकेशन बिजली दफ्तर पर तैनात एक बिजली कर्मी दी।इसी उस अधीकारी ने बुजुर्ग का साथ अभद्रता करते हुए।पैसे लेकर काम करने की बात कही।बुजुर्ग रईस अहमद ने बताया की दो सप्ताह से बिजली मीटर टूटा पडा है ओर सप्लाई भी बाधित है। जिसको लेकर दो सप्ताह से बिजली दफ्तर के चक्कर काट रहा हूँ। दफ्तर पर तैनात बिजली कर्मी ने पैसे लेकर काम करने की बात करते हुए वहा से भगाने लगा।उपभोक्ता शिकायत लेकर जाते है।जिसके बावजूद सुनवाई नहीं हो रही। हालांकि नियमानुसार हफ्ते में मीटर लगाना होता है।लेकिन उपभोक्ता दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। कभी बॉक्स न होने की बात कहकर तो कभी केबल का इंतजाम करने की बात कहकर लौटा दिया जाता है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिना पैसे दिए काम नहीं होता।



## बिजली की समस्याओ से जूझ रहे ग्रामीण ग्राम प्रधान ने सोंपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा

**नूरपुर।** बिजली संकट इस समय शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो मे भी बना हुआ है।शहर के साथ कई गांव ऐसे है जो इस समस्या से जूझ रहे है।उपभोगताओ की शिकायत के बाद विभाग इनकी शिकायतो का निवारण नही कर पा रहे है।विभागीय अधिकारियो बहतर आपूर्ती का दावा धरातल पर धाडाम होता जा रहा है।इसी समस्या को लेकर क्षेत्र के ग्राम रूपपुर के ग्रामीणो ने ग्राम प्रधान उत्तम सिंह को लेकर समस्याओ के निवारण को लेकर एक ज्ञापन आधिशासी अभियंता को दिया।ज्ञापन मे कहा गया की रूपपुर ग्रामीण के पुराने बिजली बिल जो रुके हुए है। उसके निवारण के लिए।विभाग के कर्मचारी मनमाने ढंग से रीडिंग लेकर विद्युत उपभोक्ताओं को लगातार बढ़े हुए बिल दे रहे हैं।गांव की बिजली ज्यों की त्यों बनी हुई है।ग्रामीण किसानो को खेतो की सिचाई व रोशनी के लिए परेशान होना पड रहा है जैसी समस्याओ से अवगत कराया।



### योग महोत्सव कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में हुई सराहना

दैनिक समाज जागरण संभल।

हिंदू जागृति मंच ने नगर पालिका परिषद के मैदान में आठ दिवसीय योग महोत्सव के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्ति की। सभी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कार्यकताओं के उत्साह और समर्पण की प्रशंसा की गई। श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित हिंदू जागृति मंच की बैठक में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। 5 बार गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। तत्पश्चात 14 जून से 21 जून तक चले नगर पालिका परिषद के विशाल मैदान में योग महोत्सव आयोजन की समीक्षा बैठक प्रारंभ हुई। जिसमें विचार रखते हुए अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि हिंदू जागृति मंच के प्रत्येक कार्यकर्ता ने अपना शत प्रतिशत योगदान कार्यक्रम की सफलता हेतु दिया। उन्होंने कहा कि प्रथम बार 8 दिन तक योग महोत्सव नगर पालिका परिषद के विशाल मैदान में किया जाना स्वाभाविक रूप से गर्व और गौरव की बात रही। जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद के स्टाफ के पूर्ण सहयोग की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उन्होंने इस विशालकाय आयोजन का श्रेय नगर पालिका परिषद के स्टाफ तथा हिंदू जागृति मंच के ओजस्वी और परिश्रमी कार्यकताओं को दिया। मंच के नगर महामंत्री श्याम शरण शर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद में लगभग 700 से 1000 तक योग प्रशिक्षुओं की उपस्थिति सिद्ध करती है कि नगर पालिका परिषद का 21 जून का कार्यक्रम आशा और अपेक्षा से अधिक सफल रहा। कार्यक्रम में हिंदू जागृति मंच के सहयोगी अनेक संगठन प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करते रहे। नगर पालिका परिषद के स्टाफ का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। साथ ही ग्रामीण अंचल से आए समर्पित सदस्यों की भूमिका स्मरणीय रही। प्रांत महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने हिंदू जागृति मंच द्वारा कार्यक्रम के प्रचार प्रसार तथा अन्य व्यवस्थाओं में हिंदू जागृति मंच के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिसे संगठन के सभी सदस्यों ने मौके पर ही अपनी हिस्सेदारी समर्पित कर दी। अजय कुमार शर्मा ने कहा कि हिंदू जागृति मंच के जिन ऊजार्वान सदस्यों और नगरपालिका के सामर्थ्यवान स्टाफ तथा जिला प्रशासन के दूरगामी दिशा निर्देश के कारण आठ दिवसीय महोत्सव सफलता की ऊंचाई को छू सका है। उन सभी कार्यकताओं का सम्मान समारोह इसी माह जून के अंत में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी प्रत्यक्ष सहयोगियों को आमंत्रित करके उन्हें समारोह पूर्वक पुरस्कृत किया जाएगा। समीक्षा बैठक में प्रत्येक कार्यकर्ता की तथा प्रत्येक व्यवस्था की समीक्षा की गई। परस्पर एक दूसरे को श्रेय देते हुए आभार व्यक्त किया गया। समीक्षा बैठक में अरविंद शुक्ला, सुभाष चंद्र मोंगिया, सुभाष चंद्र शर्मा, सरिता गुप्ता, सुबोध कुमार गुप्ता, राजेंद्र गुर्जर, विष्णु कुमार, अमित शुक्ला, नरेश शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता हिंदू जागृति मंच के मंडल अध्यक्ष अनन्त कुमार अग्रवाल ने की तथा संचालन नवनीत कुमार ने किया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार पूरे राष्ट्र के लिए अनुकरणीय नगर अध्यक्ष

दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा

**नूरपुर।** नगर के वैध जी काम्प्लेक्स स्थित भाजपा कार्यालय में नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी की अध्यक्षता मे स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी सहित कार्यकार्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की।नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी ने कहा कि महान चिंतक, जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रप्रेमी व्यक्तित्व के स्वामी थे। इनके जीवनशैली हम लोगो के लिए आदर्श है। उन्होंने ही एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नही चलेंगे नही चलेंगे जैसे नारे दिए। उन्होने बताया कि देश की एकता और अखंडता को लेकर श्याम प्रसाद मुखर्जी ने आंदोलन चलाया था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार न सिर्फ भाजपा के लिए अपितु सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन में जो कार्य किए वो उस समय से बहुत आगे के थे। उन्हीं के प्रयासों से ही आज पश्चिम बंगाल और कश्मीर भारत के अभिन्न अंग हैं।नगर मे जगह जगह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथी को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।इस मोके पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकार्ता मौजूद रहे.



## भारतीय किसान यूनियन (भानु ग्रुप)ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक जागरण बिजनौर

**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन (भानु ग्रुप ) ने खो नदी में अवैध खनन को लेकर उप जिलाधिकारी की अनुपस्थित में तहसीलदार अबनीश कुमार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन भानु ग्रुप के जिला अध्यक्ष रोहिताश सिंह ने अपने ज्ञापन में खनन ठेकेदार के विरुद्ध पोकलेन जेसीबी के द्वारा 15 से 20 फीट गहरे गड्ढे खोदकर अवैध खनन किया जा रहा है जिस कारण नदी के आसपास काम करने वाले किसानों वह मजदूरों वह पशु चराने वाले चरवाहों की जान का खतरा बना हुआ है लगभग 5 महीने पूर्व ठेकेदारों द्वारा किए गए अवैध खनन के गड्ढों में डूबकर एक बच्चे की जान जा चुकी है तथा कई पशुओं की भी जान गड्ढों में डूब कर जा चुकी है किंतु ठेकेदार के रसूल नैतिक दबाव के कारण कोई भी आम आदमी इन ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने से डरते हैं ठेकेदार द्वारा शासन से भी प्राप्त परमिशन से अधिक क्षेत्र में खनन किया जा चुका है अवैध खनन से पर्यावरण भी दूषित हो रहा है खनन ठेकेदार व ट्रांसपोर्टर की मिलीभगत से सभी ट्रक ओवरलोडिंग कर कई चक्कर लगा रहे हैं जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है और लोडिंग के कारण गांव व क्षेत्र की सभी सड़कें टूट चुकी है जिससे क्षेत्र के लोगों को आने जाने में अत्यधिक परेशानी हो रही है क्षेत्र के लोगों में अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग को लेकर अत्यधिक रोष है यदि अवैध खनन रोक नहीं लगेगी तो भारतीय किसान यूनियन भानु ग्रुप को धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ेगा इस मौके पर जिला अध्यक्ष रोहिताश सिंह धूम सिंह प्रधान अब्दुल हई शौकीन सिंह नफीस अहमद चौधरी अनिल कुमार जोगिंदर सिंह जीतेंद्र हुड्डा रामोद कुमार आदि उपस्थित रहे.



## द्वारिकेश सुगर इण्डस्ट्रीज ने हवन-पूजन कर किया नवीन आसवनी का शुभारम्भ

समाज जागरण संवाददाता समाज जागरण

**बरेली।** फरीदपुर समीप स्थित द्वारिकेश सुगर इण्डस्ट्रीज परिषर में पुरोहितों द्वारा गणेश,पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ मन्त्रोंच्चारण के साथ द्वारिकेश प्रमुख आरके,गुप्ता एवँ महाप्रबंधक अजय कुमार अवस्थी द्वारा 175 किलो लीटर अर्थात पौने दो लाख लीटर प्रतिदिन इथेनॉल निर्मित करने बाली नवीन आसवनी का शुभारम्भ किया।कार्यक्रम में द्वारिकेश परिवार समेत तमाम गड़मान्यों तथा किसानों ने भाग लिया जहाँ आरके गुप्ता एवँ श्री अवस्थी ने हवन- पूजन पष्चात शिलापट का अनावरण किया।आरके गुप्ता, अजय कुमार अवस्थी,प्रवीण कुमार सिंह शेखावत,सलिल आर्य,बीबी सिंह,सुदर्शन सिंह शेखावत, एसपी सिंह,रमेश परशुराम पुरिया शत्रुघन सिंह शेखावत और एसके राणा समेत आदि अधिकारीगणों ने आसवनी पावर प्वाइंट पर फूलमाला चढ़ाने के साथ नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया।सामूहिक आरती गुणगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।आरके गुप्ता ने बताया कि 15 जुलाई 2021को उक्त आसवनी का निर्माण प्रारम्भ हुआ था एक बर्ष करीब आज शुभारम्भ किया गया।द्वारिकेश इकाई के चेयरमैन आर,मोरारका ने वर्चुअल द्वारा कर्मचारियों की अथक मेहनत व सफलता पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की तथा किसानों आदि को बधाई दी।श्री मोरारका ने प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी 20 प्रतिशत पेट्रोलझ इथेनॉल मिश्रण योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने के योगदान पर कटिबद्धता जताई।भारत एवँ प्रदेश सरकार समेत जिला प्रशासन द्वारा त्वरित लाइसेन्स जारी करने हेतु धन्यवाद दिया।प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण सिंह शेखावत ने बताया कि द्वारिकेश इकाई समेत बहार से खरीदे जाने बाले सीरे से इथेनॉल तैयार किया जाएगा जो पेट्रोल आदि मिश्रण के काम आएगा।इथेनॉल बनने के बाद शेष बचे मैटेरियल से डीएपी खाद एवँ मरीजों उपयोगी गैस,आदि निर्मित की जा सकेगी।





### जुमे की नमाज और अग्नीपथ के माहौल को देखते हुए पुलिस रही अलर्ट पुलिस क्षेत्र अधिकारी इंदू सिद्धार्थ

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।** क्षेत्र के अंतर्गत आज दोपहर जुमे की नमाज और चल रहे अग्निपथ के माहौल को देखते हुए। धामपुर पुलिस अलर्ट रही लगातार कोतवाली प्रभारी माधो सिंह बिष्ट नगर में पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे थें पुलिस द्वारा सड़कों पर पुलिस की टीम गश्त करती दिखाई दी। पुलिस की टीम पूर्ण तैयारी के साथ दिखाई दी। और टीमने पूरे शहर में गश्त किया। गश्त करने का कारण समाज में पुलिस के द्वारा शरारती तत्वों में में खौफ पैदा करना है। और जो भी अराजक तत्व माहौल को खराब करता पाया जाता है । तो उसके विरुद्ध पुलिस द्वारा ठोस कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से कहा। की शांति बनाए रखे आपका और हमारा फर्ज बनता है। उन्होंने कहा है कि जो भी व्यक्ति धामपुर का माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करता है। तो इसकी सूचना आप पुलिस को दे। उन्होंने कहा कि जुमे की नमाज नगर में अपने टाइम के अनुसार शांतिपूर्ण संपन्न हुई जमा मस्जिद फल चौक पहाड़ी दरवाजा आयशा मस्जिद महल सराय पक्का बाग नई सराय अन्य सभी मस्जिदों में नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई लोग बाग नमाज पढ़ कर अपने घरों को चले गए नगर में पूर्ण रूप से शांति रही ।पुलिस ने भी राहत की सांस ली।









## विदेश भाग रहे आरोपित पति को पुलिस ने किया एयरपोर्ट से गिरफ्तार

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।** स्योहारा : दो माह पूर्व दहेज हत्याकांड के आरोपित पति को पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । आरोपित पति विदेश भागने की फिराक में था` पुलिस ने उसका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया ।

18 अप्रैल को क्षेत्र के गांव हरौली मे अमीसा पत्नी कोलिन्दर की आग से जलने पर मौत हो गयी थी । जिसमे अमीसा के पिता नें थाने मे तहरीर देकर अमीसा के ससुराल पक्ष पर मुकदमा दर्ज कराया था । मृतका के पिता महेंद्र सिंह ने आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री की शादी को 6 वर्ष हुए है और एक पुत्र आयुष भी है लेकिन ससुराल पक्ष वाले उसकी पुत्री को दहेज के लिए प्रताडित करते थे । दहेज न मिलने पर अमीसा का पति कोलिन्दर सास बिरमों, ससुर रामसिंह, नंनद अंजू, जेठानी अशोका, नंदोई हरेंद्र दहेज की मांग करते थे। जिन्होंने अमीसा को कैरोसिन डालकर जला दिया था। जिसमे अमीषा की उपचार के दौरान दिल्ली में मौत हो गई थी` तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया । पुलिस ने सास ससुर व नन्दोई को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था` आरोपित पति कोलेन्द्र पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था` थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपित कोलेन्द्र को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया गया है` आरोपित विदेश भागने की फिराक में था` आरोपित का चालान कर न्यायालय भेज दिया गया है



## सपा नेता चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार हाजी मोहम्मद फैसल ने पेयजल शिविर लगाया

दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

**नजीबाबाद।** सपा नेता व चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार हाजी मोहम्मद फैसल ने लगाया पेयजल शिविर। शुक्रवार को मोहल्ला रमपुरा में शफात खान वाली मस्जिद के निकट लगाए गए शिविर में सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। इस मौके पर हाजी मोहम्मद फैसल ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते जहां आम आदमी परेशान हैं ,वहीं जंगलों में रहने वाले पशु पक्षी भी काफी परेशान हैं ।इस मौके पर उन्होंने अल्लाह से रहमत की बारिश की दुआ की ।उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन होते रहना चाहिए ,जिससे राहगीरों व सड़क पर पैदल चलने वाले लोगों को काफी राहत मिलती है पेयजल शिविर में सभासद फुरकान अहमद, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, कुलदीप सिंह ,नरेंद्र प्रजापति, व हाजी फुरकान अहमद ,नदीम अंसारी ,गुलफाम अहमद, इमरान अहमद ,राष्ट्रीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव फरमान अहमद,जरार अहमद ,मोहम्मद अरशद ,हाजी कासिम आदि शामिल रहे।



## ताज मार्बल स्टोर का हुआ भव्य उद्घाटन

शमीम अहमद सिद्धकी दैनिक समाज जागरण

**बिजनौर** नजीबाबाद आपको बता दे जनपद बिजनौर के नजीबाबाद मे हरिद्वार रोड पर अदब सिटी के निकट ताज मार्बल स्टोर का भव्य उद्घाटन हुआ ताज मार्बल स्टोर के ऑनर हाजी मोहम्मद जानी के बेटे मोहम्मद जाहिद निवासी नजीबाबाद ने बताया कि हमारे यहां पर सभी कंपनियो की टाइल्स व पत्थर की वैरायटी गारंटी के साथ उचित मूल्य पर उपलब्ध है हमारी एक ब्रांच काफी समय से साबरी मार्बल स्टोर के नाम से मंडी समिति के निकट उपलब्ध है साबरी मार्बल स्टोर बहुत कम समय मे अच्छी क्वालिटी वह उचित दामो की वजह से जिला बिजनौर के जाने-माने मार्बल स्टोरो मे जाना जाता है इस अवसर पर ताज मार्बल स्टोर के ऑनर मोहम्मद जाहिद की ओर से पत्रकार बंधुओं वह शहर के गणमान्य लोगो को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया और इस अवसर पर मोहम्मद शाहिद मोहम्मद मोहसिन सपा नेता हाजी फैसल वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर मुअज्जम मोहम्मद नौशाद मोहम्मद नाजिम मोहम्मद दानिश डॉक्टर आमिल समाजसेवी मुख्तार अंसारी अदब सिटी वाले हाजी दिलशाद हाजी नौशाद हाजी शहजाद आदि शहर के गणमान्य लोग व पत्रकार उपस्थित रहे







## उपजिलाधिकारी ने मारा छापा, 8 किलो पानी पकड़े जाने पर 25000 की जुमार्ना

विजेंद्र सिंह गंवा दैनिक समाज जागरण गुन्नौर संभल८

**गवां ( सम्भल )**आज शाम लगभग 5बजे गवां नगर पंचायत के बाजार, ग्रीश चौक, सब्जी मंडी, होली चौक, सम्भल चौराह आदि जगह दुकानों पर उपजिलाधिकारी गुन्नौर रामकेश सिंह धामा ने पुलिस फोर्स के साथ छापा मारा की 8 किलो पोलीथीन (पन्नी) पकडी ₹25000 का किया जुमार्ना तथा कानूनी कार्यवाई की तथा होली चौक पर अतिक्रमण भी हटवाया तख्त कुर्सियां एवं ब्रनच ट्रेक्टर ट्राली में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों के दारा उठवाकर नगर पंचायत कार्यालय भिजवाया गया। इस मौके पर पुलिस चौकी इंचार्ज अजय कुमार सिंह गवां, नगर पंचायत के कर्मचारी सुभाष चंद्र सैनी, बबलू, झाऊ लाल, आदि उपस्थित थे ।



### सभासद अमजद सिद्दीकी कर रहे है अपनी झूठी प्रशंसा

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

**नजीबाबाद** आपको बता दे नजीबाबाद के मोहल्ला मुगलुशाह अजमल खां रोड पर काफी समय से नगरपालिका के सौजन्य से ठंडे पानी का फ्रीजर रखा हुआ है कभी भी उसमे कोई खराबी आने के कारण पानी नही आ पाता इस समस्या को लेकर मोहल्ले के पत्रकार ने नगर पालिका के अधिकारियो को अवगत कराया नगर पालिका के अधिकारी ने तुरंत समस्या का समाधान कराने के लिए फ्रीजर मे आई तकनीकी खराबी को लेकर फ्रीजर सही कराने के लिए कर्मचारी भेजे अचानक उधर से गुजर रहे सभासद अमजद सिद्दीकी ने यह देख वहां पर आकर अपना फोटो खिंचवा कर जनता को अपनी झूठी प्रशंसा के लिए अखबार मे छपवा दिया क्योंकि उन्हें पता है कि चुनाव करीब आ रहे है इन्ही राजनीतिक हथकंडा को लेकर जनता का दिल जीत कर आने वाला चुनाव को मजबूत करना है जबकि वार्ड मे काफी समस्या होती है जैसे कि कूड़े की समस्या जलभराव की समस्या अतिक्रमण की समस्या को लेकर वह कभी आगे नही आए ना ही कभी नगरपालिका को अवगत कराया सभासद तो बन गए बाकी उन्हे अपनी जिम्मेदारियो का एहसास नही है की वार्ड मे जो समस्या है नगर पालिका को अवगत करा कर उनका समाधान कराने की कोशिश करे



## बलिया जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक कटहल नाले की सफाई के लिए सभी ने दिए जरूरी सुझाव

संवाददात आशु खरवार दैनिक समाज जागरण

***जलकुंभी से कम्पोजिट खाद बनाने को जागरूक करने का प्रयास***

(बलिया)जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में कटहल नाले के किनारे की ग्राम पंचायतों के प्रधानों के साथ बैठक की। उन्होंने नगर क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में फैले कटहल नाले की साफ-सफाई और उसकी मरम्मत के संबंध में बातचीत की। जिलाधिकारी ने बताया कि नाले के निरीक्षण के दौरान पाया कि नाले की सफाई यदि ठीक से हो जाए तो कई समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। लेकिन, नाले में जलकुंभी की मात्रा अधिक होने से नाले की सफाई सही से नहीं हो पा रही है। ऐसे में सभी प्रधान यह प्रयास करें कि अपनी पंचायत क्षेत्र में पड़ने वाले नाले की सफाई करवाएं। बताया कि अब चार मशीनें लगाकर सफाई की जा रही है। सीडीओ प्रवीण वर्मा ने बताया कि जलकुंभी में नाइट्रोजन व फास्फोरस की मात्रा अधिक होती है, जिससे बेहतर खाद बन सकती है। इस खाद का उपयोग घरों के बगीचों में या फिर आलू की खेती में किया जा सकता है। यदि स्वयं सहायता समूह के साथ मिलकर ग्राम प्रधान इस दिशा में काम करें तो उन्हें अवश्य लाभ होगा। उसकी पैकेजिंग करके दुकानदारों को बेचा भी जा सकता है। इससे ना केवल नाले की सफाई होगी, अपितु लोगों को रोजगार मिलेगा और प्राकृतिक खेती भी होगी। बैठक में ग्राम प्रधानों ने नाला सफाई के प्रति गम्भीर होने के लिए जिलाधिकारी का धन्यवाद दिया। अपने क्षेत्र में होने वाली सफाई से भी अवगत कराया। यह भी बताया कि उनके क्षेत्र में नाले से जलकुंभी निकाली जा रही है और उसे भूमि में दबाकर कंपोस्ट खाद बनाई जा रही है। कुछ ग्राम प्रधानों ने सफाई के दौरान कुछ मजदूरों को त्वचा संबंधी दिक्कत होने की बात बताई जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी स्थिति में स्थानीय सरकारी अस्पताल के चिकित्सक का भी सहयोग लिया जाए। कटहल नाले पर मेड़बंदी और उस पर पेड़ लगाने के सुझाव पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधान अपने-अपने ग्राम क्षेत्र में नाले पर मेड़बंदी अवश्य करवाएं। बैठक में एसडीएम जुनैद अहमद, एक्सईएन सिंचाई सीबी पटेल व कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



***कटहल नाले पर बने रेगुलेटर का किया निरीक्षण***

बलिया। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने विजयीपुर कटहल नाले पर बने रेगुलेटर और नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि नाले में जलकुंभी की मात्रा बहुत अधिक है। साथ ही आसपास के घरों का पानी भी नाले में गिर रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई चंद्र बहादुर पटेल को निर्देश दिया कि नाले की जल्द से जल्द सफाई करा दी जाए। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी के साथ बैठकर रेगुलेटर और इस पर बनने वाले पुल के संबंध में विस्तार से चर्चा करके उन्हें अवगत कराया जाए।

# विद्युत विभाग की उदासीनता के चलते ग्राम पंचायत पिपरा के मजरा रनखेरा मे कई वर्षों से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव



बांदा - विद्युत विभाग की उदासीनता के चलते ग्राम पंचायत पिपरा के मजरा रनखेरा मे कई वर्षों से खराब ट्रांसफार्मर के संबंध में कई बार ग्रामीणों के द्वारा प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कार्रवाई ना होने से आहत समाजसेवी द्वारा अनशन में बैठने को मजबूर उत्तर प्रदेश जनपद बांदा के विकासखंड नरैनी के ग्राम पंचायत पिपरा मजरा रनखेरा मैं सन 2007 से पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे लगा ट्रांसफार्मर व एक ट्रांसफार्मर सीताराम कोरी अनुसूचित जाति के दरवाजे के पास अर्थात दोनों ट्रांसफार्मर खराब जले हुए पड़े हैं जिसकी वजह से पूर्व माध्यमिक विद्यालय व अनुसूचित जाति की बस्ती में व्यापक पैमाने पर अंधेरा रहता है एवं 16 जून 2022 से स्कूल खोले जा रहे हैं जिसमें पढ़ने वाले बच्चों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा समाज सेवी ने बताया कि इस के संबंध में कई बार विद्युत विभाग एवं जिला अधिकारी बांदा को लिखित सूचना दी जा चुकी है लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है जिसके कारण समाजसेवी अशोक लाट तिराहा बांदा मे अनशन मे बैठने को मजबूर है

# सर्व शिक्षा अभियान की उड़ाई जा रही धज्जियां,

## कबाड़ की तरह फेंकी गई हजारों पुस्तकें, गंदी फर्श पर बिठाकर कराया जा रहा बच्चों को भोजन

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव



बांदा - सर्व शिक्षा अभियान के तहत जहां सरकार परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त बैग , किताबें ,जूते आदि सामग्री देने का काम कर रही है। वहीं दूसरी ओर सरकारी योजना के तहत आई सामग्री पर विभागीय अधिकारियों की मनमानी खूब देखने को मिल रही है। जहां पर किताबों व बच्चों के लिए आए जूतों को कबाड़खाने में फेंक दिया जाता है। जिससे यह प्रतीत होता है कि जरूरतमंदों को जूते व किताबों की सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई है '

एक मामला सामने आया है विकास खण्ड तिंदवारी के अंतरगत प्राथमिक विद्यालय कंपोजित खपटिहा कला का है। जहां पर मिड डे मील के अंतर्गत बच्चों को मध्यान भोजन तो कराया जाता है लेकिन बिना टाट पट्टी के गंदी फर्श में बैठा कर के भोजन कराया जाता है एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे रही है और शिक्षा का स्तर सुधारने हेतु लगातार प्रयास कर रही है वही बच्चों को मध्यान्ह भोजन भी उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है लेकिन बच्चों को भोजन तो दिया जाता है लेकिन गंदी फर्श पर बिठाकर बच्चों को भोजन कराया जाता है इस मामले पर लापरवाह शिक्षकों पर कार्यवाही होनी चाहिए जिससे यह सबक सभी विद्यालयों के शिक्षकों को सबक मिल सके और बच्चों को भोजन बड़े सम्मान के साथ बैठाल कर कराया जाए, वहीं दूसरी उसी विद्यालय के एक कमरे में हजारों की तादाद में किताबें कबाड़ की तरह फेक दी गयी हैं। नन्हे मुन्ने नौनिहालों की शिक्षा के लिए आई यह पुस्तकें कबाड़ की तरह में पड़ी हुई हैं। वही दूसरी ओर बच्चों के लिए जूते बैग भी कबाड़ घर में पड़े सड़ रहे हैं ' जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सरकारी सामग्री का सही तरीके से उपयोग नहीं किया जा रहा है जिसके कारण बच्चों के पढ़ने के लिए आई हुई पुस्तके, बैग व जूतों को कबाड़ की तरह फेंक दिया जाता है ' सोचने वाली बात यह है कि जहां एक तरफ सरकार नौनिहाल बच्चों को शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु हर संभव प्रयास कर रही हैं वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते बच्चों की सुविधा के लिए आई हुई सरकारी सामग्री का दुरुपयोग किया जा रहा है ' अब देखने वाली बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों पर क्या कार्यवाही होगी

# आज अग्निपथ योजना के विरोध में बुंदेलखंड किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव



बांदा - आज जनपद बांदा में अग्निपथ योजना के विरोध में बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल शर्मा के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन बांदा सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपा। बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि देश के जवान और किसान के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली अग्निपथ योजना को रद्द किया जाए । क्योंकि देश की रक्षा सरहद में जो कर रहे हैं वह किसान के बच्चे है जवानों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा युवाओं को परमानेंट आर्मी में भर्ती किया जाए विमल शर्मा ने आरोप लगाया है। क्या 4 साल बाद रिटायर होने के बाद अग्निवीर बीहड़ का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे मोदी सरकार को यह योजना तत्काल निरस्त करना होगा

केंद्र और राज्य सरकार में करोड़ों नौकरी के पद खाली पड़े हैं जल्द से जल्द रिक्त खाली पद भरे जाए अगर यह योजना अपने वर्तमान स्वरूप में लागू होती है तो आने वाले 15 वर्षों में हमारे सैनिकों बलो की संख्या आधी से भी कम रह जायेगी। इस मौके पर विमल कुमार शर्मा बुंदेलखंड यूनियन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपा सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष बुंदेखंड किसान यूनियन राजकुमारी ममता देवी माया देवी राजा मनीष तिवारी रूपा देवी योगेंद्र शुक्ला रामशरण यादव पंकज मिश्रा मुकेश सिंह मोतीलाल द्विवेदी राजन अवस्थी श्याम सरोज पाठक सनी पटेल लक्ष्मीकांत चौहान आदि लोग मौजूद रहे

# युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर की आत्महत्या

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बांदा - पैलानी थाना क्षेत्र के कानाखेडा गांव में 23 बटा 24 की रात्रि 32 वर्षीय ललिता पत्नी अंकित यादव पुत्र रामस्वरूप यादव ने घर के बरामदे के अंदर लगे छल्ले में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी सूचना अंकित यादव पुत्र रामस्वरूप यादव ने लिखित तहरीर देकर थाना अध्यक्ष नंदराम प्रजापति को घटना की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि मृतका ललिता मानसिक रूप से विक्षिप्त थी उसने 23 बटा 24 की रात्रि को फांसी लगा ली सूचना पाकर पैलानी थाना पुलिस व महिला कांस्टेबल घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो मृतका ललिता देवी का शव बेड पर रखा हुआ था महिला कांस्टेबल वह वहां पर मौजूद महिला के शव का निरीक्षण कराया तथा पंचायत नामा की कार्यवाही कराई गई मृतका के तीन लड़कियां मानसी उम्र 8 वर्ष रूसी उम्र 5 वर्ष व आदित्य 2

# अमेठी 17 लाख रुपए की संपत्ति की गयी जब्त

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में राजस्व टीम मुसाफिरखाना व प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह थाना मुसाफिरखाना द्वारा शातिर अभियुक्त महेश सिंह पुत्र वीरेन्द्र बहादुर सिंह नि0 ग्राम पिण्डारा महराज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी द्वारा लूट, डकैती आदि जघन्य अपराध कर अर्जित की गई सम्पत्ति एक नवनिर्मित भवन/हाल व एक पल्सर मोटरसाइकिल कुल कीमत लगभग 17 लाख रुपए को मु0अ0सं0 61/22 धारा 2/3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में अन्तर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द अधिनियम के अन्तर्गत जब्त किया गया । अभियुक्त महेश सिंह पुत्र वीरेन्द्र बहादुर सिंह नि0 ग्राम पिण्डारा महराज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी द्वारा लूट, डकैती आदि जघन्य अपराध कारित कर धन एकत्रित करते हुये बनाई गयी है । अभियुक्त महेश सिंह शातिर किस्म का अपराधी है जिसके द्वारा संगठित रूप से आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए जघन्य अपराध कारित किया गया है

# शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अमेठी पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरे से रखी जा रही सतर्क दृष्टि



समाज जागरण संवाददाता मुहम्मद तारिक जनपद अमेठी में जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने व अपराध नियंत्रण शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों/कस्बों में सुरक्षा के दृष्टिगत एवं सतर्क दृष्टि व निगरानी हेतु ड्रोन कैमरे का प्रयोग किया जा रहा है । ड्रोन कैमरे से जनपद अमेठी के मिश्रित आबादी वाले कस्बों के विभिन्न अतिसंवेनशील/संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मनीष जैन को ऐतिहासिक जीत पर दी शुभकामनाएं

## नवनियुक्त चेयरमैन मनीष जैन ने मुख्यमंत्री से मिलकर जताया आभार



जुबैर खान नूंह। फिरोजपुर झिरका नगर पालिका के नवनियुक्त चेयरमैन मनीष जैन ने चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उनकी जीत पर शुभकामनाएं देते हुए नगरपालिका क्षेत्र के लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से पुन्हाना नगर पालिका से चेयरमैन बलराज सिंगला के साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक, जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नसीम अहमद , गोससेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला, पुन्हाना विधानसभा से पूर्व भाजपा प्रत्याशी नौक्षम चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप आर्य, रमेश मानूवास, यावर आलम व खिलौनी राम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने दोनों नवनियुक्त भाजपा चेयरमैनों व जिला भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं को ऐतिहासिक जीत की शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त चेयरमैन मनीष जैन ने मुख्यमंत्री व जिला भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा गठबंधन में जजपा नेताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिस उम्मीद के साथ उनको पार्टी की कमान सौंपी है उनके ऊपर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। भाजपा की जन कल्याणकारी नीतियों को जन जन तक लेकर जाएंगे। जनता के जिस भरोसे से उनको यह जिम्मेदारी दी है उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। आगामी समय में जनसेवक की तरह लोगों की सेवा करेंगे। उनका मकसद फिरोजपुर झिरका नगरपालिका की तमाम समस्याओं का समाधान कराना है। इसके लिए मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार कार्य किया जाएगा।

# शहरी क्षेत्र के विजयी रथ में जेजेपी नेता योगेश हिलालपुरिया की चाणक्य नीति आई काम

## शहरी क्षेत्र में भी निरंतर बढ़ रहा है जेजेपी का ग्राफ



नूंह जुबैर खान नूंह नगर परिषद चुनाव के विजय रथ को जीत की मंजिल पर पहुंचाने में जेजेपी के अनेक नेताओं ने प्रशंसनीय कार्य किया।इसमें जेजेपी के प्रदेश प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह लगातार चुनावों में नूंह नगरवासियों से संपर्क में रहे। विभिन्न कार्यक्रम कराएं।विशेषकर ब्राह्मण समाज समेत अनेक लोगों का समर्थन उनकी चाणक्य नीति की बदौलत मिला। जिस दिन जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला जी बाजार में हुए कार्यक्रम में आए। उस सफल आयोजन में भी उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।वह लगातार पार्टी कैंडिडेट संजय मनोचा के साथ ताल से ताल मिला कर काम करते रहे। जेजेपी नेता योगेश हिलालपुरिया ने इस चुनावी जीत पर अपनी तरफ से सभी नगरवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपने जो प्यार जेजेपी पार्टी को दिया है, उसके लिए हम सदा आभारी रहेंगे। आगे शहर के विकास कार्यों में चेयरमैन संजय मनोचा द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।उन्होंने बताया कि अब गांव के साथ शहर में जेजेपी की अच्छी पकड़ लोगों के प्यार की बदौलत हो गई है। अच्छी नीतियों के नतीजन जेजेपी का ग्राफ निरंतर बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांवों के साथ-साथ शहरों का भी विकास किया है। अच्छी योजनाएं बनाकर लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। विकास के नए आयामों के लिए लोगों की अब दुष्यंत चौटाला पर काफी निगाहें टिकी है।अच्छी व सकारात्मक आशा नजर आती है। निश्चित ही लोगों का ऐसा विश्वास जेजेपी के लिए हितकर और हरियाणा वासियों के लिए सुखदायक होगा।

# उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से नूंह नगर परिषद के नवनियुक्त चेयरमैन संजय मनोचा ने की मुलाकात,खिलाई मिठाई

## *उपमुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान मेवात के जेजेपी-बीजेपी नेतागण सहित अनेक पार्षद भी रहे मौजूद*



नूंह जुबैर खान नूंह नगर परिषद चुनाव में जीत हासिल कर जेजेपी-बीजेपी नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय मनोचा पहली बार उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय पर मिलने पहुंचे। जीत की खुशी में उन्होंने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। साथ ही जो विश्वास जेजेपी पार्टी ने उन पर दिखाया,उसके लिए धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भी नूंह सीट जीतने पर नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय मनोचा सहित आधा दर्जन पार्षदों का मुंह मीठा कराते हुए अपने नूंह नगर परिषद के तहत आने वाले क्षेत्र के विकास करने और जनता की सहूलियत व जरूरत का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा।यह भी आश्वासन दिया कि सरकार से नूंह क्षेत्र के विकास के लिए जो भी सहायता चाहिए,वह दी जाएगी। उन्होंने गठबंधन की जीत पर जेजेपी-बीजेपी कार्यकताओं को बधाई दी। नूंह प्रभारी दलबीर धनखड़ ने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस का निरंतर सफाया होता जा रहा है।नूंह के जेजेपी-बीजेपी संयुक्त उम्मीदवार संजय मनोचा की जीत कार्यकताओं की मेहनत व विश्वास जीत है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनंतराम तंवर,पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, वरिष्ठ नेता दिनेश डागर,राष्ट्रीय प्रचार सचिव नूंह प्रभारी दलबीर धनखड़, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरूद्दीन,जेजेपी जिलाध्यक्ष इकबाल जैलदार,भाजपा नेता एडवोकेट ताहिर हुसैन,जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल,पूर्व प्रत्याशी तैयब हुसैन घासेडिया,पूर्व प्रत्याशी अमन अहमद,एडवोकेट जावेद खान,जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन,प्रदेश उपाध्यक्ष नासिर हुसैन व युवा प्रधान वसीम अहमद,हलका प्रधान आस मोहम्मद भी नवनियुक्त चेयरमैन के साथ मौजूद रहे। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि मुलाकात के दौरान दिल्ली स्थित जेजेपी कार्यालय पर नूंह से आधा दर्जन नवनिर्वाचित पार्षद मौजूद रहे।जिनमें नियामत खान, सुनीता अदलखां,पार्षद पति गौरव गुप्ता,सभा परवीन, सन्नी गुप्ता, पार्षद ससुर घनश्याम बागडी मुख्य रहे।इनके अलावा राष्ट्रीय सचिव सुबे सिंह बोहरा,भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमराज शर्मा,निगरानी कमेटी चेयरमैन नरेंद्र शर्मा,पूर्व जिला अल्पसंख्यक प्रधान सिराजुद्दीन सिराज,देवेंद्र भारद्वाज,युवा प्रदेश सचिव लुकमान खान,इनसो उपाध्यक्ष साकिर हुसैन,वरिष्ठ नेता गणेश दास अरोड़ा, युवा प्रधान सुखबीर गूर्जर,दीपक,पूर्व हल्का प्रधान समसुद्दीन गूमल,बंटी मनोचा,तालिम हुसैन,वीरपाल कालियाकी, जगदीश पंडित,आढती वेद गुप्ता,प्रधान संजय गर्ग,किसान सैल प्रधान अब्दुल हमिद,युवा प्रदेश सचिव

# सिकरोहरी उपकेन्द्र पर सास - बेटा व बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया

## खेल के विजेताओं को पुरस्कार का किया गया वितरण

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

हरदोई। टड़ियावाँ ब्लॉक के सिकरोरी उपकेन्द्र पर सास बेटा बहु सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. सुशील कुमार ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सास बेटा बहु को एक मंच पर लाकर खेल के माध्यम से छोटे परिवार के फायदों के बारे में बताना है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. प्रशांत रंजन ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर आयोजित सम्मेलन में गुब्बारे के साथ में सास-बेटा-बहु को खेल खिलाया गया। सास बेटा बहु के समूहों को क्रमशः एक दो और तीन गुब्बारे दिए गये तथा कहा गया कि इन्हें जमीन पर गिरने नहीं देना है हवा में उड़ाना है। सभी ने देखा कि जिस समूह के पास एक या दो गुब्बारे थे वह तो आसानी से गुब्बारों को संभाल पा रहे थे संभाल लिया लेकिन जिनके पास तीन या उससे अधिक गुब्बारे हैं उन्हें संभालने में दिक्कत आ रही है और उनका गुब्बारा जमीन पर गिर भी गया। इस तरह के उदाहरण देकर बताया गया कि इसी तरह एक या दो बच्चों की परवरिश जितने बेहतर ढंग से ढंग से हो सकती है उस तरह से दो से अधिक बच्चों की परवरिश नहीं हो सकती है। इसलिए दो ही बच्चे, वह ही अच्छे।

इसके साथ ही बास्केट ऑफ चॉइस के माध्यम से विभिन्न



प्रकार के परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के बारे में भी जानकारी दी गई। नव विवाहित दंपतियों को दो साल तक परिवार नियोजन के साधन अपनाने, दो साल बाद पहला बच्चा और पहले बच्चे के तीन साल बाद दूसरा बच्चा करने के बारे में बताया गया। सम्मेलन के अंत में खेल के विजेताओं को पुरस्कार का वितरण भी किया गया साथ ही शगुन किट भी वितरित की गई। इस मौके पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के मैनेजर मोहम्मद शाहिद, जिला परिवार कल्याण सामग्री प्रबंधक किंदरलाल, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक गायत्री, ब्लॉक समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक लक्ष्मी, अर्श काउंसलर लक्ष्मी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रिया, एएनएम रुचि और लाभार्थी उपस्थित रहे।

# ए डी एम पहुंचे किसान नेताओं के घर लिया ज्ञापन , किसानों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन का किया था ऐलान

अजय दुबे कन्नौज



कन्नौज में आज भारतीय किसान यूनियन का प्रदर्शन प्रशासन की सख्ती के आगे घुटने टेकते नजर आया। अग्निपथ योजन के विरोध में भाकियू ने आज पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था। जिसके बाद सुबह से ही आज किसान यूनियन के सभी जिला कार्यालयों की घेरेबंदी कर दी गयी थी। कन्नौज में सुबह किसानों की भीड़ भाकियू कार्यालय के बाहर जुटी तो लेकिन भारी फोर्स देखकर कोई सड़क पर आने की हिम्मत नही जुटा सका।

भारतीय किसान यूनियन ने आज अग्निपथ योजना के विरोध का ऐलान किया था। जिसमे भाकियू कार्यालय से कलेक्ट्रेट परिसर तक मार्च निकाला राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपना था, लेकिन कन्नौज में पुलिस प्रशासन की सख्ती ने भाकियू की रणनीति को फेल कर दिया। भारी फोर्स ने कन्नौज के इस्माइलपुर स्थित किसान यूनियन के कार्यालय से इकट्ठा हुये किसानों को बाहर ही नही निकलने दिया। करीब दो घण्टे तक प्रदर्शनकारी पुलिस फोर्स की घेरेबंदी में रहे। बाद में पहुंचे एडीएम ने वहीं ज्ञापन लेकर प्रदर्शन खतम कराया। एडीएम का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत ज्ञापन लिया गया है और जिसके नाम है उस तक पहुंच भी जाएगा। आगे होने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर एडीएम ने कहा की अभी इसके लिये कोई तैयारी नही है। आगे जैसा शासन से निर्देश मिलेगा उसी के मुताबिक कार्यवाही की जाएगी।

दूसरी तरफ भाकियू जिलाध्यक्ष का कहना है कि आज तो हमें फोर्स के जरिये रोक लिया गया, लेकिन हम युवाओं की लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा की शुक्रवार के कारण आज हम लोग शांत रहे। आगे की रणनीति पर बताते हुये जिलाध्यक्ष बोले कि जैसा शीर्ष नेतृत्व निर्देश देगा उसी पर अमल किया जाएगा।

# चुनाव प्रेक्षक ने बिरसा, खैरलांजी एवं वारासिवनी के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बालाघाट जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन एवं नगरीय निकाय निर्वाचन पर निगरानी रखने के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी शरद कुमार श्रोत्रिय को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्रोत्रिय ने 23 और 24 जून को बिरसा विकासखंड व खैरलांजी तथा खरखड़ी के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। खरखड़ी के मतदान केन्द्र में मतदान कराने के लिए मतदान दल पहुंच चुका था। इसके पश्चात वे ग्राम कायदी के मतदान केन्द्र पहुंचे। कायदी के मतदान केन्द्र में भी मतदान दल पहुंच चुका था। प्रेक्षक श्रोत्रिय ने मतदान दल के सदस्यों से जानकारी ली कि वे मतदान और मतदान के बाद मतगणना कैसे करायेंगें। मतदान दल के सदस्यों द्वारा दी गई जानकारी से वे संतुष्ट हुए । खैरलांजी में मतदान सामग्री वितरण के दौरान उन्होंने मतदान दलों से कहा कि वे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर चुनाव कार्य सम्पन्न करायें। प्रेक्षक श्रोत्रिय ने वारासिवनी एसडीएम कार्यालय में एसडीएम के सी बोपचे से पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान व्यवस्था एवं नगरीय निकाय निर्वाचन व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी लिया।




# कलेक्ट्रेट में कराया गया तीन जोड़ों का विवाह

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी शिवगोविंद मरकाम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट में तीन जोडो का विवाह सम्पन्न कराया और उन्हें विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। लांजी तहसील के ग्राम बोलेगांव निवासी 36 वर्षीय रूपेश कुमार रामटेके एवं ग्राम बोलेगांव की ही निवासी 31 वर्षीय चंद्रकिरण साहू, किरनापुर तहसील के ग्राम मोहगांव खुर्द निवासी 27 वर्षीय अनुराग टेंभरे एवं बालाघाट तहसील के ग्राम रतनारा निवासी 22 वर्षीय दुर्गेश्वरी बिसेन, किरनापुर तहसील के ग्राम पाला निवासी 30 वर्षीय प्रमोद वैद्य एवं बालाघाट के देवटोला वार्ड नं 5 निवासी 35 वर्षीय रीना कोसरे ने विशेष विवाह अधिनियम के अंतर्गत विवाह कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्ट्रेट कार्यालय में बगैर तामझाम के सादगी के साथ हुई इस सरकारी शादी में अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी श्री शिवगोविंद मरकाम के समक्ष वर एवं वधु ने वरमाला पहनाकर एक दूजे का मुंह मीठा कराया और जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया। विशेष विवाह अधिकारी शिवगोविंद मरकाम ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह की बधाई दी और लंबे व सुखी वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनायें दी।



# बाघ की मूंछ को बेचने की फिराक में पकड़े गए दो आरोपी

*समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो*

बालाघाट। बाघ का शिकार व इसके अंगों की तस्करी थमने का नाम नही ले रही है।जिले में जिस तरह से बाघों का शिकार किया जा रहा है इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जल्द ही जिले से बाघों के नामोनिशान मिट जाएगा।ऐसा ही एक मामला वनपरिक्षेत्र बैहर से सामने आया है जिसमे दो आरोपी बाइक से बाघ के मूंछ का बाल लेकर घूम रहे थे या यूं कहें कि ग्राहक खोज रहे थे जिनको वनविभाग ने धर दबोचा। आरोपी बाघ की मूंछ के बाल बेचने के लिए लिए खडे.थे। उनके पास से बाघ की मूंछ के 25 बाल जब्त किए हैं।

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो जबलपुर व वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर सामान्य की संयुक्त टीम ने परसवाड़ा के पास बैहर मार्ग से दोनों को पकड़ा है। ये बाघ के अंग बेचने के लिए बाइक से परसवाड़ा जा रहे थे। आरोपी सुरेश कावरे व लक्ष्मी चंद डेहरे से बाघ के बाल व एक बाइक को जप्त किया गया है। दोनो आरोपियों को बैहर न्यायालय में पेश किया गया, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर दोनों को उप जेल बैहर भेजा गया। कार्रवाई में मनोज कुमार चौहान, नदीम हुसैन, ललित मेश्राम, अख्तर खान, कपिल तिवारी, देवेंद्र कुमार मरावी, राजेंद्र गुप्ता, रमेश बहेश्वर, अजय चंद्रवंशी, रवि घुघवे, सुरक्षा श्रमिक नैनसिंह नेति का योगदान रहा।

22 may 2022:Layout 1 6/25/2022 1:39 AM Page 6



## जुमे के नमाज के दौरान शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा जगदीशपुर में किया गया पैदल गस्त-

समाज जागरण
मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

आज अपर जिलाधिकारी अमेठी राजकुमार द्विवेदी व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जुमा की नमाज के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कस्बा जगदीशपुर में पैदल गस्त कर वहां के धर्मगुरूओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहर्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी । ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारीगणों को ब्रीफ किया गया तथा सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व नमाज को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अर्पित कपूर व अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे ।




## #प्रयागराज : अग्निपथ योजना के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा ने शुक्रवार को पत्थर गिरजा, सिविल लाइंस, धरना स्थल पर राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस मनाया।




इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अग्निपथ योजना जवान विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी है। उन्होंने कहा कि किसानों का कर्तव्य है कि वह नौजवानों के साथ इस संघर्ष में कंधे से कंधा जोड़कर खड़ा हो।
वक्ताओं के अनुसार योजना राष्ट्रीय सुरक्षा और बेरोजगार युवाओं और किसान परिवारों के साथ भी धोखा है। कार्यक्रम के अंत में अग्निपथ योजना वापस लेने सहित अन्य मांगो का राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसपी सीटी मदन कुमार को सौंपा गया। विरोध दिवस मे भारतीय किसान यूनियन टिकैत अराजनैतिक, अखिल किसान किसान महासभा, अखिल भारतीय किसान सभा, जय किसान आंदोलन इत्यादि किसान संगठन से जुड़े किसान शामिल हुए। संयुक्त ट्रेड यूनियंस ने भी राष्ट्रीय स्तर पर विरोध दिवस का समर्थन किया है, विरोध दिवस में किसानों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-नौजवान और मजदूरों ने भी भागीदारी किया, विरोध दिवस में मुख्य रूप से डॉ कमल उसरी, संजय यादव, भूपेंद्र पाण्डेय, नसीम अंसारी, सुरेन्द्र पटेल, लाल चंद्र, अनुराग यादव, लालता प्रसाद, चमेला देवी, कलावती, पंचम लाल, सुनील मौर्य आदी शामिल थे।

## मौसम को लेकर यूपी सरकार का अलर्ट

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़: अगले कुछ दिनों में बारिश शुरू होगी। बारिश आएगी तो आसमान में काली घटाएं डेरा जमाएंगी। आसमानी बिजली भी चमकेगी, यह बिजली इंसानों के लिए भी खतरा पैदा कर देती है। सरकार ने आसमानी बिजली से बचने के लिए अलर्ट जारी किया है। बरसात के दौरान बज्रपात से निपटने की गाइड लाइन जारी की गई हैं। कहा गया है कि मौसम बिगड़े तो तत्काल सुरक्षित स्थान पर चले जाएं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी सहित प्रदेश के सभी किसानों, ग्रामीणों को आसमानी बज्रपात से बचाने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं।हर साल भारी बारिश और आसमानी बिजली लोगों के सामने जान का संकट खड़ा करती है। मैनपुरी जनपद में ही पिछले तीन वर्षों में आसमानी बिजली की चपेट में आकर 14 लोगों की जान गई। पिछले वर्ष भी चार लोगों की मौत आसमानी बिजली की चपेट में आकर हुई थी। जानवर भी बिजली की चपेट में आकर मरे। इस साल ऐसा न हो इसके लिए यदि मौसम बिगड़े तो तत्काल सुरक्षित स्थान पर जाना होगा। अन्यथा जान का खतरा पैदा हो जाएगा।

## जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट, ड्रोन कैमरे से रखी गयी नजर अटाला इलाके में तैनात रही पुलिस

रावेंद्र शुक्ला जिला ब्यूरो दैनिक समाज जागरण



प्रयागराज। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिये गए हैं। वहीं अटाला क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की गाड़िया भी शुक्रवार की सुबह से ही मौजूद रहीं। फिलहाल शान्तिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज पढ़ी गयी। पुलिस अधिकारियों शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धर्मगुरुओं के साथ बैठक की।
वहीं पुलिस टीमों के साथ जुटे संगठनों के लोगों, मुस्लिम तंजीमों, समाजसेवियों से कहा कि वह क्षेत्र में रहें और हर जानकारी को पुलिस प्रशासन के साथ शेयर करें। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन कैमरे से भी हिंसाग्रस्त क्षेत्रों पर नजर रखी गयी। हालांकि स्थितियां पूरी तरह सामान्य हो चुकी है।
वहीं डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि सुरक्षा के मद्देनजर अफसरों को तैनात किया गया है। 10 जून को हुए बवाल के बाद अब स्थितियां लगभग पूरी तरह से सामान्य हो चुकी है। सड़कों पर रौनक है तो वहीं हिंसा प्रभावित क्षेत्र करेली, रसूलपुर, नुरुल्लाह रोड के आसपास की लगभग 90 प्रतिशत दुकानें खुलने लगी है जिससे लोगों की जिंदगी पटरी पर आने लगी है।

## अधिवक्ता ने एसआरएन अस्पताल के 25 कर्मचारियों पर दर्ज कराया मुकदमा

रावेंद्र शुक्ला जिला ब्यूरो
दैनिक समाज जागरण



प्रयागराज। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के वार्ड 11 में डॉक्टर और तीमारदार के बीच हुई मारपीट के बाद पुलिस ने माहौल शांत करा दिया था लेकिन इस मामले में अधिवक्ता झूंसी निवासी रोहित पांडेय ने स्वरूपरानी अस्पताल के 20-25 कर्मचारियों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया है। एफआ-ईआर के मुताबिक 23 जून की रात आठ बजे वह मरीज को देखने वार्ड नंबर 11 में गए थे।
मरीज की हालत बिगड़ने पर वहां ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से पूछताछ की तो वे भड़क उठे। आरोप है कि रोहित और शिवम मिश्र से कर्मचारियों ने हाथापाई शुरू कर दी। बंधक बनाकर मारने पीटने लगे। चेन छीन ली। मोबाइल तोड़ दिया। शोर मचाने पर पुलिसकर्मी पहुंच गए। इसके बाद उनकी जान बची। कोतवाली इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

## नया रिकॉर्ड कायम- दूसरी क्लास के बच्चे ने 18 मिनट में पार की यमुना

रावेंद्र शुक्ला जिला ब्यूरो
दैनिक समाज जागरण



प्रयागराज। आठ साल के शिवांश मोहिले ने यमुना नदी को महज 18 मिनट में तैरकर पार कर एक रिकॉर्ड बनाया है। इस महीने की शुरूआत में आराध्या श्रीवास्तव ने 22 मिनट में नदी करीब 250 मीटर पार की थी। शिवांश ने अपने प्रशिक्षकों को अपने इस रिकॉर्ड से चौंका दिया। सभी ने इस आयु वर्ग के अन्य लड़कों की तुलना में कम समय में नदी पार करने के शिवांश के प्रयासों और दृढ़ संकल्प की सराहना की।

शिवांश टैगोर पब्लिक स्कूल में कक्षा 2 का छात्र है। 8 साल के शिवांश मीरापुर सिंधु सागर घाट से तैरकर नदी के दूसरी ओर पहुंच गया। बता दें कि मालवीय नगर के रहने वाली विकास के पुत्र शिवांश ने सुबह छह बजे ककरहा घाट से तैरना शुरू किया था। 06 बजकर 18 मिनट पर शिवांश यमुना नदी के दूसरे छोर पर पहुंच गया था। कुछ महीने के प्रशिक्षण के बाद से शिवांश ने यह मुकाम हासिल किया है।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने की छापेमारी-

समाज जागरण
मनोज यादव ब्यूरो अमेठी



अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज वंदना केसरवानी, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, तिलोई तथा हमराह स्टाफ सभी प्रधान आबकारी सिपाही/आबकारी सिपाही एवम सरकारी वाहन चालक के साथ संदिग्ध ग्राम खानापुर चपरा थाना मोहनगंज एवम हतवा, अजीम का पुरवा थाना जायस में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 42 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत 03 मुकदमें दर्ज किये गये। मौके पर पाए गए 500 कि. ग्रा.लहन को नष्ट कर दिया गया। साथ ही गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई।

## मिशन शक्ति नारी सुरक्षा योजना फ्लाप महिलाओ का शोषण जारी

समाज जागरण मनोज यादव
ब्यूरो अमेठी

जगदीशपुर -अमेठी। सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति योजना चलाकर शोहदों व मनचलों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया। परंतु जिम्मेदार अफसरों की उदासीनता के चलते योजना पूर्ण रूप से फ्लाप हो कर महिलाओं पर अत्याचार की वारदातें चरम पर है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित दर्जनों गांवों में प्रति दिन कहीं न कहीं महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें छेड़छाड़ की घटनाएं होना आम बात हो गई है जिसकी फरियाद लेकर कोतवाली पहुंचने वाले फरियादियों की सुनवाई न करके वापस लौटाकर पुलिस अपना दामन बचा लेती है ।हाल ही में एक गांव निवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई पहले उसे पुलिस ने दबाने का प्रयास किया जब मामला तूल पकड़ने लगा तब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की जहमत उठाई।ऐसी कई घटनाएं क्षेत्र में घटित होने पर कोई कार्यवाही न होकर मामले को टाल दिया जाता है जिसके चलते महिलाओं पर हो रहे अत्याचार निरंतर बढ़ते जा रहे हैं मिशन शक्ति नारी सुरक्षा योजना धरातल पर न उतर कर मात्र कागजी खानापूर्ति तक सीमित रह गई है यदि जिम्मेदार अफसरों ने ध्यान नहीं दिया तो महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

## सरकारी राशन की दुकान मे मार पीट, मुकदमा दर्ज

समाज जागरण अरुण कुमार सांगीपुर ,छेत्र के भुडहा गाँव निवासी शिवम सिंह पुत्र कृष्ण पाल सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुये आरोप लगाया है कि सोमवार को सरकारी राशन का वितरण हो रहा था इतने मे सुबेदार का पुरवा गाँव निवासी अमर जीत पटेल, भानु पटेल, जिला जीत पटेल व कामता पटेल तथा पांच अग्यात एक राय होकर गाली देते हुये आकाश सिंह को मार कर अचेत कर दिया और पिता को कुर्सी से गिरा दिया, और जाते समय मसीन, सोने का चैन उठा ले गये और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये ' पुलिस तहरीर के अधार पर अरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है '

## शातिर बाइक चोर पुलिस की गिरफ्त में भेजे गए जेल

समाज जागरण पट्टी प्रतापगढ़

चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 184/22 धारा 379/411/420 भादवि से सम्बन्धित 03 अभियुक्त 1- कुलदीप पाल, 2- मनोज कुमार यादव, 3- सतीश प्रजापति को 01 अदद चोरी की मोटर साइकिल के साथ थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों को पट्टी कोतवाली पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराकर जेल भेज दिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में कुलदीप पाल पुत्र जगनारायण पाल निवासी ग्राम रसुलहा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ । मनोज कुमार यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासी रामपुर खागल थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ ।सतीश प्रजापति पुत्र रामशरण प्रजापति निवासी रामपुर खागल थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ । गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक अदद मो एवं मोटर साइकिल होण्डा ड्रीम युगा बरामद किया है बरामद किया है।
उ0नि0 पुरुषोत्तम विश्वकर्मा मय हमराह थाना पट्टी

## चोरी के सामान के साथ अवैध तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार भेजा जेल।




समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी खबर अमेठी जनपद के तहसील तिलोई के जायस कोतवाली क्षेत्र से है। जहां पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 राकेश सिंह थानाध्यक्ष जायस मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राम अवतार उर्फ कल्लू नि0 शंकरगंज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी हाल पता ग्राम भीरा मजरे मोहना थाना जायस जनपद अमेठी को मुखबिर की सूचना पर जायस रोड पर एस0एन0ए0 इण्टर कालेज के पास नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 01 गैस सिलेण्डर इण्डेन, 1200/ रुपए नगद व 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि बरामद गैस सिलेण्डर व रुपए चोरी के हैं, जिसे मैने पूरे बारा खां के समीम के घर से चोरी किया था। थाना जायस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## किसानों एवं उद्यमियों के साथ डीएम व सीडीओ ने कि बैठक

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी अमेठी औद्योगिक इकाईयों का आवश्यकतानुसार जनपद के किसानों द्वारा चिन्हित फसलों की खेती एवं कृषि क्षेत्र में स्किल डिमांड की पहचान हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेस्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कि गई। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. अंकुर लाठर उपयुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक , जिला कृषि अधिकारी अखलेश पाण्डेय उप कृषि निदेशक सत्येंद्र चौहान , लीड बैक मैनेजर विमल कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र क्षेत्र से जुड़े हुए उद्यमी एवं प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया बैठक का उद्देश्य हल्दी, धनिया, मक्का , शर्बती , गेहूँ इत्यादि को जनपद अमेठी में स्थापित कृषि सम्बंधित औद्योगिक इकाइयों की खपत एवं गुणवत्ता मानको के अनुसार जनपद के किसानों द्वारा उगाये जाने की कार्य योजना बनाने का था। साथ ही। किसानों की आय वृत्ति ऐसे हेतु ऐसी फसलों की पहचान पर चर्चा की गयी जो कि अमेठी के जल वायु , मृदा स्वास्थ्य , तथा स्थानीय औद्योगिक मांग के अनुसार उपयुक्त हो। बैठक को आरम्भ करते हुए जिलाधिकारी ने जिले के प्रगतिशील किसानों से जनपद अमेठी के औद्योगिक इकाईयों के कच्चे माल की खपत के अनुसार कुछ फसल जैसे गेहूं , हल्दी , इत्यादि की खेती करने की अपील की कुछ किसानों ने बताया कि पूर्व में उन्होंने ने कुछ ऐसे फसलें जैसे मक्का एवं धनिया की खेती की थी परन्तु तकनीकी ज्ञान, कौशल प्रशिक्षण , एवं बाजार संपर्क के अभाव में भारी नुकसान उठाना पड़ा था ।




## शीतला सप्तमी मेला सकुशल संपन्न होने पर जताया आभार

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:

मानिकपुर के धार्मिक मेले में आए श्रद्धालुओं की सेवा का मौका प्रशासनिक अधिकारियों को मां के आशार्वाद से ही मिलता है। यह बात मानिकपुर में आयोजित पांच दिवसीय मेले का समापन करते हुए शुक्रवार देर शाम एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने कही।उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय आषाढ़ शीतला सप्तमी मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा,सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों को मिलती है। उन्होंने मेला की सुरक्षा में लगे कर्मचारियों का आभार जताया। इसके पहले एसडीएम ने पुजारी गंगा प्रसाद शुक्ल के मंत्रो के बीच मां की विधिवत पूजा अर्चना किया। इस मौके पर मनीष कुमार पाण्डेय, प्रेननाथ दीक्षित, कमेटी के सदस्य त्रिभुवन नाथ यादव, फूलचंद यादव, रज्जनलाल, रमेश मोदनवाल आदि मौजूद रहे।

## एसपी से मिली फौजी की पत्नी, एफआईआर दर्ज करने की गुहार

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:

**ड्यूटी पर तैनात फौजी की पत्नी के साथ घर में घुसकर मारपीट के बाद धमकी मिलने और गिरफ्तारी न होने के कारण स्थानीय अफसरों के चक्कर काट रही है।जेठवारा थाना क्षेत्र के अमरौना निवासी सतीश यादव फौज में तैनात हैं। गांव में रहने वाली उनकी पत्नी सुमन को विपक्षियों ने जमीन के विवाद में घर में घुसकर पीटा। जेठवारा पुलिस ने एफआईआर दर्ज की लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई। जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।इससे मनबढ़ आरोपित बार-बार धमकी दे रहे हैं। सुमन ने एसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने कार्रवाई का निर्देश दिया है।**

## मटियारी गेस्ट हाउस गौरीगंज में ABVP की प्रांत अभ्यास बैठक संपन्न

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जनपद अमेठी की प्रांत अभ्यास वर्ग के निमित्त बैठक संपन्न हुई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जनपद अमेठी प्रांत अभ्यास वर्ग के निमित्त जिले के समस्त प्रमुख कार्यकताओं के साथ गौरीगंज में बैठक की गई जिसमें गाजीपुर में संपन्न होने वाले प्रांत अभ्यास वर्ग में सभी कार्यकर्ता जाने वाले एवं उसमें विभिन्न प्रकार के विषयों पर चर्चा की गई जिसमें विभाग संगठन मंत्री सूरज जी विभाग संयोजक अभय जिला संयोजक पुष्पेंद्र जिला सहसंयोजक प्रियम त्रिपाठी प्रांत कार्यसमिति सदस्य शैलेंद्र पूर्व पूर्व जिला प्रमुख अरुण मिश्रा गुरुजी
एवं सोशल मीडिया जिला संयोजक विनय तिवारी मुकुल शिवांशु आर्यन एवं अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## पट्टी तहसील सभागार में आयोजित हुआ काव्य गोष्ठी कार्यक्रम

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ जनपद प्रतापगढ़ के पट्टी तहसील सभागार में कल काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के काव्य कलमकार अपनी अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर के खूब तालियां बटोरी यह आयोजन शाम 3:00 बजे से प्रारंभ किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से कवि राज मूर्ति सौरभ अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रभात अनीश देहाती गजेंद्र सिंह विकेट चंद्र भान मिश्रा परवाना प्रतापगढ़ी मीरा तिवारी जय राम पाण्डेय राही कार्यक्रम का संचालन बिहारी लाल अंबर ने किया सरस्वती वंदना के साथ मीरा तिवारी ने काव्य गोष्ठी की शुरूआत की इस अवसर पर तहसील पट्टी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ हजारों श्रोता मौजूद रहे।



## बरबस पुर प्रधान ने शौचालय में किया घोटाला ,अफसर बोले ओके

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

जनपद की एक तहसील है कुंडा जहां ग्राम प्रधानों को लूटने की खुली छूट है` इस छूट का कारण तो ठीक। से पता नहीं चल सका लेकिन हजार शिकायतों के बाद भी इस तहसील के किसी भी प्रधान की निष्पक्ष जांच नहीं की जा सकी` यहां का अधिकांश प्रधान सरकारी धन की लूट में शामिल हैं और अच्छी खासी रकम अधिकारियों की जेब में जाने के कारण जांच अधिकारी भी अपनी जांच की खानापूरी करके चला जाता है ` तालाब, चकरोड ,खड़ंजा ,आवास सभी योजनाएं कामधेनु बन चुकी हैं जिसके दोहन में सभी लगे हैं शौचालय जैसे छोटी योजना को भी नहीं बख्शे लोग` कुंडा कि एक गांव सभा बरबस पुर है जहां का ग्राम प्रधान बेलगाम रहा जैसे चाहा नियमों को त्याग पर रख कर काम करता रहा क्यों कि यह जिले के आलाधिकारियों पर रोब जमाने में काम मास था` इसने अपने गांव सभा में लोगों के व्यक्तिगत शौचालयों की रकम उन्हें न देकर २६ शौचालयों को एक साथ व्यक्तियों के नाम से बनवा दिया` दबंगयी के कारण लोग न तो विरोध कर सकें और न हीं ही आज तक उसका उपयोग ही कर सकें आज। स्थिति यह है कि उन सब के दरवाजे व सीट गायब हो चुके हैं और अब पूरे के पूरे शौचालय कूड़ेदान में बदल चुके हैं` वहां लोग गोबर फेंक रहे हैं या फिर गंदगी कर रहे हैं` शिकायत पर हमारे ईमानदार अफसरों ने सब कुछ ओ के कर चोर को क्लीन चिट दे दी`
योगी जी कर ही क्या सकते हैं जब सब चोर ही है तो ईमानदार कैसे निपट सकता है ?



## तेज रफ्तार ट्रक ने महिला सहित गाय को रौंदा, मौके पर हुई दोनों की मौत!!

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़ ! गाय लेकर जा रही महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा. मौके पर गाय सहित हुई दोनों की दर्दनाक मौत. ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर हुआ फरार. राहगीरों व ग्रामीणों ने देखते ही डायल 112 व थाना महेशगंज को दी सूचना. सूत्रों के अनुसार मिली जानकारी की मृतक महिला जेठवारा थाना क्षेत्र के डेरवा- सराय इन्द्ररावत पूरे विक्रम शाह का पुरवा की राजेश्वरी यादव(45) पत्नी प्रेमचंद्र यादव बताया जा रहा है. मृतक महिला अपने बेटे हर्षित उर्फ मोनू(8) के साथ गाय लेकर अपने मायके राजापुर मवई जा रही थी कि रास्ते में परियावां शुकुलपुर नाले के पास तेज रफ्तार से आ रही ट्रक वढ72.ळ.4844 ने गाय सहित महिला को रौंदा हुई मौके पर मौत मृतक महिला का बेटा बाल-बाल बचा. सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस प्रशासन द्वारा अन्य विधिक कार्रवाई जारी है !



## 92 अमृत सरोवरों से मुस्करायेंगे मनरेगा मनरेगा मजदूर

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

जनपद में अमृत सरोवरों पर चल रहे कामों से केवल जल संरक्षण ही नहीं होगा बल्कि जनपद के ३८ हजार मनरेगा मजदूर के चेहरे पर मुस्कान भी दिखेंगी` जनपद में ९२ अमृत सरोवरों को कायाकल्प के लिए चुना गया है जिसकी गहरी खुदाई ,बंधा व सुंदर्यीकरण मजदूरों के द्वारा ही किया जाना है` यह कहानी नहीं हकीकत है कि अब इन तालाबों के काम में मशीनों से काम न होकर मनरेगा के अन्तर्गत काम करने वाले मजदूर ही का करेगें` अभी तक होता यह रहा है। कि ग्राम प्रधान मिट्टी के काम को मशीन से करा कर बाद में कुछ मजदूरों का भुगतान कर देता था लेकिन योगी जी की कश्ती के आगे सम्भव नहीं लग रहा है क्यों कि सही प्रामाणिक शिकायत पर कड़ी कार्रवाई निश्चित है`तालाबों की खुदाई लगभग सभी चयनित ब्लाकों में शुरू है ,भीड़ गर्मी में भी मजदूर काम पर उत्साह के साथ लगे हैं`

## प्रतापगढ़ से कानपुर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस के लोको पायलट की रास्ते में अचानक मौत होने से रेल विभाग में अफरातफरी मच गई।

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

प्रतापगढ़ जिले के चिलबिला के परशुराम पुर निवासी लोको पायलट गणेश प्रसाद शर्मा सुबह घर से तैयार होकर प्रतापगढ़ कानपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ी प्रतापगढ़ से कानपुर के लिए लेकर चले। ट्रेन अभी कासिमपुर हॉल्ट स्टेशन के करीब पहुंचने वाली ही थी कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। ट्रेन को कासिमपुर में रोककर सहायक पायलट ने कंट्रोल को सूचना दी। ट्रेन के रुकने और पायलट की तबीयत बिगड़ जाने की सूचना मिलते ही रेल विभाग में हड़कंप मच गया।
सूचना पर इधर एंबुलेंस आ पहुंची और लोको पायलट को लेकर सीएचसी जायस पहुंची जहां इलाज के दौरान लोको पायलट गणेश प्रसाद की मौत हो गई। इस दौरान ट्रेन कासिमपुर हॉल्ट स्टेशन पर खड़ी रही। प्रतापगढ़ से दूसरा पायलट आने के बाद ट्रेन रवाना हुई। काफी देर तक ट्रेन के वहां खड़ी रहने से यात्रियों को काफी असुविधा भी हुई।
आपको बता दें कि लोको पायलट गणेश प्रसाद शर्मा एक सप्ताह बाद इसी 30 जून को रिटायर होने वाले थे। गणेश प्रसाद की मौत की सूचना उनके परिजनों को से दी गई। सूचना मिलते ही उनके परिजन वहां पहुंच चुके थे। सूचना पर जीआरपी प्रतापगढ़ पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न

**दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान**

सीतापुरः सीतापुर के नगर सिधौली में आज भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ,जिला अध्यक्ष अचिन मल्होत्रा एवम् सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ,बिसवां विधायक निर्मल वर्मा , के साथ सिधौली विधायक मनीष रावत जी भी रहे कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। आपको बता दें कि क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ने जिला कार्यसमिति की बैठक में कहा है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी ने सीतापुर से 8 सीटें जीती हैं अगली बार 9 की 9 सीटें जीती जाएंगी वही जिला अध्यक्ष अचिन मल्होत्रा ने आए सभी पार्टी के पदाधिकारी एवं सदस्य गणों को धन्यवाद दिया एवं पार्टी के प्रति जी जान लगाकर कार्य करने वाले कार्यकताओं को पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया है। कार्यक्रम लगातार प्रातः 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलता रहा । इस मौके पर युवा मोर्चा किसान मोर्चा महिला मोर्चा एवं अन्य मोर्चा ओं के साथ पार्टी के कई पदाधिकारी तथा सदस्यगण भी मौजूद रहे।



## हरिराम बाबा पुत्र जगरनाथ ने 6करोड़ की संपत्ति का बड़ा घोटाला

बहराइच अपराध संख्या23/2020 धारा 419,420,467,468,471,506

*थाना हुजूरपुर जिस पर इतने धारा लगी है वो क्यों नही गिरफ्त में बड़ा सवाल क्या पुलिस के संगीन धाराओं में ऊपर बाबा के जादू का असर जनपद बहराइच थाना हुजूरपुर क्षेत्र बना चर्चा का विषय जब की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के नेतृत्व न जाने कितने अपराधी जेल जा चुके हैं जनपद बहराइच में 151 के अपराधी वारंटी को माननीय न्यायालय रवाना किया जाता है तो जिस पर इतनी धाराएं लगी हो क्यों हुजूरपुर की पुलिस की गिरफ्त से बाहर

हरीराम पुत्र जगन्नाथ फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार करके 42 बीघा जमीन देवरिया में बेच दिया और सिमरिया में भी 12बीघा बेच दिया जब इस की जानकारी कृष्णानंद पुत्र ईश्वरानंद को हुई लिखित प्रार्थना पत्र लेकर हुजूरपुर थाना और पुलिस अधीक्षक बहराइच के वहां दिया सुनवाई नहीं हुई परेशान हो गया तब प्रार्थी ने माननीय न्यायालय का रुख कर लिया न्यायालय ने कई धाराओं में पंजीकृत कराया



* थाना हुजूरपुर पुलिस ना तो गिरफ्तार ना ही न्यायालय में पेश किया आज ताजा उक्त प्रकरण में माननीय मुख्यमंत्री जी के यहां जनता दरबार में पेश हुआ हूं अब देखते हैं आगे बाबा की गिरफ्तारी होती है और कब तक होती है खबर प्रकाशित होने के बाद ही जान सकते

## डॉ राजेश मिश्र के साथ देखिए वीरांगना आसन का नया आविष्कार

**समाज जागरण /अखिलेश सिंह**

हरदोई।प्रायः सभी प्राणियों में सोचने समझने एवं चिंतन करने की क्षमता होती है परन्तु मनुष्य बुद्धिबल एवं चिंतन से अन्य प्राणियों से विकसित प्राणी है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से चिंतन करते-करते कायाकल्पकेन्द्रम् के संस्थापक व सीनियर नेचरोपैथ डॉ० राजेश मिश्र ने वीरांगना-आसन का आविष्कार



करके शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित की। डॉक्टर मिश्र ने बताया कि ऐसा कोई आसन नहीं था जिससे मातृशक्ति की ध्वनि आती हो। परमात्मा की कृपा से उनके मस्तिष्क में वीरांगनासन नाम कौंधा और वे इसकी तैयारी में जुट गये। उन्होंने इस आसन को करने की दो विधियाँ (खड़े होकर तथा बैठकर) बतायीं तथा स्त्रियों-पुरुषों व बच्चों को दोनों तरह से वीरांगनासन करवाया। डॉक्टर मिश्र ने कहा यह आसन अत्यंत लाभकारी है। इससे गर्दन, कंधे, कलाई, अंगुलियां, नेत्र, सीना, रीढ़, विशेषतः कमर, कूल्हे, टाँगें और पैर स्वस्थ रहेंगे। यदि कोई इससे संबंधित बीमारी होगी तो वह भी धीरे-धीरे ठीक होने लगेगी। उन्होंने कहा इस आसन का असर मन पर भी पड़ेगा जिससे आदर्श स्वास्थ्य एवं चरित्र, आत्मविश्वास, वीरोचित भावना, स्वाभिमान, कर्तव्य परायणता में वृद्धि होगी। कवयित्री प्रज्ञा मिश्रा ने कहा वीरांगना आसन से मन में एक सहज भाव यह उभरा कि स्त्री शक्ति की महत्ता को योग के माध्यम से निरूपित करने का सुंदरतम प्रयास किया गया है। कायाकल्पकेन्द्रम् व यज्ञशाला के सदस्यों ने इसको करने के बाद लाभकारी बताया। कुछ चिकित्सार्थियों ने तुरन्त ही शरीर हल्का होने की बात कही।

पतंजलि के जिला प्रभारी हरिवंश सिंह ने सपत्नीक वीरांगनासन किया और इसको प्रभावकारी बताया। उन्होंने आविष्कारक डॉक्टर मिश्र को बधाई दी और कहा वे इस आसन को पतंजलि योग साधकों को सिखायेंगे।

कार्यशाला में डॉ श्रुति दिलीरे, रेखा गुप्ता, प्रियंका यादव, दीपाली, अनामिका, श्रेया, खुशी, शुभी, दीप्ति मिश्र, अनमोल शुक्ल, अभीक, उत्कर्ष, डॉ अभिषेक पाण्डेय, डॉ वीरेश शुक्ल, नन्दकिशोर सागर, गोविंद गुप्त, शिवकुमार, सोनू गुप्त, दिलीप गुप्ता, शैलेन्द्र मिश्र, के. पी. सिंह और जिला प्रचारक इन्द्रपाल जी सहित अन्य कई लोगों ने दोनों विधियों से वीरांगनासन किया।

## जुम्मे की नमाज को मद्दे नजर रखते हुए रामपुर मथुरा पुलिस की रही चप्पे-चप्पे पर नजर और कायम रही शांति व्यवस्था

### जुम्मे की नमाज को शांतिपूर्वक कराने में सफल रहे एसएचओ चंद्रप्रकाश त्रिवेदी

**दैनिक सामाजिक जागरण गौतम सिंह चौहान**

रामपुर मथुरा सीतापुर कानपुर में हुई सांप्रदायिक घटनाओं के क्रम में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जुम्मे की नमाज को हर थाने में सकुशल अदा करवाया जा रहा है जिसमें सभी थाने की पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रख रही है और जगह-जगह जनता को जागरूक कर रही है और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी कर रही है इसी प्रकार से थाना रामपुर मथुरा के प्रभारी निरीक्षक चंद्रप्रकाश त्रिवेदी ने रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी कस्बे एवं गांव में जाकर शांति व्यवस्था को देखा और पैदल चलकर लोगों को जागरूक भी किया और जुम्मे की नमाज को सकुशल शांति पूर्वक अदा करवाया और कई गांव में भ्रमण भी किया जैसे कि बहादुरगंज .रामपुर मथुरा. भगौतीपुर . छेतौनी . बांसुरा .



पैगंबरपुर . चांदपुर . जैसे कई अन्य गांव में भी प्रभारी निरीक्षक चंद्रप्रकाश त्रिवेदी ने चिलचिलाती धूप में पैदल चलकर भ्रमण किया और साथ ही सभी क्षेत्रवासियों को शांति व्यवस्था को कायम रखने की हिदायत भी दी जिसमें समस्त रामपुर मथुरा पुलिस स्टाफ मौजूद रहा

## चोरी की घटनाओं के साथ-साथ लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में कच्ची शराब बनने की बढ़ी बाढ़

### लहरपुर कस्बे के ठठेरी टोला व नारे पुरवा में कच्ची शराब बिक्री जारी

**समाज जागरण शिवम अवस्थी**

लहरपुर सीतापुर- लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में चोरियों से तो जनता में भय का माहौल बना हुआ है लेकिन लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब बनाने वाले माफिया सक्रिय है।

आपको बताते चले कि नारेपुरवा में कच्ची शराब पीकर विवाद में एक व्यक्ति की हत्या का भी आरोप लग चुका है। जिससे समाज में कई प्रकार की बुराइयां व्याप्त हो गई है।सूत्र बताते है कि अवैध कच्ची शराब में कई प्रकार के केमिकल,नशीली दवाइयां, इंजेक्शन डालकर लोग कच्ची शराब का निर्माण करते हैं और लोगों की जिंदगियों से खेलने का प्रयास करते हैं।

अवैध कच्ची शराब पीकर युवा मौत के गाल में भी समा चुके है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने वालों माफियाओं पर पुलिस कानूनी नकेल कसने में नाकाम दिखाई दे रही है। यदि यह नकेल नहीं कसी गई तो समाज में अराजकता का माहौल भी बन सकता है। शराब की लत पड़ जाने के बाद युवा पैसों के चक्कर मे





चोरियां प्रारम्भ कर देते है जिससे अपराध की सीमाएं भी बढ़ जाती है।

कोतवाली क्षेत्र में लगातार घट रही आपराधिक घटनाएं जिससे आम जनमानस में भय का माहौल बना हुआ है, लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने में कोतवाली पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

अब देखना यह लाजमी होगा कि इन अवैध कच्ची शराब निमार्ताओं पर प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

## समर कैंप में बच्चे उठा रहे हैं लुफ्त

### डांस ,गायन ,प्रिंटिंग ,डिजाइनिंग आदि सीख रहे बच्चे

**समाज जागरण /अखिलेश सिंह**

हरदोई।माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी शैक्षिक कैलेंडर में प्रथम बार जून माह के तीसरे सप्ताह में समर कैंप आयोजित कर बच्चों को पढ़ाई के अलावा अन्य विधाओं में भी पारंगत बनाने के उद्देश्य से 22 से 27 जून तक जीआईसी में चलने वाले समर कैंप में लगभग एक सैकड़ा बच्चे प्रतिदिन मेहंदी डांसिंग गायन पेंटिंग बैडमिंटन आदि तमाम पर की एक्स्ट्रा एक्टिविटीज के माध्यम से लुफ्त उठा रहे हैं ।जहां समर कैंप में उन्हें पहली बार इस प्रकार का मौका मिला है वही उनको इस समर कैंप में बहुत अच्छा लग रहा है तथा कुछ सीखने को मिल रहा है इसमें डीआईओएस वीके दुबे स्वयं इंट्रेस्ट लेकर समर कैंप को सफल बनाने के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं , बच्चों व अभिभावकों से समर कैंप के लिए अपील कर रहे हैं। आज जीआईसी में बने स्काउट भवन में बच्चों ने डांसिंग मेहंदी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं में प्रमुख रूप से सफन, प्रिया सिंह, प्रतीक्षा गुप्ता, प्रियांशी गुप्ता, सौरभ गुप्ता ,अनवेषा तिवारी, इशिता तिवारी, प्रीती गुप्ता



,दिव्यांशी ,सृष्टि वर्मा ,रिधिमा , राधा कुशवाहा, वंशिका, दीपाली मिश्रा सहित एक सैकड़ा से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। शिक्षिकाओं में मधु गुप्ता, कृष्णा गुप्ता सहित तमाम शिक्षिकाओं भी मौजूद रहे। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी गई प्रस्तुतियों के समय जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह, पत्रकार नवल किशोर भी मौजूद रहे।

## छुट्टी हो या कार्य दिवस, संडे हो या मंडे, शाम होते ही हरदोई एसपी अपने मातहतों के साथ निकल पड़ते हैं पैदल भ्रमण पर

आम जनमानस व प्रतिष्ठानों के मालिकों से संवाद स्थापित कर दिलाते हैं शांति व सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा

### लगभग 3 माह से अनवरत अभियान जारी

समाज जागरण /अखिलेश सिंह

हरदोई।धूप हो या बरसात, आंधी हो या पानी, अवकाश हो या कार्य दिवस, हर दिन एक जैसा समझ कर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों ,बाजारों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास अपने मातहतों के साथ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी प्रतिदिन शाम होते ही पैदल गश्त के लिए निकल पड़ते हैं पैदल गश्त के दौरान वह अपने पुलिस अधिकारियों के साथ प्रतिष्ठानों के मालिकानो तथा आम जनमानस से भी संवाद स्थापित करते हैं तथा उन्हें शांति व सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा भी दिलाते हैं उनके द्वारा यह प्रक्रिया लगभग 3 माह से अनवरत चलाई जा रही है।



शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक उनके द्वारा अन्य पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मचारियों के साथ लगातार पैदल गस्त किया जाना जहां आम जनमानस में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास जगाने में सफल हो रहा है वही अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने में भी सफल हो रहा है। एसपी श्री द्विवेदी के इस प्रयास की सराहना अब शहर से लेकर गांव तक आमजनमानस में चर्चा का विषय बनी हुई है। उनकी इस मुहिम में स्वयं जिलाधिकारी अविनाश कुमार भी समय-समय पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन आम जनमानस के साथ खड़ा है का विश्वास दिलाने का भरपूर प्रयास करते हैं तथा साथ में यह भी अपील करते हैं कि शहर से लेकर गांव तक को स्वच्छ बनाने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अतिक्रमण आदि न करें। पैदल गस्त में उनके साथ लगातार साथ देने वालों में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अनिल कुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विनोद कुमार द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी बघौली व लाइन विकास जायसवाल, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षिन शिल्पा कुमारी ,क्षेत्राधिकारी यातायात हेमंत उपाध्याय स्थानीय थानों के प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष सहित महिला पुलिस व पुलिस बल मौजूद रहता है।

## रुढा भहवनाथपुर में एक व्यक्ति को दो बार आवास दिए जाने का मामला आया सामने

### उच्चाधिकारियों द्वारा सत्यता व पात्रता का अवलोकन जारी

**समाज जागरण शिवम अवस्थी**

लहरपुर (सीतापुर)-एक कहावत बड़ी पुरानी है जब सैंया भए कोतवाल तो डर काहे का यह कहावत ग्राम प्रधान पर बिल्कुल सटीक बैठती है ग्राम सभा रूढ़ा भवनाथपुर की बात की जाए तो इस ग्राम सभा में अगर प्रधानमंत्री आवास की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो कई आवासों में घोटाला अधिकारियों और जनता के सामने उजागर होगा ऐसा सूत्रों का दावा है लेकिन सवाल यह उठता है इसकी जांच करेगा कौन बहुत बहुत से ऐसे आवास अ पात्रों को दे दिए गए जिनकी उच्च स्तरीय जांच बहुत जरूरी है इसका जीता जागता उदाहरण2021-22 की सूची में जगदेव आईडी संख्या 137392317,सनदेवी आईडी संख्या 134683968 पर योजना के तहत आवास किया गया है। जबकि इन दोनों को वर्ष 2011-12 में भी आवास योजना का लाभ मिल चुका है। रूढा भवनाथपुर के ग्रामीणों के अनुसार ये दोनों ही ग्राम प्रधान रमेश यादव के चहेते है। ग्रामीण बताते है,कि जब पहले इन दोनों को आवास आवंटन किया गया था,तो एक बार फिर अपने चहेतों को सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ देने का काम शुरू हो गया है। जबकि योजना के वास्तविक हकदार आज भी अपनी बारी का इन्तजार कर खुले आसमान के नीचे गुजर बसर करने को विवश है। ये तो महज बानगी भर है,इस ग्रामसभा में तमाम विकास कार्य है जो सियासी भ्ष्टाचार की भेंट चढ़ चुके है। जिनके सम्बन्ध में ग्रामीणों की ओर से समय समय पर लिखित व मौखिक रूप से अवगत भी कराया गया है। लेकिन आज तक ब्लाक प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकरण में जांच तक कराने की जरूरत नही समझी गई। गौरतलब है कि क्या प्रधानमंत्री आवास प्रधान अपने चहेतों को ही देंगे तो पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ कैसे मिलेगा इस पर भी अधिकारियों को मंथन करना चाहिए ग्राम वासियों का तो यहां तक दावा है यदि सारे आवासों की शत प्रतिशत सच्चाई से जांच की जाए तो प्रधान व विभाग के अधिकारियों की गर्दन फसनी लगभग तय मानी जा रही है अब तो जांच के उपरांत ही पता चलेगा किस सूत्र सही है या ग्राम प्रधान तब तक कुछ सही कह पाना संभव नहीं दिखाई देता है।

## डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक हुई संपन्न बैठक में दिये कड़े निर्देश

**दैनिक समाज जागरण विपिन कुमार श्रीवास्तव**

जिलाधिकारी डॉक्टर उज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन से चल रही समस्त परियोजनाओं पर विस्तृत रूप से गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यदायी संस्था एलएनटी व आईएसए को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिये हैं कि कार्यों में प्रगति लायी जाय। अन्यथा संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा है कि सभी परियोजनाओं को समय से पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चल रही निमार्णाधीन परियोजनाओं के प्रगति के संबंध में समय-समय पर उन्हें भी अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित विभाग को निर्देशित किये हैं कि ओवरहेड टैंक, ट्यूवेल, पाइपलाइन आदि के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन का कार्य समय से पूर्ण करा लिया जाय। ताकि कार्य में कोई दिक्कत न होने पाय। उन्होंने ने जनपद में जल जीवन मिशन का कार्य शत-प्रतिशत समय से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि



यह सरकार की महात्वाकांक्षी योजना है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। साथ ही सभी कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का कार्य गुणवत्तापूर्ण समय से कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर.एस केसरी, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, कृषि अधिकारी जेपी यादव, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती, एसीएफ वन विभाग, अधिशाषी अभियन्ता जल जीवन मिशन, एलएनटी व आईएसए कार्यदायी संस्था, एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## शाहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष का बेटा हुआ लापता

### लहरपुर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक को दिया प्रार्थना पत्र

**समाज जागरण शिवम अवस्थी**

लहरपुर(सीतापुर)- लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुगलपुर तहसील लहरपुर के निवासी व भदफर क्षेत्र के के भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार मौर्य ने लहरपुर कोतवाली प्रभारी राजीव सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए यह आरोप लगाया है कि उनका बेटा आशीष मौर्य उम्र 15 वर्ष सीतापुर में स्थित आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीतापुर में कक्षा 7 का छात्र था। आशीष मौर्य दिनांक 23/06/22 को अपने पैतृक निवास मुगलपुर से शाम 4:00 बजे प्राइवेट बस संख्या यूपी 40 टी 7655 द्वारा सीतापुर में अपने फूफा के वहां जाने के लिए निकला था।

परंतु वह गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंच सका जिसकी बोसी खोजबीन की गई पर वह नही मिला।



भाजपा मंडल अध्यक्ष ने यह आशंका जताते हुए अपहरण के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया है पुलिस छानबीन में लगी हुई है।

## दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रदीप शर्मा ने एक मांग पत्र नानपारा दौरे पर पहुंची डीआरएम

दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रदीप शर्मा ने एक मांग पत्र नानपारा दौरे पर पहुंची डीआरएम पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल मोनिका अग्निहोत्री को नानपारा स्टेशन परिसर पर सौंपा..मांग पत्र पर बहराइच से मैलानी प्रखंड पर पार्सल बुकिंग सेवा फिर से बहाल करने की मांग की,

बहराइच से नेपालगंज रोड के लिए रात्रि 8:30 बजे यात्री गाड़ी चलाने की मांग की ऐसे ही नेपालगंज रोड से रात्रि 7:00 बजे यात्री गाड़ी चलाने की मांग की.



बुकिंग काउंटर के बाहर लगी टिकट काटने की मशीन लंबे अरसे से बंद चल रही है उसे भी बहाल करने की मांग की गई... रेलवे की आय बढ़ाने हेतु बनी समितियों में क्षेत्रीय कमेटी मंडलीय कमेटी स्टेशन परामर्श दात्री समिति मे जनपद बहराइच का प्रतिनिधि बनाने की भी मांग रखी गई..

## अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग लाखों का सामान जलकर हुआ राख कई मवेशियों की जिंदा जलकर हुई दर्दनाक मौत

**समाज जागरण/ रामेंद्र सैनी कछौना** (हरदोई)।कोतवाली कछौना क्षेत्र के अन्तर्गत बालामऊ गांव में आज दोपहर अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। काफी ज्यादा कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। बालामऊ गांव के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार अखिलेश सिंह ने डायल 112 व फायर बिग्रेड को दी। सूचना जानकारी होने के कुछ ही देर में कोतवाली प्रभारी मयफोर्स के साथ घटनास्थल पर मौके पर पहुंचे।गांव के ग्रामीणों ने बताया कि रमेश, दूबरी, चौकीदार, छोटेलाल, मेवालाल आदि के बगले मे बंधे हुए पशुओं की आग की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई। आग की चपेट में आने कृषि योग्य उपकरण भी जलकर खाक हो गए। वही ग्रामीण किसानों का भी लाखों रुपए नुकसान हो गया है। कई किसानों को खाने के अनाज भी जलकर खाक हो गया हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी नही पहुंची थी।



## नोडल अधिकारी गोद लिए गए आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण करते रहें-आकांक्षा राना

**समाज जागरण/ अखिलेश सिंह** हरदोई।विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना की अध्यक्षता में पोषण अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए आंगनबाड़ी केन्द्रों के समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी समय से अपनी आख्या प्रस्तुत करें। नोडल अधिकारी गोद लिए गए आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण करते रहें। उन्होंने कहा कि बीडीओ से समन्वय कर खराब आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत करवा ली जाए। 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलने वाले सम्भव अभियान में विभिन्न विभाग समन्वय बनाकर पोषण के संबंध में लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए गजेन्द्र तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुध्दी मिश्रा, उपनिदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर, डीसी मनरेगा प्रमोद कुमार चंद्रोल व अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## कक्षा 11-12 स्कालरशिप में केवल विद्यालय द्वारा संचालित छात्रावासों में रहने वाले छात्रो को छात्रावास शुल्क का भुगतान एनएसपी द्वारा किया जायेगा-रोहित कुमार सिंह

**समाज जागरण /अखिलेश सिंह**

हरदोई। एनएसपी पर संचालित छात्रवृत्ति सत्यापन व अन्य प्रक्रियाओं में निम्नानुसार तथ्यो को ध्यान मे रखते हुये अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिये गये है

उन्होने बताया है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एनएसपी पोर्टल पर संचालित प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं मेरिट कम-मीन्स छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जिन विद्यालय/संस्थाओं के द्वारा आईएनओ नामित करते हुये केवाईसी सत्यापन करा लिया गया है उनमें अध्ययनरत अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रो द्वारा आनलाइन आवेदन करने के पश्चात समस्त संलग्नको जैसे आय प्रमाण पत्र, समुदाय हेतु जारी प्रमाण पत्र, अंकपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं निवास प्रमाण-पत्र आदि सहित आवेदन पत्र की हार्डकापी विद्यालय/संस्था में जमा की जानी है। जानकारी देते हुए अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम स्तर पर उक्त आवेदन पत्रों का सत्यापन आईएनओ एवं द्वितीय स्तर पर जिला स्तरीय अधिकारी के द्वारा सत्यापन किया जायेगा। ज्यादा संख्या में प्राप्त आवेदन पत्रों वाली संस्थाओ का अनिवार्य सत्यापन किये जाने के निर्देश प्राप्त है।

उन्होने बताया है कि प्रथम स्तर के सत्यापन हेतु आईएनओ पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे एवं छात्रो के द्वारा उपलब्ध कराये गये आवेदन पत्र 5 वर्ष तक सुरक्षित रखेगें एवं जिला नोडल अधिकारी /राज्य नोडल अधिकारी को आवश्यकता अनुसार दिखांएगें। संस्था का प्रधानाचार्य इस कार्य के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिये जिम्मेदार होगा। विद्यालयो के प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेंगें कि आईएनओ विद्यालय के स्थाई/नियमित कर्मचारी है और उन्हेंने अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति को नही दिया है। प्री-मैट्रिक स्कालरशिप एवं कक्षा 11-12 स्कालरशिप में केवल विद्यालय द्वारा संचालित छात्रावासों में रहने वाले छात्रो को छात्रावास शुल्क का भुगतान एनएसपी द्वारा किया जायेगा। उच्च स्तरीय छात्रवृत्ति के लिये छात्रावास शुल्क आवेदनकर्ता के नाम की किराया रसीद,किरायानामा के अनुसार किया जायेगा। इस सम्बन्ध में समस्त विद्यालय,संस्था,मदरसों के प्रबन्धक /प्रधानाचार्य को निर्देशित किया जाता है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये गये उपरोक्त निदेर्शानुसार भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 में एनएसपी पोर्टल पर संचालित प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक एवं मेरिट कम-मीन्स छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## जाँच पदाधिकारियों के साथ डी.एम. ने की बैठक

समाज जागरण मुरारी झा

दरभंगा जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में मुख्य सचिव, बिहार के निर्देश के आलोक में प्रत्येक बुधवार को जिले के लगभग 60 पदाधिकारियों द्वारा की जा रही जाँच के अनुपालन के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी।



बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जाँच के दौरान पायी गयी त्रुटियाँ/कमियाँ का निराकरण करवाने के लिए जिला स्तर पर अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है। जिसका काम होगा कि उन कमियों को संबंधित विभाग के पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए उसका निराकरण करवाना। यदि किसी पंचायत में नल-जल योजना के अन्तर्गत नल नहीं चल रहा है, तो उसे चालू करवाना, यदि विद्यालय में मध्याह्न भोजन में कोई कमी है, तो उसका निराकरण करवाना और निराकरण हो जाने के बाद प्रतिवेदन में इसे अनुपालन हो गया अंकित करना।

उन्होंने इसके लिए एक सॉफ्टवेयर विकसित करने का भी निर्देश अनुश्रवण समिति को दिया। जैसे ही किसी त्रुटि का निराकरण हो जाए, उस कॉलम में हरा टीक स्वतः लग जाए।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार, डी.आर.डी.ए. निदेशक गणेश कुमार, उप निदेशक, जन सम्पर्क नागेन्द्र कुमार गुप्ता एवं सभी प्रखण्डों के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## सड़क बनाने में गमन करने को लेकर ग्रमीणों में दिखा आक्रोश

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

मधुबनी जिला के महीनाथपुर पंचायत के वार्ड नंबर 3 में लाल बिहारी झा घर से सटे पश्चिम सड़क की ढलाई में गवन महिनाथपुर पंचायत के वार्ड नंबर 3 से करीब 100 फीट का ढलाई सड़क सिर्फ 9 परिवारों के लिए जो मुखिया पति का चाचा हैं, के लिए बनाया गया है। जिसमें 3 नंबर ईंट नीचे में बिछा कर घटिया किस्म के सिमेंट से ढलाई किया गया है , जिस सड़क पर बीच में सिर्फ 2 से 2.5 ईंच मोटा दलाई हुआ है दलाई के समय मुखिया पति मुरारी झा एवं वार्ड सदस्य पति अजय मिश्रा काफी संख्या में लोगो को लेकर महजुद रहे



सड़क से आने जाने वाले ग्रामीणों का कहना था कि इस तरह का घटिया सड़को का निर्माण क्यों कर रहे हैं तो मुखिया पति मुरारी झा का कहना है कि मुझे प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक कमीशन देना पड़ता है ।

तो उसी प्रकार का सड़क बनेगा, मुखिया पति द्वारा बनाए गए सड़क में घोर अनियमितता हुई है तथा लाखों का गवन किया गया है

इसको लेकर ग्रामीणो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दे कर जाँच कि मांग कि है ।।

## कौशल विकास केन्द्र गौनाहा के छात्र छात्राओं ने किया पौधा रोपण।

समाज जागरण मोहम्मद आजाद

गौनाहा / प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड कौशल विकास केंद्र गौनाहा के द्वारा केंद्र के आस पास पौधारोपण किया गया। इस पौधारोपण कार्य में केंद्र के प्रशिक्षकों के साथ-साथ सभी छात्र छात्राओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पौधों में फलदार छायादार और फूल पत्तियों को भी लगाया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान अप्रैल 2022 सत्र की ज्योति कुमारी कहती है की पेड़ पौधा हमारा धरोहर है। इससे हमें जीवन मिलता है। लेकिन इस बात को हमलोग नहीं समझ रहे हैं ।और अंधाधुन पेड़ों की कटाई कर रहे हैं ।जिससे मानव जीवन मे तरह-तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए हमने ठाना है कि हम अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ पौधे लगाएंगे साथ ही जून 2022 सत्र के फूलमती कुमारी कहती हैं की पेड़ पौधे हमारे मां-बाप की तरह ही हमारा देखभाल करते है। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम इसका देखभाल करें। और अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ पौधे लगाए ।इस पुनीत कार्यक्रम में नेहा कुमारी पूनम कुमारी ,संजना कुमारी, वैष्णवी कुमारी, नगीना कुमारी, रेशमा ,अंजलि कुमार, मनीषा कुमारी, सुष्मिता कुमारी, खुशबू कुमारी, दीपमाला कुमारी, करुणा कुमारी , गुंजा कुमारी , राहुल कुमार , धर्मनाथ कुमार, तौसीफ अंसारी, अविनाश कुमार , अभिजीत कुमार, हिमांशु कुमार और केंद्र के समस्त छात्र-छात्राओं के साथ केंद्र समन्वयक सुबोध कुमार चौबे प्रशिक्षक मनोज कुमार कुशवाहा एवं विशाल कुमार उपस्थित रहे।



## पटखौली ओपी पुलिस ने 5 शराबियों को शराब पीते रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया।

समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा

पटखौली ओपी की पुलिस ने बीती रात विशाल होटल से 5 शराबियों को गिरफ्तार किया गया। पटखौली ओपी प्रभारी लालबाबू प्रसाद यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशाल होटल में छापेमारी की गई। जहां एक कमरा में कुल पांच लोग टेबल पर चखने के साथ शराब पीते रंगे हाथों पकड़े गए। गिरफ्तार शराबियों के पास से 2 बोतल अंग्रेजी शराब और एक खाली बोतल बरामद की गई। गिरफ्तार शराबियों महिंद्रा फाइनेंस के लिए वसुली का काम करते हैं ।पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ करते हुए पटखौली ओपी लाएं। पटखौली ओपी प्रभारी ने बताया कि पांचो शराबी नशे में धुत थे। वही इस मामले में थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत कांड अंकित कर सभी को न्यायिक हिरासत बगहा भेजा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा लगातार शराब का सेवन करने वाले और शराब के धंधे में लिप्त कारोबारियों पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वही लोगों का इतना सख्त कानून होने के बाद भी लोग शराब का सेवन नहीं छोड़ा है और शराब पीने वाले और कारोबार करने वाले लगातार पकड़े जा रहे हैं।



## समस्तीपुर : 10वीं की छात्रा से गैंगरेप, प्रेमी संग लौट रही थी घर, युवक को बंधक बना शर्मनाक वारदात को दिया अंजाम

समाज जागरण

समस्तीपुर :- समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी व 10वीं की छात्रा के साथ कुछ युवकों ने शुक्रवार रात सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। किशोरी की हालत अच्छी नहीं होने के कारण अब तक पुलिस उसका बयान नहीं ले सकी है। वैसे विभूतिपुर पुलिस ने पूछताछ के लिए कुल चार युवकों को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिये गये युवकों में से एक किशोरी का कथित प्रेमी भी है।

बताया जाता है कि शुक्रवार के दिन किशोरी बैंक जाने की बात कह घर से निकली थी। रात में वह गांव के ही कथित प्रेमी के साथ रोसड़ा से एक ही साइकिल से घर लौट रही थी। सिंघियाघाट पुल पार कर घर की ओर जाने के क्रम में सुनसान स्थान पर घात लगाए युवकों ने उसे घेर लिया। उसके बाद गाछी में ले जाकर उसके कथित प्रेमी को बांध दुष्कर्म की घटना का अंजाम दिया।

चर्चा है कि युवकों ने दुष्कर्म का वीडियो बना पुलिस को मामले की जानकारी देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। युवकों के जाने के बाद बंधे प्रेमी ने अपने को किसी तरह खोला और साइकिल पर बैठाकर किशोरी को रात करीब तीन बजे विभूतिपुर थाना लाया और घटना की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आयी और त्वरित कार्रवाई कर अलग-अलग गांवों के तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

चर्चा है कि युवकों ने दुष्कर्म का वीडियो बना पुलिस को मामले की जानकारी देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। युवकों के जाने के बाद बंधे प्रेमी ने अपने को किसी तरह खोला और साइकिल पर बैठाकर किशोरी को रात करीब तीन बजे विभूतिपुर थाना लाया और घटना की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आयी और त्वरित कार्रवाई कर अलग-अलग गांवों के तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

## पत्रकारिता में रोजी - रोजगार की अपार संभावना है :- प्रो R.N चौरसिया सर

### पत्रकारिता सेवा के साथ साथ प्रतिष्ठित पेशा भी है

समाज जागरण मुरारी झा

दरभंगा पत्रकारिता पेशा आज ग्लैमरस हो गया यह तथ्यों एवं सत्यो का उद्धघटन है इसकी दुनिया दिलचस्प और रहस्यमय है।

पत्रकारिता सेवा के साथ साथ प्रतिष्ठित पेशा भी है

यह समाज व राष्ट्र सेवा का सर्वोत्तम माध्यम हैं, जिसका उपयोग हमेशा मानवता के हित में ही होना चाहिए। यह लोगों में आत्मविश्वास का भाव जगाकर समाज को जोड़ती है।

यदि आप कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति की आवाज बनकर कुछ करते हुए अपने और अपने परिवार का नाम रौशन करना चाहती है तो पत्रकारिता आपके लिए एक बेहतर क्षेत्र साबित होगा। आज पत्रकारिता के क्षेत्र में ग्लैमर, पद, प्रतिष्ठा के संग हजारों युवतियां पत्रकारिता के क्षेत्र में धनोपार्जन के लिए अपना कैरियर संवार रही।

उक्त बाते आज दिनांक 24.06.2022, शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दरभंगा इकाई के द्वारा प्रतिवर्ष गर्मी की छुट्टियों में एम आर एम कॉलेज में आयोजित हो रहे निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु सर्जना निखार शिविर अंतर्गत सी. एम. कॉलेज दरभंगा के इग्नू कॉर्डिनेटर एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के मीडिया पदाधिकारी प्रो **R.N** चौरसिया सर ने कही।




वही ब्यूटीशियन की प्रशिक्षिका ने मेकअप की विधियों को दशार्या। उन्होंने बताया की एक निश्चित दायरे एवं कम संसाधन में रहकर भी एक महिला इस ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त कर हजारों रुपया आसानी से कमा सकती है बस जरूरत है तो खुद के आत्मविश्वास की।

कंप्यूटर का वर्ग ले रहे प्रशिक्षक सूर्यकांत सिंह मंगल ने कंप्यूटर सेट अलग अलग पुर्जों एवं इसके एक दूसरे से जुड़ाव एवं कार्य करने के तरीके को सविस्तार समझाया।

फाइन आर्ट की प्रशिक्षिका अनामिका कुमारी ने किसी इंसान के हुबहू स्केचिंग की बेसिक जानकारी से अवगत करवाया।

नृत्यर्पण नूपुर कलाश्रम की प्रशिक्षिका रंजीता प्रजापति ने कृष्ण राधा के प्रेम को अपने भाव से नृत्य के द्वारा अभिव्यक्त करते हुए दर्शकों को बांधे रखना है इस दिशा में प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर सहयोग में प्रदेश सह मंत्री पूजा काश्यप, वैष्णवी कुमारी, प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, दीपशिखा, अंजली, सूरज ठाकुर सहित दर्जनों सहयोगी उपस्थित थे।

### युवाओ ने नगर पंचायत के लिए अंत तक संघर्ष कर नगर पंचायत का दर्जा दिलवाया

## घनश्यामपुर के युवाओ का मानना है कि हमे ग्राम पंचायत से आपत्ति नही है हमने शुरू से नगर पंचायत के लिए लड़े है आगे भी लड़ते रहेंगे

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

घनश्यामपुर जनप्रतिनिधियों का आक्रोश गलत है हमने आंदोलन दिसम्बर 2019 से लड़ते आ रहे हैं फिर पंचायत चुनाव से किया मतलब नगर पंचायत घनश्यामपुर बनाने की घोषणा हुई जिसमे की घनश्यामपुर गांव को ही शामिल नही किया गया। जिससे घनश्यामपुर ग्रामवासी बहुत आक्रोशित हो गए और विरोध दर्ज करवाया जिसके बाद जिलाधिकारी एस एम त्यागराजन महोदय द्वारा जाँच करवाया गया जिसमे की यह पाया गया की घनश्यामपुर नगर पंचायत के सभी मानको को पुरा करता है जिसके बाद घनश्यामपुर नगर पंचायत मे घनश्यामपुर को शामिल कर लिया गया।

उसके बाद दावा आपत्ति का समय दिया गया जिसको की जिलाधिकारी महोदय ने खारिज कर दिया।

अब बात है नफा और नुकसान के




तो नुकसान तो देख ही लिया अब फायदे देखियेः-वार्डों में साफ-सफाई के इंतजाम करवाना सड़कों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था पानी सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित करना बिल्डिंग बनाने की अनुमति देना आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की व्यवस्था कांजी हाउस की स्थापना और संचालन खतरनाक भवनों को सुरक्षित करना या हटाना एंबुलेंस सेवा को व्यवस्थित रखना सड़कों का नामकरण और घरों की नंबरिंग करनाड्ढ प्राथमिक स्कूल खोलना और उन्हें चलाना स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था करना सड़कों पर यातायात चिह्नों की व्यवस्था शहर में गार्डन और बगीचों का रखरखाव करना सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध करवाना खेल के मैदान का निर्माण इत्यादी और भी बहुत फायदे है

अंत मे अगर नगर पंचायत बनने के फायदे नही होते तो सभी गाँव इसमें शामिल होने के लिये मारा मारी क्यू करते।

## पेंशनधारकों की समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर पंचायत में लगा कैम्प

### शिविर में दर्जनों मामले का ऑन द स्पोट्र्स निराकरण

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

बगहा प्रखंड बगहा एक अन्तर्गत चखनी रजवटिया व बगहा दो के खरहट त्रिभौनी पंचायत मे शिविर लगाकर पंचायतों से आये आवेदको का उनके कार्यो से सम्बंधित आवेदन लेकर आंन द स्पांट सम्बंधित आवेदनों को ले कर आये लाभूको का सुनवाई करते हुए ।उसका निदान किया गया ।बगहा एक बीडीओ कुमार प्रशांत ने बताया कि चखनी पंचायत के संतरेसा कन्या मध्य विद्यालय के परिसर मे चार अलग अलग टेबल लगाकर समाजीक सुरक्षा पेंशन, कन्या विवाह, बिहार शताब्दी योजना, परिवारिक लाभ योजना से संबंधित नये आवेदन लाभूको से लिए गये ।वही जाती, निवास आय से सम्बंधित आवेदन का आंन द स्पांट निपटारा किया गया है ।उन्होंने बताया कि इन सभी योजनाओं से सम्बंधित जो लाभूक बंचित रह गये है उनके लिए प्रथम प्राथमिकता दिया गया है ।साथ ही इस शिविर मे पंचायत मे जो भी पेंशन धारियो का जीवनप्रमारिकरण नही हो पाया है ।उसका भी सभी प्रकार के जरुरत के कागजातो को देखते हुए उनका जीवनप्रमारिकरण का कार्य किया गया है ।बीडीओ ने बताया कि सभी अपना आवेदन दे व उसका लाभ ले सके ।उन्होंने बताया कि इस शिविर मे लगभग 100 नये आवेदको का जांच के उपरांत आंन द स्पांट




24 पंचायतों मे पंचायतवार एक एक सप्ताह पर चिन्हित स्थलो पर शिविर लगा उपरोक्त सभी मामलो का निपटारा आंन द स्पांट किया जायेगा ।साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस शिविर से सम्बंधित जानकारी को ले पंचायतों मे प्रचार प्रसार कर लोगो को जानकारी देने के लिए सम्बंधित पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव तथा कार्यपालक सहायक व विकास मित्रो को बताया गया है ।ताकि प्रचार प्रसार के माध्यम से लोग उपस्थित होकर अपना निपटारा किया गया ।साथ ही पंचायत से सम्बंधित शेष बचे तमाम तरह के पेंशनधारियों का जीवनप्रमारिकरण का भी कार्य बायोमेट्रिक मशीन से अंगुठा लगवा व पासबुक तथा आधार कार्ड का मिलान करा उनको पेंशन लाभान्वित किया गया ।शिविर मे बीपीआरो विजय कुमार ,राजस्व कर्मचारी ललीतेश्वर शर्मा व आईटी सहायक अरविंद कुमार ,विकास कुमार व सम्बंधित पंचायत के कार्यपालक सहायक व जनप्रतिनिधी उपस्थित रहे।

## भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन जयनगर से जनकपुर के लिए रवाना

समाज जागरण

अयोध्या से जनकपुर वाया जयनगर ट्रेन सेवा मंगलवार से शुरू हो गयी है। अयोध्या से 18 दिन की 'रामायण यात्रा' का सफर जयनगर होते हुए जनकपुर के लिए यह ट्रेन आज जयनगर रेलवे स्टेशन से जनकपुर नेपाल के लिए रवाना हुई है ।बता दें कि इस ट्रेन में सवार यात्री 8 हजार किमी का सफर करेंगे जो 8 राज्यों के साथ नेपाल भी जाएंगे। रेलयात्रियों को यात्रा के दौरान ट्रेन यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से गुजरेगी एवं राम से जुड़े तीर्थ स्थलों के दर्शन कराएगी। ट्रेन परिचालन से अयोध्या से लेकर जयनगर,मधुबनी, दरभंगा,नेपाल सहित अन्य लोगो में हर्ष है। बता दें कि भारत और नेपाल के बीच पहली बार भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन 8 हजार किलोमीटर का सफर बिहार से गुजरेगी तथा प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराने के उपरांत 18 दिन में वह वापस अपने गंतव्य पर आयेगी। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म सर्विस (आईआरसीटीसी) द्वारा संचालित की जाने वाली ट्रेन थर्ड एसी है जो देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराते हुए नेपाल के प्रसिद्ध रामजानकी मंदिर तीर्थ दर्शनार्थ जनकपुरधाम पहुंचेगी। इस ट्रेन को श्री रामायण यात्रा के नाम से शुरू किया गया है। यह ट्रेन भगवान राम से जुड़े प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराएगी। रेलवे मंत्रालय ने ट्रेनों को किराए पर देने के लिए नई योजना भारत गौरव शुरू की है। इसके तहत चलाई जाने वाली पहली ट्रेन भारत और नेपाल दोनों देशों को आपस में जोड़ेगी। यह ट्रेन नेपाल के जनकपुर तक जाएगी, जहां पर रामजानकी मंदिर है। करीब 600 यात्री एक साथ इस गाड़ी में सफर कर सकते हैं । ट्रेन सीसीटीवी कैमरे से लैस है। सुरक्षा के लिए गार्ड भी मौजूद है।

## मेगा ऋण वितरण समारोह का हुआ आयोजन

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

गौराबौराम के स्वयं सहायता समूहों को जीवकोपार्उजन के उदेश्यों को पूर्ण करने के लिए उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के आसी ( बौराम ) शाखा द्वारा आयोजित मेगा ऋण वितरण समारोह का आयोजन किया गया क कार्यक्रम के मुख्य अथिति उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मानस कुमार सिन्हा थे। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रबन्धक मानस कुमार सिन्हा, सूक्ष्म वित्त प्रबन्धक समीर कुमार सिंह, प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका अनिल कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक विश्वजीत झा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

स्वागत गान जीविका के जीविका मित्र रानी कुमारी और गुड़िया देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जीविका के प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 70 समुहों को एक करोड़ रूपए का ऋण वितरित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रबन्धक श्री मानस कुमार सिन्हा द्वारा बताया गया कि सभी जीविका दीदी प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवम प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे मे विस्तार पूर्वक बताते हुए इसका का लाभ उठाने का अपील किए। साथ ही साथ जीविका के कार्यो की तारीफ करते हुए समय पर ऋण वापसी का आग्रह किया। प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि लिए जा रहे ऋण से कोई न कोई रोजगार करें और आत्म निर्भर बनें जिससे भविष्य में ऋण लेने की अवश्यकता नहीं पड़े और दूसरे लोगों के लिए आदर्श स्थापित हो कि जीविका के माध्यम से ऋण प्राप्त कर दीदियां आत्म निर्भर एवम स्वावलंबी बन रही हैं और समय पर ऋण वापसी कर रही हैं।



सुक्ष्म वित प्रबन्धक समीर कुमार सिंह द्वारा सभी दीदियों को आपस में समूह के ऋण राशि से स्वरोजगार के बढ़ावा पर जोर देते हुए गरीबी से बाहर निकलने की अपील किए। शाखा प्रबंधक विश्वजीत झा द्वारा जीविका का ऋण वापसी का औसत अच्छा होने पर तारीफ किया गया और बताया गया कि इसी तरह ऋण समय पर वापस करें जिससे आगे भी इसी तरह ऋण दिया जा सके। साथ ही साथ सभी दीदियों को ग्रामीण बैंक में खाता खोलवाने का आग्रह किया। आज के ऋण वितरण समारोह में सभी राशि का डिजिटल भुगतान दीदियों के खाता में किया गया। इसका क्षेत्रीय प्रबन्धक महोदय द्वारा सराहना किया गया। जीविका गौराबौराम में पिछले 2 वर्षों से सभी शाखाओं में डिजिटल ट्रांसफर किया जा रहा है।

कार्यक्रम में बैंक के पदाधिकारी चन्दन कुमार, लेखापाल प्रिंस कुमार गिरी, क्षेत्रीय समन्वयक मनीष कुमार गुप्ता, सामूदायिक समन्वयक सतीश कुमार महतो, नीरज कुमार, जीविका के डाटा इंट्री ऑपरेटर पंकज कुमार, वीरेन्द्र कुमार यादव, शिवकुमार पासवान, गणेश चंद्र झा, बैंक मित्रा नाजिया प्रवीण सीएम गुड़िया देवी, रानी कुमारी, कीमती कुमारी संगीता देवी, मिट्ठू देवी, नीतू देवी, रिजवाना खातून शबाना खातून मनीषा कुमारी सहित लगभग 300 जीविका दीदियां उपस्थित थी। धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय समन्वयक मनीष कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

## एनएच सड़क व आरओबी निर्माण में सड़क पर धूलकण से बचाव को लेकर पानी छिड़काव को लेकर एसडीएम से की मांगे

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

बगहा नगर के एनएच 727 मुख्य सड़क मार्ग में एनएच सड़क व आरओबी निर्माण में संवेदक द्वारा सड़क के किनारे मिट्टी गिराकर यात्र तत्र छोड़ देने व सड़क भराई के दौरान पानी का छिड़काव समय समय से नही कराये जाने से मिट्टी का धूलकण हल्की हवा या छोटे बड़े वाहनों के परिचालन के दौरान हवा में उड़ ने से सड़क अंधेरा में तब्दील हो जा रहा है जिससे सफर कर रहे यात्री एवं राहगीरों को स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है साथ ही साथ छोटी-छोटी घटनाएं आम बात बनी हुई है कोई बड़ी घटना के स्वरूप में ले ले लोगों को चिंता सताए जा रही है बता दें कि नगर के एनएच 727 मुख्य सड़क मार्ग में डुमवलिया मोड़ के समीप से लेकर एसपी ऑफिस रोड होते हुए अनुमंडल कार्यालय से लेकर मंत्री मार्केट तक यातायात के दौरान राहगीर एवं यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर नगर के सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक राजेन्द्र पंडित , रमेश राम ,बिष्णु प्रकाश , मोहन प्रसाद साहू ,अजयनाथ , राजेन्द्र प्रसाद आदि ने एसडीएम दीपक कुमार मिश्र से सड़क पर उड़ रहे धूलकण से निजात दिलाने के लिए मिट्टी भराई स्थलों पर पानी छिड़काव कराने की मांग की है ताकि लोग बेखौफ सड़क से सफर कर सके

## विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च, रउट-रउढड के साथ भारी संख्या में पुलिस बल ने लिया शांति व्यवस्था का जायजा

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

जिला भर में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैगमार्च किया जा रहा है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो औड्ट विधि व्यवस्था के हालात पैदा न हो। दरअसल किसान संघ द्वारा आज भारत बंद के मद्देनजर ये सावधानी बरती जा रही है और एहतियातन बंदी को लेकर पूरा जिला प्रशासन अलर्ट मोड में हैं

गोरखपुर बेतिया मुख्य सड़क ठल 727 पर खुद आईएएस अधिकारी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में निगरानी रखी जा रही है। वहीं शांति व्यवस्था के लिए विगत दिनों लगे धारा 144 को अब निरस्त कर हटा दिया गया है। बावजूद इसके प्रशासन बेहद संजीदा है। डीएम कुन्दन कुमार के निर्देश पर बेतिया,बगहा व नरकटियागंज में रउट के साथ साथ रउढड औड्ट भारी संख्या में पुलिस जवान सड़कों पर गश्ती कर रहे है। तो वहीं रउट दीपक मिश्रा जिले वासियों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं



## गन्ने के खेत मे कंकाल मिलने से गांव में सनसनी का माहौल।

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

बगहा पुलिस जिला अंतर्गत बथवरिया थाना क्षेत्र के बिसुनपुरवा गांव के लोरिक यादव अपने घर से 17 जून की रात अपने दोस्तो के साथ एक साथ बाइक पर निकला और घर नही लौटा तो परिजनों ने बथवरिया थाना में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बृहस्पतिवार की सुबह घर से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर चम्पारण तटबंध पर गन्ने की खेत से एक क्षत विक्षत कंकाल बरामद हुआ है। जिसको लेकर गांव में हंगामा मच गया। जिसे देखने के लिए हजरों की भीड़ हो गई। वही गुमसुदगी की रिपोर्ट के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन नही मिला। कंकाल मिलने की सूचना पर पहुँचे पिता साधु यादव ने लोवर तथा टी शर्ट से अपने बेटे लोरिक यादव को पहचान कर लिया। मौके पर पहुची पुलिस ने कंकाल को अपने कब्जे में लेने का पुरजोर प्रयास किया लेकिन मौजूद ग्रामीण व परिजनों ने घटनास्थल पर बगहा पुलिस अधीक्षक को बुलाने की जिद पर अड़ गए। मृत युवक चार भाई है जिसमे दूसरा स्थान है। मृत युवक की शादी 5 वर्ष पहले बगहा शास्त्रीनगर में हुई थी। पत्नी मधु देवी तथा 3 वर्षीय बच्ची को अपने पीछे छोड़ गए। मृत युवक जीविकोपार्जन के लिए फर्नीचर बनाने का काम करता था। हत्या में शामिल कृष्णा साह ने अपना गुनाह स्वीकार करते हुए बथवरिया थाना पुलिस को आत्मसमर्पण कर दिया है। मामले की जानकारी देते हुए रामनगर एसडीपीओ जयनारायण राम ने बताया कि कपड़ा से पहचान की गई है। तथा हत्यारा भी हिरासत में है। हत्या में शामिल अन्य लोगो की तलाश जारी है जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। कंकाल को फोरेंसिक लैब बेतिया जिला अस्पताल भेजा गया है।



## अग्निवीर योजना के विरूद लोजपा कार्यकताओं ने दिया बीडीओ को ज्ञापन।

समाज जागरण

गौनाहा / गुरुवार को लोजपा रामविलास कार्यकताओं के प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी गौनाहा से मिलकर महामहिम राज्यपाल बिहार के नाम से ज्ञापन दिया । प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार महतो ने बताया कि केंद्र सरकार जो अग्नि वीर विधयक लायी है उससे भारत के पढ़े लिखे नौ जवानों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा आज सिर्फ जल थल वायु सेना में इसकी बहाली सिर्फ 4 साल के लिए ठेका प्रथा पर निकाली जा रही है यह कहीं ना कहीं हमारे देश के सीमाओं पर अपना जान गवाने वाले सैनिको को कमजोर करने की साजिश है ।सीमा पर डटे रहने वाले हमारे देश के सैनिको को मन में हमेशा आशंका रहेगी कि सरकार हमें 4 साल के बाद हटा देगी और इसी सोच में वह जांबाज मां भारती की सेवा में कहीं ना कहीं चुक कर देंगे ।इससे हमारे देश के सीमाओं की सुरक्षा में भी सेंध लगाए जा सकते हैं बॉर्डर पर रहने वाले सैनिक सिर्फ पैसों के लिए सेवा नहीं करते हैं वहअपने देश की आन बान शान को बचाए रहने के लिए करते हैं। 20 /21 मे बिहार के अभ्यर्थियों ने वायु सेना में 7000 सीटें निकाल लिया जिसमें उनको फिजिकल मेडिकल ग्रीन कार्ड मिल चुका है सिर्फ उनका नियुक्ति होना बाकी रह गया था उस अभ्यर्थियों को हमारी सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र दे ।लोजपा कार्यकर्ता नंदकिशोर राम लालजी पासवान सिकंदर महतो रविंद्र पटेल मोहन पासवान इत्यादि मौके पर मौजूद थे




## जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस और पीएसी रही मुस्तैद

समाज जागरणपाली /हरदोई। पिछले दिनों जुमे की नमाज के बाद कानपुर में हुए भारी बवाल को देखते हुए पाली में जुमा के दिन मस्जिदों में हुई नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर रही। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पाली पुलिस पूरी तरह तैयार है। शुक्रवार को न्यायिक एसडीएम व सीओ की अगुवाई में नगर की सभी प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस और पीएसी मुस्तैद रही। आपको बता दें कि पिछले दिनों बीजेपी की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने से एक समुदाय विशेष में रोष छा गया था और कानपुर में जुमे की नमाज के बाद भारी बवाल हुआ था। दोबारा कहीं भी ऐसी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर रखी है। क्षेत्राधिकारी शाहाबाद हेमंत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस कोई कोताही बरतने के मूड़ में नहीं है, पाली नगर के उलेमाओं व मौलानाओं से वार्ता की गई और उनसे शांति व्यवस्था बरकरार रखने में सहयोग की अपील की गई है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुनील दत्त कौल ने बताया कि नगर की जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों के बाहर पुलिस और पीएसी बल को मुस्तैद किया गया। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील करते

22 may 2022:Layout 1 6/25/2022 1:39 AM Page 9



## जहानाबाद जिला जज ने मोटर दुर्घटना के शिकार के पीड़ित परिवार को दिया मुआवजा राशि का चेक।

**दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद मोटर दुर्घटना दावा वाद संख्या 01/2020 में जहानाबाद जिले के लखन सम्भा निवासी धीरज कुमार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने सोलह लाख रुपये मुआवजा राशि का चेक दिया।



इस बात की जनकारी देते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश सह सचिव विधिक सेवा प्राधिकार अजय कुमार ने बताया कि आवेदक धीरज कुमार की माता कृष्णा कुमारी को स्कूल जाने के क्रम में ट्रैक्टर से धक्का लग गया था जिससे वह दुर्घटना ग्रस्त हो गई और उनकी मौत हो गई। मुआवजा पाने के लिए आवेदक ने दुर्घटना दावा वाद दायर किया था। उक्त दुर्घटना कारित करने वाला ट्रैक्टर मैग्मा जेनरल इन्सुरेंश कम्पनी से बीमित था। उक्त वाद में आवेदक एवं बीमा कंपनी ने न्यायलय में लगने वाले राष्टीय लोक अदालत में आपसी समझौता के आलोक में बीमा कम्पनी ने 16 लाख का चेक न्यायलय में जमा कराया था। जिसका चेक आवेदक को जिला जज राकेश कुमार सिंह ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव विधिक सेवा प्राधिकार अजय कुमार की उपस्थिति में दिया।
जिला जज ने आवेदक को यह निर्देश दिया कि इस पैसे को आप सार्थक प्रयोग में लाएंगे, एवं इसका कुछ भाग फिक्स डिपॉजिट कर देंगे ताकि समय आने पर आपके कम आवे।

## जहानाबाद जातीय जनगणना कराने के निर्णय को लेकर निकाले जाने वाले धन्यवाद यात्रा की सारी तैयारियां पूरी, सीएम के सम्मान में सैकड़ों लोग होंगे शामिल।

**दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद आज शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक राहुल शर्मा की अध्यक्षता में 25 जून शनिवार को धन्यवाद यात्रा को सफलता हेतु बैठक आयोजित की गई।
जिसमे मुख्य रूप से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सराहनीय ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय कर बिहार में जातीय जनगणना कराने के लिए मुख्यमंत्री के सम्मान में पार्टी के कार्यकताओं बुद्धजीवी समाजसेवी युवा किसान नौजवान द्वारा 25 जून शनिवार को पूर्वाहन दस बजे से जनता दल यूनाइटेड के बैनर तले पार्टी कार्यालय कोर्ट एरिया से अरवल मोड़ तक धन्यवाद यात्रा को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया।



बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का जातीय जनगणना कराने के लिए जहानाबाद जिला में विशाल धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी। इस धन्यवाद यात्रा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। धन्यवाद यात्रा को सफल बनाने हेतु हुए इस बैठक में महेन्द्र सिंह, अमित कुमार उर्फ पमू, रामभवन सिंह कुशवाहा सुनील पाण्डेय मुर्तजा अंसारी आदि शामिल थे।

## जहानाबाद : जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय वादों की हुई सुनवाई, 17 मामलों में पारित किया गया आदेश

**दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद : जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय वादों की सुनवाई की गयी।



जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अपील से संबंधित कुल 31 मामलें जिला पदाधिकारी के समक्ष आएं, जिनमें 17 मामलों में आदेश पारित करते हुए निष्पादन कर दिया गया। शेष 14 परिवादों में स्थल जांच करते हुए तथ्यात्मक एवं आत्मभारित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु विभिन्न लोक प्राधिकारों को अगली निर्धारित तिथि को उपस्थित होने का निदेश दिया गया। सुनवाई में ज्यादातर मामलें भूमि विवाद, अतिक्रमण, आँगनबाड़ी, विद्युत, नल जल योजना इत्यादि से संबंधित थें। लोक प्राधिकार के रूप में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस ,अंचल अधिकारी काको, मखदुमपुर, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सात लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार।

नारदीगंज,नवादाः-थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस ने गुरुवार को देर शाम में छापेमारी की। इस मौके पर सात लीटर महुआ शराब के साथ दो धंधेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने दिया। उन्होंने बताया गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कुझा गांव में बबलू चौधरी को चार लीटर महुआ शराब व कहु आरा भट्ट बिगहा गांव में सुनील चौधरी को तीन लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों धंधेबाजों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत क्रमशः कांड संख्या 175/22 तथा 176/22 दर्ज कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।

## वर्षा होते ही भीषण गर्मी से मिली राहत।

नारदीगंज,नवादाः- नारदीगंज के विभिन्न गांवों मौसम ने अचानक मिजाज बदल दिया।और देखते देखते आसमान में काले काले बादल छा गये। शुक्रवार को दोपहर के बाद वर्षा शुरू हो गई। तेज धूप से तप्त भूमि में थोड़ी सी नमी आ गई। भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। हल्की वर्षा होने से किसानों के चेहरे पर भी थोड़ी सी मुस्कान देखी जा रही है। खेतों में डालें गये धान के बिचड़े को भी माने तो अमृत पान हुआ है। पानी के अभाव में गर्मी से सुख रहें बिचड़े में रौनक लौट आने की उम्मीद देखी जा रही है। किसान कहते हैं कि अद्रा नक्षत्र बीत रहा है, इस नक्षत्र में पहली वार आसमान से कुछ बूंदे भूमि पर गिरी है, झमाझम पानी आ जाता तो खेती के लिए ज्यादा उपयुक्त होता।इधर,पानी पड़ने से नारदीगंज में राजगीर बोधगया राजमार्ग पर जगह जगह जमाव हो गया है,मार्ग में कीचड़ हो जाने से आमलोगों को चलना भी दूभर हो गया है। लोग कीचड़ से बचने के लिए कोशिश करते हैं, लेकिन सड़क पर चलती वाहन से कीचड़ भी कपड़े को बर्बाद कर दे रहें हैं। हालत यह है कि सड़क मार्ग में गढे है, जिसमें पानी का जमाव हो जाने से दुर्घटना का सबब बना हुआ है। प्रखंड के किसान झमाझम वर्षा होने का इंतजार कर रहें हैं।

## एसडीओ एवं एसडीपीओ करेंगे कुल 164 कोचिंग संस्थानों की जाँच की !

**समाज जागरण नवादा(का. स.)**

नवादा में 164 कोचिंग संस्थान को सदर एसडीओ एवं एसडीपीओ जांच किया जा रहा निबंधन प्रमाण पत्र के लिए आवेदन जमा करने वाले कोचिंग संस्थानों का स्थलीय जांच शुरू हो गई है। आज सदर एसडीओ उमेश कुमार भारती कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण करने पहुंचे। आपको बता दें कि डीएम के निर्देश पर गठित टीम कोचिंग संस्थान जाकर निर्धारित मापदंडों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। एसडीओ ने बताया कि अब तक कोचिंग संस्थान के निबंधन के लिए 164 आवेदन प्राप्त हुए जिसका स्थलीय जांच किया जा रहा है।

## उज्ज्वल कुमार सिंह अपर समाहर्ता एवं मो0 नैय्यर एकबाल उप विकास आयुक्त के अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित।

**समाज जागरण**
**नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादाः-शुक्रवार को श्रीमती उदिता सिंह जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देश के आलोक में समाहरणालय के सभाकक्ष में श्री उज्ज्वल कुमार सिंह अपर समाहर्ता एवं मो0 नैय्यर एकबाल उप विकास आयुक्त, नवादा ने संयुक्त रूप से जनता दरबार आयोजित किये। विभिन्न प्रखंडों से कुल 92 परिवादियों के द्वारा शिकायतों से संबंधित आवेदन दिया गया। जिसमें से 30 आवेदनों को ऑन स्पॉट अधिकारियों के द्वारा निष्पादित कर दिया गया। आज मुख्य रूप से जमीनी विवाद, अनुकम्पा नौकरी, रास्ता विवाद, मानदेय भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना, राषन, शौचालय का प्रोत्साहन राशि, अतिक्रमण, निजी जमीन पर कब्जा मुक्त करने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। राजस्व और भूमि विवाद से संबंधित सभी आवेदन अपर समाहर्ता के द्वारा निवारण किया गया और प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय आदि से संबंधित आवेदन



उप विकास आयुक्त के माध्यम से निवारण किया गया। शेष 62 आवेदनों को संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर दो सप्ताह के अन्दर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। मो0 कैफ आलम नामक आवेदक ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से लाभ दिलाने के लिए आवेदन दिया। उसे निर्देश दिया गया कि डीआरसीसी के पोर्टल पर अपना आवेदन को ऑनलाईन करें। काउन्सिलिंग के उपरान्त स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिकतम 04 लाख रुपए का षिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदक को डीआरसीसी के मैनेजर को आवश्यक मार्गदर्शन देने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में श्रीमती अमु आमला वरीय उप समाहर्ता, श्री सत्येन्द्र प्रसाद के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जहानाबाद : जिले में पहली बार सिविल सर्विसेज की तैयारी विषय पर होने जा रहा कार्यशाला का आयोजन, दिल्ली के EDEN IAS इंस्ट्यूट के विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं का करेंगे मार्गदर्शन

**समाज जागरण**
**जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद : 24 जून 17 जुलाई को जहानाबाद की धरती पर दिल्ली के EDEN IAS इंस्ट्यूट के विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को इंटरमीडिएट के बाद यूपीएससी तैयारी विषय पर कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। उक्त जानकारी ॐ साई राम फिजिक्स क्लासेस के निदेशक संजीव कुमार ने दी है।
उन्होंने बताया कि जिस तरह इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी 10th औरX 12th के बाद शुरू होते हैं। उसी तरह यूपीएससी की तैयारी भी बच्चे 12इँ के बाद कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों में सिविल सर्विसेज के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आत्मविश्वास में वृद्धि के लिए ईडेन आईएएस इंस्टीट्यूट दिल्ली की निदेशिका और बिहार की बेटी अपूर्वा भार्गव और देश के जाने




माने एथिक्स एंड essay मेंटर गुरु तीर्थकर राय चौधरी बच्चों से रूबरू होंगे और उन्हें मार्गदर्शन करेंगे।
वही केमिस्ट्री की जहानाबाद के प्रसिद्ध शिक्षक एम कुमार ने बताया कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता विकास में यह कार्यशाला काफी महत्वपूर्ण साबित होगी क्योंकि सिविल सर्विसेज में हमेशा ही बिहारियों का दबदबा रहा है। और उन बच्चों के लिए जो उचित मार्गदर्शन के अभाव में यूपीएससी तथा अन्य सिविल सर्विसेज की तैयारी नहीं कर पाते हैं। उनके लिए यह कार्यशाला कारगर साबित होगा ।
वहीं EDEN IAS इंस्ट्यूट के बिहार पीआरओ जयपाल आर्या ने कहा की यह कार्यशाला कम उम्र में बच्चों को सिविल सर्विसेस में बैठने के लिए प्रेरित करेगा। मौके पर इंजीनियर एस खान, सरताज सर और राघवेन्द्र सर मौजूद रहे ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी हेतु बैंक पदाधिकारियों के साथ बैठक का किया गया आयोजन। अजय कुमार पाण्डेय

**समाज जागरण**

औरंगाबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव, प्रणव शंकर द्वारा शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में अग्रणी बैंक प्रबन्धक, क्षेत्रीय प्रबन्धक, शाखा प्रबन्धक, के साथ बैठक किया गया, तथा आगामी 13 अगस्त 2022 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के सिलसिले में उनके द्वारा बैंक ऋण से सम्बन्धित मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाने हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश भी दिया गया। साथ ही बैंक से सम्बन्धित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कोरोनाकाल में लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है ! वैसी परिस्थिति में बैंक को लचिला रूप रखकर समझौता करने के लिए आगे आना होगा। सचिव द्वारा बताया गया है कि बैंक पदाधिकारियों द्वारा आश्वासन भी दिया गया है कि वैसे मामलें जो पुरानें हैं, और सम्बन्धित पक्षकार राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने बकाया ऋण को निपटाना चाहते हैं ! उन्हें अधिक से अधिक लाभ दिया जाएगा। सचिव



द्वारा अधिक से अधिक लोगो को इसका लाभ देने हेतु बैक पदाधिकारियों को निदेशित भी किया गया! साथ ही सचिव द्वारा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 13 अगस्त 2022 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 2,000 वादों का निष्पादन हेतु लक्ष्य है ! यह तभी प्राप्त होगा ! जब बैंक पदाधिकारी लचिला एवं मानवीय पहलु को ध्यान में रखेंगें। पदाधिकारियों ने भी इस बात का आश्वासन सचिव को दिया है कि उनके द्वारा पुरी कोशीश की जाएगी, कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए निर्धारित किया गया लक्ष्य प्राप्त हो। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबन्धक, उपेन्द्र चतुवेर्दी, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक प्रबन्धक, संटु कुमार, मयंक कुमार सिन्हा, भारतीय स्टेट बैंक के राजेश कुमार, पंजाब नेशनल बैंक से दिनेश कुमार, डी0सी0ओ0 राजेश धवल तथा अन्य बैंक के पदाधिकारी भी उपस्थित रहें। सचिव द्वारा बैंक से सम्बन्धित पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि विशेष बैठक। ( प्री - सिटिग ) कर आने वाले ऋणियों के साथ मामलें का अधिक से अधिक निपटारा करें।

## *मखदुमपुर के कच्छनामा ग्राम के देवी मंदिर के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर स्वर्गीय जगन्नाथ मिश्रा का जन्म दिन मनाया गया।

**दैनिक समाज जागरण**

टिकारी ( विश्वनाथ आनंद ):- गया मगध प्रक्षेत्र के जहानाबाद जिला अंतर्गत मखदुमपुर प्रखंड के कंचनामा ग्राम के देवी मंदिर के प्रांगण में बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर स्वर्गीय जगन्नाथ मिश्रा का जन्मदिन डॉक्टर अमरेश कुमार मिश्रा के तत्वाधान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ' जिसकी अध्यक्षता वर्तमान मुखिया राजेश कुमार ने किया ' उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय मिश्र के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला ' उपस्थित लोगों में डॉक्टर शिव रतन मिश्र, सुनील कुमार मिश्र, राजीव कुमार मिश्र ,सुकेश कुमार मिश्र ,शाश्वत मिश्र, श्री नंदकिशोर मिश्रा ,रविंद्र मिश्रा, सरपंच रंजीत कुमार ,वार्ड सदस्य कमलेश कुमार ,दिलीप कुमार, पंचायत समिति पुकार पासवान, कपिल देव सिंह, बिंदेश्वर प्रसाद सिंह, शिवजन्म सिह ,सीएससी अमरजीत कुमार ,रोबोट मुन्ना नरेश



साव ,ब्रजेश कुमार, अभिराम पासवान, राजद प्रदेश महासचिव अमरजीत कुमार, नरेश शाह, रामाशीष बिंद, राजेंद्र बिंद ,रामपति सिह, सुभाष कुमार, अवधेश यादव ,जितेंद्र बिंद, महेश कुमार बिंद, अवधेश बिंद, महेंद्र प्रसादबिंद ,बच्चों बिंद, शक्ल यादव ,जिल्लू बिंद, सत्यनारायण बिंद, नीरज कुमार, जमकी पासवान, आदित्य ग्राम एवं महिला बुद्धिजीवी दुलारी देवी, माधुरी देवी एवं प्रभा कुमारी ने विस्तार पूर्वक स्वर्गीय मिश्र की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय मिश्रा ने जो अपने समय काल में कार्य किया है, जिसकी जितनी भी तारीफ किया जाए कम है ' वही भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच के सुनील कुमार मिश्रा ने कहा कि डॉ मिश्रा ने अपने समय काल में शिक्षा का अलख जगाने का काम किया था जो आज भी शिक्षा जगत में चर्चा बनी रहती है ' उन्होंने आगे कहा कि स्वर्गीय मिश्र के पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है '

## हिंदी और अंग्रेजी के पेंच में फसा लोहार जाति का आरक्षण, लोहार को नही लोहारा को मिलेगा अनुसूचित जनजाति का लाभ लोहारा कोई जाति नहीं, लोहार ही लोहारा है

गया से (रमेश कुमार)शहर के गांधी मैदान स्थित धरना स्थल पर गुरुवार को आदिवासी जागरण मंच के नेतृत्व में काला बिल्ला लगाकर धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता आदिवासी जागरण मंच के रामाश्रय विश्वकर्मा एवं संचालन विगन विश्वकर्मा ने किया। इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोहार समाज सरकार को बताने का प्रयास किया कि लोहार जाति ही लोहारा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2016 में लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने का कार्य किया था जिसे उच्च न्यायालय द्वारा लोहार और लोहारा कहकर इसे निरस्त कर दिया गया जो असंवैधानिक है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने काली पट्टी लगाकर अपनी हक को सरकार से अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का मांग कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष भीम विश्वकर्मा ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर का दिया हुआ हक हम लोगों को छीना जा रहा है, जो लोहार जाति के साथ अन्याय किया जा रहा है। धरना प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी से मिलकर एक ज्ञापन पत्र सौंपा है और मांग किया है कि लोहार जाति को आदिवासी का दर्जा दिया जाय, अगर दर्जा नहीं दिया जाता है तो आदिवासी जागरण मंच सड़क पर उतर कर आंदोलन करने पर विवश होंगे। इस मौके पर रघुनंदन विश्वकर्मा, उमेश विश्वकर्मा प्रदीप विश्वकर्मा, सुधीर विश्वकर्मा जयप्रकाश विश्वकर्मा राजेश विश्वकर्मा, लीलावती शर्मा, कलावती देवी भोला विश्वकर्मा ,सहित कई लोग शामिल रहे।

## जीविका दीदी पंच सुत्रा का पालन हर हाल में करे : जिला परियोजना प्रबंधक श्री पंचम कुमार दांगी।

**समाज जागरण**
**नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादाः-शुक्रवार को एसबीआई शाखा हिसुआ नवादा मे जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक श्री पंचम कुमार दांगी, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक श्री विकास सिन्हा, जीविका हिसुआ के प्रखंड परियोजना प्रबंधक बसंत कुमार, जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक एवं समुदाय समन्वयक की उपस्थिति में 72 जीविका स्वयं सहायता समूहो को 1 करोड़ 92 लाख का वित्तीय समावेशन के तहत 16 समुहों को प्रथम लिंकेज एंव 56 समूहों को द्वितीय लिंकेज किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 जीविका दीदीयों ने भाग लिया।इस कार्यक्रम के दौरान प्रखंड परियोजना प्रबंधक बसंत कुमार के द्वारा बताया गया कि आप समय से पैसे का लेनदेन करेंगे, तो बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा जिससे जीविका दीदी को जीविकोपार्जन के अलग-अलग



गतिविधि किया जाएगा। मुख्य शाखा प्रबंधक बिकास सिन्हा के द्वारा बताया गया कि जीविका दीदी काफी जागरूक हो चुकी है, एवं बैंक का पैसा समय पर वापस कर रही है, इसीलिए बैंक से लोन देने में किसी भी तरह का परेशानी नहीं होती है। जिला परियोजना प्रबंधक जीविका नवादा पंचम कुमार दांगी के द्वारा सभी उपस्थित जीविका दीदीयों को संबोधन करते हुए यह बताया गया कि जीविका दीदी पंच सुत्रा का पालन हर हाल में करते रहे, और बैक ऋण का वापसी करते रहे, एवं सभी जीविका दीदी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा अवश्य रूप से कराएं। किसी भी तरह का दुर्घटना होने पर आपके परिवार को इ2 लाख रुपये तक का वित्तीय सहायता बैंक के माध्यम से दिया जायेगा। जीविका दीदी के द्वारा बताया गया कि सभी नियमों का पालन किया जाएगा एवं सभी योग्य का बीमा करवाएंगे एवं समय पर मांग के अनुसार ऋण वापसी भी किया जाएगा।

## बाल संरक्षण समिति की बैठक में बच्चों के संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा।

**समाज जागरण**
**नवादा( आर्यन मोहन)**

नवादाः-शुक्रवार को जिले के अकबरपुर प्रखंड के मुख्यालय कक्ष में बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री डॉ० मृत्युंजय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। उस पर हम सभी को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। ताकि हमारे समाज का बच्चे और बच्चियां दोनों को इसका लाभ मिल सके। वही उन्होंने कहा कि आज भी हमारे समाज में बाल विवाह, बाल मजदूरी की प्रथा चली रही है। जिसको हम सभी मिलकर समाप्त करने का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण समिति सभी जनप्रतिनिधि एवं जन सेवक की जिम्मेदारी है। इसलिए कोई भी बच्चा बाल मजदूरी,बाल विवाह तथा सामाजिक कुपोषण का शिकार न हो इसके लिए हर स्तर पर जागरूकता फैलाएं एवं ऐसी स्थिति त्वरित सहयोग प्रदान करें एवं घटना की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर दें।एक्शन ऐड संस्था प्रतिनिधियों ने बाल संरक्षण



समिति की संरचना, कार्यों एवं सामुदायिक स्तर इससे होने वाले लाभों पर चर्चा किया। साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि द्वारा बच्चों से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी।एक्शन एड के जिला समन्वयक ने उपस्थित सभी सदस्यों को बाल श्रम,बाल विवाह, बाल तस्करी के आंकड़ों से अवगत कराते हुए मुखिया महोदय एवं वार्ड सदस्यो से पंचायत और वार्ड स्तर पर सभी प्रकार के आंकड़ों की जानकारी रखने हेतु बच्चों से संबंधित सर्वे पंजी मुखिया को सौंपा गया। चाइल्डलाइन के प्रतिनिधि ने बच्चों से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर सूचना देने की अपील की।इस मौके पे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री मृत्युंजय कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्रीमती कंचन माला,बाल संरक्षण पदाधिकारी श्री मुकेश कुमार,प्रतिनिधि प्रखण्ड प्रमुख श्रीमती आशा देवी, प्रतिनिधि प्रखण्ड उप प्रमुख श्रीमती संधि देवी,विभिन्न पंचायतों के मुखियागण, एक्शन ऐड एसोसिएशन ज़िला समन्वयक अरबिंद कुमार, प्रखण्ड समन्वयक जेबा वसी, अल्ताफ, चाइल्डलाइन के ज़िला समन्वयक राज कुमार, परामर्शी आर्यन मोहन, सभी क्ळउ महिला पर्यवेक्षिका, क्ळउ प्रखण्ड समन्वयक आकाश कुमार।

## औरंगाबाद सांसद द्वारा किया गया अनुशंसा पर अंबा बाजार में बाईपास निर्माण हेतु पथ निर्माण विभाग ने दी स्वीकृति।

**समाज जागरण**

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादऔरंगाबाद भाजपा सांसद, सुशील कुमार सिंह द्वारा किया गया अनुशंसा एवं अथक प्रयास से अम्बा बाजार में बाईपास निर्माण हेतु पथ निर्माण विभाग पटना मुख्य अभियंता द्वारा निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। यह अम्बा बाईपास रोड राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या - 139 से पिपरा मोड़ वाया सिमरा मोड़, पिपरा बिगहा, झरहा, सोनवरसा, नेउरा होते हुए किया जाएगा। इसकी दूरी 11.66 किलो मीटर तथा प्राक्कलन निर्माण की कुल राशि 6657. 59 ( छियासठ करोड़ संतावन लाख उनसठ हजार रूपया )प्रदान किया गया है। इस निर्माण को लेकर सांसद ने कहा है कि स्थानीय लोगों द्वारा इस बाईपास निर्माण के लिए बहुत दिनों से मांग किया जा रहा था ! इनकी मांगों को लेकर मेरे द्वारा बाईपास निर्माण हेतु बिहार - सरकार के पथ निर्माण विभाग को प्रस्ताव दिया गया था, परन्तु पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं द्वारा सही जानकारी के अभाव में गलत एलायमेंट बनाकर भेज दिया गया था ! विभाग द्वारा



भेजे गए एलायमेंट पर बाईपास का निर्माण होता, तो बाईपास की उपयोगिता न के बराबर रह जाती ! अगर उस एलाइनमेंट के द्वारा निर्माण कार्य होता ! तब डालटेनगंज की ओर से आने वाली सभी वाहन अम्बा मोड़ से होकर ही प्रस्तावित सड़क को पकड़ पाएगी, जिससे अम्बा मोड़ पर वाहन जाम की समस्या बनी रहेगी, क्योंकि एलायमेंट कई गांव के संक्रीन गलियों से होकर गुजर रहा था, फिर मैंने पथ निर्माण विभाग को सुझाव दिया कि इस एलायमेंट को बदल दिया जाए ! फिर पथ निर्माण विभाग द्वारा मेरे सुझाव के आलोक में स्थल निरीक्षण उपरांत पाया गया कि अगर अम्बा बाईपास का निर्माण पिपरा मोड़ से सिमरा मोड़ वाया झरहा मोड़ सोनबरसा कर दिया जाए, तो उक्त बाईपास की उपयोगिता काफी बढ़ जाएगा, और मेरे सुझाव पर पथ निर्माण विभाग ने इस बाईपास का निर्माण कार्य की स्वीकृति नए एलायमेंट के रूप में दिया है। इस बाईपास के निर्माण होने से यात्रियों को जाम की समस्या से निजात मिलेगा ! अब लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा ! इस निर्माण कार्य के लिए औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र, कुटुंबा तथा अम्बा के लोगों ने सांसद के प्रति धन्यवाद एवं आभार भी प्रकट किया है। जिसकी व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी, मितेंद्र सिंह ने दिया है !

## डॉ जगन्नाथ मिश्रा, राजनीति के दुर्गम पथ में चुनौतियों से कभी हार नहीं मानी--डॉक्टर विवेकानंद

**दैनिक समाज जागरण**

टिकारी से ( विश्वनाथ आनंद ):- सत्य, अहिंसा जैसे प्रेरक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था, दृढ़ संकल्प, अदम्य उत्साह, उत्प्रेरक अभिलाषा के पाथेय, भारतीयता के आदर्श के प्रतीक चिह्नों के साथ राजनीति के बीहड़ में प्रस्थान करनेवाले मां भारती के सच्चे सपूत थे, डा. मिश्र, जिन्होंने सिद्धांतों व मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया कालजयी महामानव डॉ जगन्नाथ मिश्र का विराट व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों को खासकर संघर्षशील युवाओं को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उक्त बातेंविभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर विवेकानंद मिश्र ने डॉक्टर विवेकानंद पथ में डॉ जगन्नाथ मिश्र के ८५ वे जन्म दिवस के अवसर पर मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह उद्गार व्यक्त किया।इस मौके पर समारोह की अध्यक्षता कर रहे बिहार के जाने माने साहित्यकार भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच के संरक्षक आचार्य राधा मोहन मिश्र माधव ने उनकी भावनापूर्ण स्मृतियों के चित्र उपस्थित करते हुए कहा कि डॉक्टर साहब के दर्शन मात्र से हृदय उद्बुद्ध हो जाता था। उनके मानवीय शिष्टाचार से हमें जीवनयात्रा के प्रारंभिक काल में में बहुत कुछ सीखने का सौभागय प्राप्त हुआ है । उनकी मानवीय संवेदना मेरी जीवनयात्रा को सुगम करने में पाथेय बनी। वे आज भी हमारे प्रेरणास्रोत हैं। मगध विश्वविद्यालय के



विभागाध्यक्ष रहे ऑल इंडिया जूलॉजी साइंस कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ बीएन पांडे एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रोफेसर उमेश चंद्र मिश्र शिव ने समारोह को संबोधित करते हुए डॉक्टर साहब को महान राजनेता, कुशल प्रशासक तथा राष्ट्र एवं मानवता का समर्पित युगपुरुष कहा। इसके अलावा समारोह में उपस्थित प्रबुद्ध लोगों ने डॉक्टर साहब के द्वारा किए गए अनेक सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनमें प्रमुख रूप से आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के संस्थापक प्रधानाचार्य डॉ रामेश्वर त्रिपाठी राम सिंहासन सिंह प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बीरेंद्र चंद्रयान राघवेंद्र नारायण यादव प्रोफेसर रीना सिंह, प्रोफेसर सुनील कुमार मिश्रा डॉक्टर अमरेश मिश्रा डॉ . ज़ियाउद्दीन सुचिता मिश्रा राम भजन दास देव कुमार ठाकुर डॉक्टर शंभू प्रसाद, पुष्पा प्रदीप, शशांक रंजन मिश्रा रवि कुमार, पियूषा गुप्ता समाजसेवी डॉ अमरेश कुमार मिश्रा देवेंद्र नाथ मिश्रा निरंजन दास जितेंद्र गिरी डॉक्टर अब्दुल खैर सुलेखा देवी मुन्ना पांडे मंटू मिश्रा रणजीत पाठक मालती देवी नीलम कुमारी रविभूषण भट्ट, पवन मिश्रा, समाज सेविका मृदुला मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, डा. किरण कंचन पाठक, शंभू गिरि विनोद उपाध्याय प्रोफेसर भूपाल प्रसाद विश्वजीत चक्रवर्ती फूल कुमारी शारदा साहिबा रेखा कुमारी डॉक्टर ज्ञानेश मिश्र कविता कुमारी सुमो तारा चक्रवर्ती प्रोफेसर अशोक कुमार दीपक पाठक के अलावे बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।
प्रेरक शब्दों में धन्यवाद ज्ञापन डा. सच्चदानंद पाठक ने किया।

22 may 2022:Layout 1 6/25/2022 1:39 AM Page 10



# 551 दिन गरीब-जरूरतमंद को निःशुल्क खाना खिलाने का सौभाग्य ईश्वर का आशीवार्दः गरिमा

## लालबाजार पतालेश्वरनाथ मंदिर परिसर के मुफ्त भोजन परोसने का नप की निवर्त्तमान सभापति ने बनाया रिकॉर्ड इतने बड़े अभियान को सफल बनाने वाली टीम व रसोइयों के प्रति गरिमा देवी सिकारिया ने जताया आभार

समाज जागरण समीर कुमार

बेतिया। नगर के लालबाजार के समीपवर्ती बाबा पतालेश्वरनाथ मंदिर परिसर में बीते 551 दिन से गरीब-जरूरतमंदों के लिये निःशुल्क भोजनालय जारी है। गुरूवार को शिविर संचालिका व नगर निगम की निवर्त्तमान सभापति गरिमा देवी सिकारिया मौके पर पहुंचीं। उन्होंने जरूरतमंद गरीबों को 551 वें दिन तक रोज भोजन कराने वाली अपनी टीम के सदस्यों व खाना बनाने वाले रसोइयों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह कठिन पुण्यकार्य आप सरीखे समर्पित सहयोगियों के अथक परिश्रम और सहयोग से ही सफल हो पाया है। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि कोरोना की दूसरी लहर में ही इसकी शुरूआत की गई थी। जिसके कमजोर पड़ जाने के बाद भी यहां परोसे जाने वाले गर्म और पके भोजन को ग्रहण करने के लिए पहुंचने वालों की संख्या जारी रही। उनकी टीम द्वारा बताया गया कि पास पड़ोस के ग्रामीण क्षेत्र से आकर शहर में रिक्शा चलाने वाले गरीब-जरूरमंद और कतिपय मजबूर लोग नियमित रूप से भोजन के लिए आ रहे हैं। तब मैंने यह महसूस किया कि समाज के ऐसे लाचार और असहाय लोगों को मेरे निजी कोष से रोज परोसे जारहे गर्म भोजन के इस पुण्य कार्य के ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त है।आगे भी ईश्वर की इच्छा तक यह निःशुल्क भोजन शिविर जारी रहेगा। उन्होंने बताया समाज के



जरूरतमंदों की ऐसी मदद में लगी हमारी टीम और रसोइया कारीगरों की भी भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। अन्यथा इस स्तर का पुण्य प्राप्त करने में मैं सफल नहीं होती। इस मौके पर पतालेश्वरनाथ शिव मंदिर के अध्यक्ष नवेंन्दु चतुवेर्दी, सुशीला देवी, अनुराग चतुवेर्दी, अनिल कुमार, राजू प्रसाद, रेमी पीटर, सरदार करमजीत सिंह, कुश कश्यप, शहीद अंसारी, राहुल राज, विशाल कुमार, रंजीत पटेल, जीतेन्द्र प्रसाद आदि सहयोगीगण उपस्थित रहे।

# वेतन की मांग को लेकर सफाई कर्मियों ने की सड़क पर हंगामा

## अरवल से (मृत्युंजय कुमार)कहां तीन माह से हम लोगों को नहीं मिला है वेतन जब तक नहीं मिलेंगे वेतन तब तक नहीं होंगे सफाई का कार्य

कुर्था अरवल, अनुपमा कुमारी मुदार्बाद,,,,, कार्यपालक पदाधिकारी,,,,,, मुदार्बाद समेत विभिन्न नारे प्रसाद शुक्रवार के अहले सुबह सफाई कर्मियों ने सड़क पर हंगामा मचा अपनी वेतन भुगतान की मांग कर रहे थे बता दें कि नगर पंचायत कुर्था के दर्जनों सफाई कर्मियों ने शुक्रवार के अहले सुबह कुर्था गया मुख्य मार्ग पर खड़े होकर जमकर हंगामा किया इस दौरान कुछ देर के लिए दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई इस मौके पर सफाई कर्मियों ने पत्रकारों को बताया कि हम लोगों को विगत तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है जिसके वजह से हम लोग दाने-दाने को मोहताज हैं हालांकि लगातार हम लोग सफाई का कार्य पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करते आ रहे हैं लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी अनुपमा कुमारी के मनमानी रवैया के वजह से अब तक हम लोगों का वेतन भुगतान नहीं हो सका है वहीं सफाई कर्मियों ने कहा कि जब तक हम



लोगों का वेतन भुगतान नहीं किया जाता है तब तक हम लोग इसी तरह आंदोलन करते रहेंगे हालांकि शुक्रवार से सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई का कार्य करना बंद कर दी है जिसके वजह से बाजारों में कचरो का अंबार लग गया है जगह-जगह कचड़े लगे हैं जिसके वजह से लोगों को आवागमन में काफी परेशानियां हो रही है वही सड़क के दोनों ओर बजबजाती कच्ची नालियां से निकल रही दुर्गंध ने आम लोगों को जीना मुहाल कर दी है ज्ञात रहे कि विगत वर्ष राज्य सरकार द्वारा कुर्था खेमकरण सराय पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा दी गई थी और तबसे सफाई कर्मियों की नियुक्ति की गई थी जहां सफाई कर्मी आये दिन अपने कार्यों का अंजाम दे रहे थे जिसके वजह से नगर पंचायत साफ सुथरा दिख रही थी लेकिन सफाई कर्मियों के लगातार तीन माह से वेतन न मिलने की वजह से शुक्रवार से सफाई कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं जिसके वजह से सफाई कार्य बाधित है और बाजारों में गंदगी का अंबार लग गया है।

# झारखंड के पूर्व राज्यपाल श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी को एनडीए के तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनायें जानें पर दी बधाई

दैनिक समाज जागरण
केशव कुमार औरंगबाद

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से झारखंड के पूर्व राज्यपाल श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी को एनडीए के तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है ।उन्होंने कहा कि इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित एनडीए के सभी शीर्ष नेता इसके लिए बधाई के पात्र हैं। भाजपा हमेशा महिला सशक्तिकरण और वंचित वर्ग को राजनीतिक में उचित भागीदारी देने की बात करती है इस निर्णय से यह साबित होता है कि भाजपा जो कहती है वह करती है। श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का लंबा राजनीतिक व सामाजिक अनुभव रहा है उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज की सेवा और गरीबों एवं वंचित वर्ग की सेवा में समर्पित कर दिया है ।उनको राष्ट्रपति बनने से निश्चित रूप में देश का सम्मान बड़ेगा। बधाई देने वाले में भाजपा नेता इंद्रदेव यादव बृजेंद्र कुमार सिंह अरविंद सिंह विनोद शर्मा जुगल किशोर सिंह अनिल गुप्ता सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता विनोद सिंह विरेंद्र कुमार विवेक कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल है

# भगवान् जगन्नाथ की रथ यात्रा सभी रश्म के साथ निकलेगी 1 जुलाई को।

भागलपुर :---समाज जागरण
/राजीब पाण्डेय।

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा सखीचंद घाट नया बाजार से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी निकाली जाऐगी ।यह रथयात्रा भागलपुर से एक जुलाई 2022 को शायं 5 बजे के बाद निकाली जाएगी ।रथ यात्रा की सारी रशम पुरी की जाऐगी ।बाजे -गाजे के साथ पुष्प वर्षा भी की जाऐगी ।सभी रश्म मंदिर प्रांगण में की जाऐगी ।बैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रृंगार कराकर फूलमाला से सजाया जाएगा ।आरती की जाएगी ।ऋतुफल, पकवान, मिठाई आदि का भोग लगाया जाएगा ।द्वितीया तिथि को को अपने मौसी के घर रथ पर विराजमान होकर भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ प्रत्येक वर्ष की



तरह इस वर्ष भी आठ दिनों के लिए जाऐंगे ।भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा सभी नए --नए वस्त्र धारण करेंगे ।फूल माला ,आभूषण आदि से सजे रहेंगे।फिर तीनों की घंटा बजाकर आरती पूजन की जाऐगी ।वहां के पुजारी ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान होकर प्रत्येक वर्ष अपनी मौसी के घर जाते है ।इस रथयात्रा के अवसर पर काफी संख्या मे भक्तजन उपस्थित रहते है और भगवान के रथयात्रा मे शामिल होते है ।इस वर्ष की रथयात्रा मे पूजा समिति के कैलाशनाथ मिश्रा, हिमांशु कुमार, विकास कुमार सहित कई अन्य सदस्य जोर --शोर के साथ कार्यक्रम की तैयारी मे लगे हुए है।

# भागलपुर में 30 किलो चांदी की हुई लूट, स्वर्ण व्यवसाई के बेटे से हथियार के बल पर लूटा गया तकरीबन 20 लाख रुपए का चांदी।

भागलपुर :---- समाज जागरण
/निभाष मोदी ।

भागलपुर शहरी क्षेत्र के तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित डिक्शन मोड में पटल बाबू रोड के आर बाखला वाली गली में दो अज्ञात अपराधियों द्वारा 30 किलो चांदी के आभूषण लूट लिए गए। आभूषण करीब 18 से 20 लाखों रुपए मूल्य के बताए जा रहे हैं। इस बात की जानकारी मिलते ही जिला पुलिस एक्शन में आ गई और पूरे शहर में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू हो गई। वही मामले की जांच को लेकर सीटीएसपी स्वर्णप्रभात और एएसपी सिटी शुभम आर्य घटनास्थल की जांच में पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार लूटी गई चांदी सोनापट्टी स्थित स्वर्ण कारोबार करने वाले व्यवसाई रतन लाल वर्मा की बताई जा रही है । रतन लाल वर्मा कोलकाता से भागलपुर बस स्टैंड पहुंचे और उसका बेटा पवन वर्मा स्कूटी लेकर बस स्टैंड भागलपुर पहुंचा और कोलकाता से लाए 30 किलो चांदी की थैली लेकर वह अपने घर सोना पट्टी जा रहा था तभी अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

स्वर्ण व्यवसाई रतन लाल वर्मा के



पुत्र पवन वर्मा ने क्या कहा

स्वर्ण व्यवसाई रतन लाल वर्मा के पुत्र पवन वर्मा ने कहा मेरे पिताजी कोलकाता से भागलपुर बस स्टैंड सुबह 5:00 से 6:00 के करीब पहुंचे और उनसे मैं चांदी का थैला लिया जैसे ही सामान लेकर आगे स्कूटी से घर की ओर जा रहा था तभी मुझे अपाचे मोटरसाइकिल से दो अपराधियों ने ओवरटेक किया, उसके बाद मेरे साथ दोनो अपराधियों ने मारपीट की, फिर हथियार दिखाकर थैली सहित 30 किलो चांदी जिसका मूल्य तकरीबन 18 से 20 लाख रुपए है छीन लिया और उनलोगों के पास दो हथियार भी थे ।मुझे ऐसा लग रहा है कि उन लोगों को पहले से पता हो कि मेरे पास चांदी की थैली है ,तभी अपराधियों ने यह अंजाम दिया।

सीटी एएसपी शुभम आर्य ने क्या कहा

मामले की सूचना मिलते ही सिटी एसपी शुभम आर्य मौके पर अपने दल बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए, सिटी एएसपी ने कहा कि पूरे शहर में नाकेबंदी कर दी गई है ।कई जगह पुलिस बल लगा दिया गया है ।कई जगह छापेमारी भी चल रही है, साथ ही साथ सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है ।जल्द अपराधियों को पकड़ा जाएगा और उम्मीद है सामान की भी रिकवरी जल्द होगी।

# घर के बाहर खेल रहे मासूम को ट्रैक्टर ने कुचला, बालक की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

समाज जागरण
नवादा( आर्यन मोहन)

नवादानवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के चंदौली गांव के पास ट्रैक्टर के चपेट में आने से मिथिलेश प्रसाद का 6 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि परिवार के लोग चिंताजनक हालत में नवादा के सदर अस्पताल में बालक को लेकर पहुंचे थे जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया है। वही बताया जाता है कि बेलगाम ट्रैक्टर चालक के द्वारा खेल रहे बच्चे को कुचल ते हुए फरार हो गया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर चालक की पहचान भी कर लिया हैं। मौत की घटना सुनने के बाद परिवार वाले में कोहराम मच गया है।

मृतक के पिता मिथिलेश प्रसाद ने बताया कि बच्चा घर के बाहर में देर शाम खेल रहा था उसी दौरान गुरुवार को बेलगाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बच्चे के चलते हुए फरार हो गया। जिसके कारण गाड़ी चालकों की और भी मन बढ़ता जा रहा है। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने



परिवार व ग्रामीणों के मदद से नवादा के सदर अस्पताल में बच्चा को भर्ती कराया गया था जहां पर डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि इन दिनों तेज रफ्तार के कारण लगातार घटना घट रही है लेकिन बेलगाम गाड़ी चलाने वाले पर प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार का करवाई नहीं किया जा रहा है। बिना पोस्टमार्टम के ही बच्चे को लेकर चले गए। हालांकि इसकी सूचना वह पुलिस को भी दी गई। लेकिन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर ट्रैक्टर चालक की पहचान भी कर ली गई है। जिसके बाद उनके विरुद्ध लिखित आवेदन देकर थाना में करवाई की भी मांग की गई है।

# सड़क पार करने के दौरान युवक हुआ तेज रफ्तार गाड़ी का शिकार, युवक की मौत।

समाज जागरण
नवादा( आर्यन मोहन)

नवादा जिले के कादिरगंज थाना क्षेत्र के सोनू बीघा के निकट अज्ञात गाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत परिवार में मचा कोहराम बताया जाता है कि युवक रोड पार कर रहे था उसी दौरान तेज रफ्तार बेलगाम अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गया जिसे बात चिंताजनक हालत में नवादा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसी दौरान युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं युवक की पहचान के लिए पुलिस ने काफी कोशिश की जिसके बाद गुरुवार की देर शाम युवक की पहचान की गई। बताया जाता है कि सदर अस्पताल पहुंचे मृतक के मामा अभिमन्यु चौहान ने अपने भांजे की पहचान की जिसके बाद परिवार वाले में कोहराम मच गया। उन्होंने बताया कि मुंगरा गांव के भोला चौहान का पुत्र 16 वर्षीय कुंदन कुमार की मौत हुई है। अपने काम से नवादा युवक आया था लौटने के दौरान अज्ञात गाड़ी के चपेट में आने से युवक की मौत हुई है।

ऊन्होंने कहा कि कादिरगंज थाना से जानकारी मिली के बाद अस्पताल पहुंचे तो देखें कि भांजा की मौत हुई है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर थाना अध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि सोनू बिका के पास अज्ञात गाड़ी के



टक्कर में युवक काफी गंभीर रूप से घायल हो गया था।अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन युवक की तुरंत मौत हो गई थी। की चपेट में आने से युवक की मौत परिवार में मचा कोहराम बताया जाता है कि युवक रोड पार कर रहे था उसी दौरान तेज रफ्तार बेलगाम अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर फरार हो गया जिसे बात चिंताजनक हालत में नवादा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसी दौरान युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं युवक की पहचान के लिए पुलिस ने काफी कोशिश की जिसके बाद गुरुवार की देर शाम युवक की पहचान की गई।

बताया जाता है कि सदर अस्पताल पहुंचे मृतक के मामा अभिमन्यु चौहान ने अपने भांजे की पहचान की जिसके बाद परिवार वाले में कोहराम मच गया। उन्होंने बताया कि मुंगरा गांव के भोला चौहान का पुत्र 16 वर्षीय कुंदन कुमार की मौत हुई है। अपने काम से नवादा युवक आया था लौटने के दौरान अज्ञात गाड़ी के चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि कादिरगंज थाना से जानकारी मिली के बाद अस्पताल पहुंचे तो देखें कि भांजा की मौत हुई है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इधर थाना अध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि सोनू बिका के पास अज्ञात गाड़ी के टक्कर में युवक काफी गंभीर रूप से घायल हो गया था।अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन युवक की तुरंत मौत हो गई थी।

# डीएम ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, दिया कई निर्देश।

दैनिक समाज जागरण औरंगबाद
से केशव कुमार का रिपोर्ट

जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने शुक्रवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया . इस क्रम में सदर अस्पताल के नये भवन निर्माण के कार्यों का जायजा संवेदक यशस्वी कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि से लिया गया तथा निर्देश दिया गया कि कार्यों में प्रगति लायी जाए. इस क्रम में फ्रंट एरिया सुलभ शौचालय और रेड क्रॉस भवन के हिस्से में रखे भवन निर्माण सामग्री एवं मिट्टी को यथोचित स्थान पर रखवाने एवं जगह खाली कराने का निर्देश दिया गया ताकि इमरजेंसी में आए हुए मरीजों को एवं एंबुलेंस को परेशानी न हो. साथ ही साथ निर्देश दिया गया कि ऐसी व्यवस्था कराई जाय कि बारिश के मौसम में जलजमाव की स्थिति नहीं बने. इसी क्रम में संवेदक को निर्देश दिया गया कि डायलिसिस यूनिट के सामने रास्ते में मिट्टी भरवा दिया जाए तथा जल जमाव वाले स्थान पर गड्ढा



करा दिया जाए. समुचित विकल्प के अभाव में नव निमार्णाधीन एमसीएच वार्ड के एक एरिया को जल्द से जल्द तैयार कराने लिए निर्देश दिया गया ताकि आपात स्थिति में इमरजेंसी वार्ड को उक्त भवन में संचालित कराया जा सके. सदर अस्पताल में पीछे की तरफ से बनाये गए वैकल्पिक रास्ते पर मुख्य सड़क मेन गेट से लेकर प्रसव वार्ड तक छाई भरवाने का निर्देश दिया गया.

इस दौरान सिविल सर्जन कुमार वीरेंद्र प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ किशोर कुमार, डीपीएम डॉक्टर कुमार मनोज, उपाधीक्षक डॉ विकास कुमार, डीआईओ डॉ मिथिलेश प्रसाद सिंह, सीडीसीओ डॉ रवि रंजन, डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी एवं अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे.

# होमगार्ड बहाली को लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे जगदीशपुर और गोराडीह प्रखंड के अभ्यर्थी।

भागलपुर :----समाज जागरण
/राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।

भागलपुर,होमगार्ड बहाली को लेकर जगदीशपुर प्रखंड और गोराडीह प्रखंड के अभ्यर्थी जिला स्तरीय मेरिट लिस्ट निकालने की मांग को लेकर आज जिलाधिकारी भागलपुर के कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा ।दोनों प्रखंडों के अभ्यर्थियों का कहना है कि 6,7,8 वाले अभ्यर्थियों का चयन हो चुका है परंतु 13,12 ,11 वालों का अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। इसे जल्द से जल्द कराने



का अनुरोध करते दिखे होमगार्ड के सभी अभ्यर्थी। साथ ही साथ उन्होंने ज्ञापन में कई बिंदुओं का भी जिक्र किया है। होमगार्ड बहाली को लेकर जगदीशपुर प्रखंड और गोराडीह प्रखंड के अभ्यर्थियों ने बताया कि विज्ञापन भरने से तकरीबन 11 साल हो चुके हैं, लेकिन हमलोगों का अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। हमलोगों की की मांगे हैं, जो भी रिक्त सीट है उन्हें हमलोगों के मेरिट लिस्ट को निकालकर उस रिक्त पदों को भरा जाए ।

# सजौर पुलिस और कजरैली पुलिस ने अबैध बालू लदे ट्रेक्टर के साथ ट्रेक्टर मालिक को किया गिरिफ्तार।

भागलपुर :----समाज जागरण
/राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।

भागलपुर जिला के सजौर पुलिस ने बडी कार्यवाही करते हुए सजौर थाना क्षेत्र के हाजीपुर बालू स्कीम पर से सजौर पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर एवम एक ट्रैक्टर मालिक नीतीश कुमार को भी गिरिफ्तार किया। वही सजौर थाना प्रभारी महाश्वेता सिन्हा ने बताया की गिरिफ्तार युवक नीतीश कुमार को न्यायालय भेज दिया गया हैं।

वही दूसरी खबर कजरैली थाना का हैं। जो देर रात कजरैली पुलिस ने छापामारी कर थाना क्षेत्र के सौखर




गांव के पास से ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। नदी में अंधेरे का फायदा उठाकर बालू माफिया बालू का अवैध खनन कर रहे थे। तभी कजरैली थाना मौके पर पहुंचकर चार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया वही दूसरी ओर माफिया लोग भाग निकले। कजरैली थाना प्रभारी नवनीश कुमार ने बताया की ट्रैक्टर एवम मालिक पर कानूनी कार्यवाई की जाएगी।

### औरंगाबाद शहर का रामाबांध को जाम से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी ने स्थल का किया निरीक्षण

# अतिक्रमण लगातार हटाने का दिया आदेश,अनेको दिशानिर्देश जारी

केशव कुमार जिला संवाददाता/ अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ

दैनिक समाज जागरण

औरंगाबाद शहर के रामाबांध को जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने नगर परिषद क्षेत्र के रामा बांध का स्थल निरीक्षण किया । इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी एवं नगर थानाध्यक्ष को लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया ताकि यातायात



व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके एवं जाम की समस्या उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग किए गए गाड़ियों पर लगातार निगरानी रखने एवं अर्थ दंड लगाने का भी निर्देश दिया गया।ज्ञात हो की शहर में आये दिन लग रहे जाम की समस्या से न सिर्फ शहर के लोगों को परेशानी होती हैं।बल्कि बाहर से आने वाले लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पडता हैं।

# सड़क दुर्घटना में किशोरी की मौत

दैनिक समाज जागरण केशव कुमार

औरंगाबाद :- जिले के देव बाजार में शुक्रवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में घायल एक किशोरी की मौत इलाज के दौरान रास्ते मे हो गई ।घटना के बारे में पता चला कि देव थाना क्षेत्र के एरौरा गांव निवासी बलराम प्रजापति की पुत्री अर्चना कुमारी किसी काम से देव आई हुई थी।इसी बीच एक ट्रक ने उसे कुचल दिया।जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाये।जहां डियुटी पर रहे डॉक्टर ने उसे इलाज करने के बाद स्थिति को गम्भीर बताते हुए वाराणसी रेफर कर दिया।जहां ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही कुदरा के समीप उसकी मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों ने उसके शव को पुनः वापस सदर अस्पताल लाया।जहां नगर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनों को सौप दी हैं।घटना के बाद गांव में मातम का माहौल कायम हैं।

# कुख्यात नक्सली राजन कोड़ा गिरफ्तार

समाज जागरण लखीसराय

लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार को गुप्त सूचना मिली की कुख्यात नक्सली राजन कोड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र कछुआ के जंगलों में नक्सली वारदात के अंजाम देने को लेकर आया हुआ है तथा जिसकी सूचना पाते ही लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार के द्वारा नक्सल एसपी मोतीलाल को सूचित किया गया तथा निर्देश मिलते ही नक्सल एएसपी मोतीलाल मोतीलाल निर्देश के आलोक में एस टी एफ डी एस पी लखीसराय बिभाश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया,जिसमें एस टी एफ बसुआचक को सम्मिलित किया गया। तथा सूचना के सत्यापन के क्रम में एक विशेष अभियान के तहत राजन कोड़ा को कछुआ क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया उसके ऊपर

चानन थाना समेत कई थाना कांडों में राजन कोड़ा वांछित अभियुक्त है।वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए नक्सली राजन कोड़ा को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## 12 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

सूर्यगढ़ा पुलिस ने सूर्यगढ़ा बाजार से बाइक सवार युवक से जांच के दौरान 12 बोतल अंग्रेजी विदेशी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा इस संदर्भ में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार सूर्यगढ़ा बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप काले रंग की काले रंग की पल्सर बाइक से जा रहे युवक को संदेह के आधार पर रोककर जांच के दौरान उसके पास



से रखे गए 12 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया तथा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त लखीसराय जिले के बड़हिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जैतपुर गांव निवासी अंगद सिंह का पुत्र रौशन कुमार है जिसके ऊपर थाने में मामला दर्ज कर युवक लखीसराय जेल भेजा गया

# निकाली गई कलश शोभायात्रा

समाज जागरण चानन

एल के वी नहर मटर स्थान संग्रामपुर में नागा बाबा छाटू दास के नेतृत्व में 48 घंटा का अखंड राम धूनी का आयोजन किया गया इस मौके पर कुमारी कन्या एवं महिला श्रद्धालुओं के द्वारा शोभा कलश यात्रा निकाली गई जिसका उद्घाटन पंचायत के मुखिया दीपक सिंह पंचायत समिति सदस्य निरंजन पासवान प्रसादी यादव चांदी यादव नंदकिशोर यादव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शोभा कलश यात्रा को पूजा स्थल से रवाना किया गया जो भंडार गांव होते हुए एवं मननपुर बाजार होकर भलुई घाट की नदी में पानी भरकर पूजा स्थल पर पहुंच कर अखंड रामधुनी का शुरूआत किया गया इससे पूर्व श्रद्धालुओं के द्वारा लगभग 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते वक्त जगह जगह पर सभी श्रद्धालुओं को शरबत पिलाई गई इस अवसर पर उमेश यादव कोचु साहब लक्ष्मण यादव योगेश्वर बिंद रबु सरदार मनोज यादव सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे

# चानन के 4 पंचायतों का किया गया चयन

समाज जागरण चानन

मुखिया दीपक सिंह के देखरेख में स्वच्छ लोहिया बिहार के अंतर्गत स्वच्छता दो के अंतर्गत पूरे जिला में 30 पंचायतों का चयन किया गया जिसमें चानन प्रखंड के 4 पंचायतों को चयन किया गया जिसमें भलुई संग्रामपुर लाखोचक तथा महेश लेटा का चयन किया गया पूरे जिला में संग्रामपुर पहला पंचायत है की कचरा संग्रह करने के लिए सभी सामग्रियों का खरीदारी कर लिया गया तथा कचरा संग्रह केंद्र निर्माण को लेकर संग्रामपुर पंचायत के मुखिया के द्वारा एनओसी उपलब्ध करा दिया गया जिले भर में प्रथम एनओसी प्राप्त होने के चलते आज सुबह निर्माण स्थल पर जाकर पदाधिकारियों के द्वारा लेआउट किया गया जिसमें जिले से कार्यपालक अभियंता डी आरडी इंद्रदेव प्रसाद ए एवं सहायक अभियंता मनीष कुमार चौधरी डीआरडीए कार्यक्रम पदाधिकारी विनोद कुमार कनीय अभियंता शिवनारायण पंचायत तकनीकी सहायक मिथिलेश कुमार दीपक कुमार बबलू मंडल गोपाल यादव गोविंद यादव मनोज यादव हरेराम यादव रब्बू सरदार बर्फी मंडल इस संबंध में मुखिया दीपक सिंह ने बताया कि कचरा संग्रह केंद्र खिरिया घाटी मैं मनरेगा के द्वारा ड्ड604579 की राशि से निर्माण कार्य कराया जाएगा

## विभिन्न गांव के तीन आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवो से गुरुवार की शाम विभिन्न कांडों के फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

इस क्रम में मारपीट व आर्मस एक्ट के आरोपी नगर के मुड़लाचक मुहल्ला निवासी भोला खान उर्फ फहीम खान को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया गया। वहीं गरेरिया बीघा निवासी सालों राम और मीरचक निवासी मारपीट व आर्म्स एक्ट का आरोपी आशीष रंजन को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

22 may 2022:Layout 1 6/25/2022 1:39 AM Page 11



## हल्की व कम वर्षा से किसानों में निराशा

**समाज जागरण**

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-धान का कटोरा कहा जाने वाला वारिसलीगंज क्षेत्र में आंशिक/कम वर्षा होने से क्षेत्र के किसानों में निराशा का भाव पनप रहा है। धान की नर्सरी तैयार करने का अंतिम नक्षत्र आद्रा चल रहा है। परंतु पर्याप्त वर्षा नहीं होने के वजह से खेती किसानी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। अधिकांश किसान अपने वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों से धान की नर्सरी तैयार करने में जुटे है। लेकिन खेतो में पर्याप्त नमी नहीं रहने के कारण खेतो की (फारनी ) खर पतवार को समाप्त करने को ले जुताई का कार्य बाधित हो रहा है। मानसून के आने को कई दिनों बाद भी क्षेत्र की धरती प्यासी है। फलतः किसान खेती किसानी के प्रति चिंतित होने लगे है।

## प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुशील कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित ई किसान भवन में प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुशील कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी कृषि सलाहकार बैठक में शामिल हुए एवं उक्त बैठक में मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना से संबंधित सभी लाभुकों से मिली राशि की जांच संबंधित बातों को लेकर चर्चा पर चर्चा की गई जबकि इसकी जांच



आगामी 28 जून को सम्मान निधि योजना की लाभ लाभुकों के घर पर जाकर की जाएगी और तमाम जानकारी एकत्रित की जाएगी, बैठक में कृषि समन्वयक नेहा प्रियदर्शी विनीता भारती करना नयन एवं कृषि सलाहकार के रूप में शशांक शेखर पाठक सागर कुमार अनिल कुमार राजेश कुमार अंगद कुमार अशोक कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे

## रक्त दान महान महादान... ABVP स्टूडेंट फोर सेवा आयाम

**नवगछिया :---समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

**कार्यकताओं के माध्यम से मदद.....**

अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज चौरसिया ने बताया कि कदवा दियारा निवासी प्रवीण जी के परिजन के लिए फोन आया और तुरंत उन्हें रोगी बबलू जो कि पीछले जोन्डिंस रोग से ग्रसित हो गये थे !उनके लिए रक्त की आवश्यकता है।इन टीमों के द्वारा फौरन कार्रवाई करते हुए खुन की आपूर्ति की गई !बबलू को अ+ बल्ड की आवश्यकता थी उन्हें रत्त्न कार्यकताओं मोहीत



कुमार के माध्यम से बल्ड आपुर्ति किया गया जिससे रोगी सुरक्षित है... ।

एसएफएस प्रमुख रघुबीर कुमार एवं निश्छल कुमार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार की आवश्यकता हो बेहिचक अभाविप कार्यकताओं से संपर्क करे.. ।हमारी टीम अविलंब रक्त मुहैया कराएगी ।

## जिला राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर 25 जून 2022 दिन शनिवार को मंडल कमीशन के संस्थापक सह पूर्व प्रधानमंत्री बी पी सिंह की जयन्ती मनाएंगे ।

**भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय ।**

प्रदेश कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 23/6/2022 पत्रांक 111 के आलोक में 25 जून 2022 दिन शनिवार को ।

भारत के पूर्व प्रधान मंत्री एवं मंडल कमीशन शिफारिश के लागू कर्ता स्वर्गी विश्वनाथ प्रसाद सिंह जी के जयंती समारोह कार्यक्रम राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी के अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय भागलपुर में दिन के 11:00 मनाया जाएगा।

जिसमें राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश पदाधिकारी, जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव, जिला सचिव, सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, एवं राष्ट्रीय जनता दल के सम्मानित कार्यकर्ता गण एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के सभी साथी गण सादर आमंत्रित हैं।

इसके साथ ही भागलपुर जिला के सभी प्रखंडों में राष्ट्रीय जनता दल परिवार की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय विश्वनाथ प्रसाद सिंह जी की जयंती समारोह कार्यक्रम जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने अपने प्रखंड मुख्यालय में मनाएं एवं छाया प्रति जिला कार्यालय में भेजें।

## वन स्टेशन वन प्रोडक्ट मिशन के तहत पीरपैंती स्टेशन पर स्टाल का उद्घाटन ।

**पीरपैंती :----समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

मालदा डिवीजन के पीरपैंती रेलवे स्टेशन पर संजीवनी गंगा के एंबोडायरी समान के बिक्री सामान के स्टाल का उद्घाटन स्टेशन प्रबंधक श्री अजय कुमार ने किया। यह रेल प्रशासन का सार्थक पहल है ।जिससे कुटीर उद्योग का बढ़ावा मिलेगा।लोगो को सस्ते कीमत में अच्छी सामान मिलेगी।लोगो के



गृह उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।नए रोजगार का सृजन होगा।साथ रहे राजद प्रखंड अध्यक्ष श्री रणजीत शाह,पर्यावरण प्रेमी श्री अमित कटारुका,पीरपैंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो 0 सुल्तान,मनीष कटारुका,साथ रहे।

स्टॉल के साज सज्जा की व्यवस्था श्री रंजीत पासवान, मो 0 रशीद, मो 0 जावेद ने किया। आयोजक गंगा पुत्र एयाज बताया कि यह व्यवस्था को और विस्तार किया जाएगा

## भारत स्काउट और गाइड का दीक्षांत समारोह का आयोजन ।

**कहलगांव :----समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय ।**

शारदा पाठशाला इंटर स्तरीय विद्यालय कहलगांव में आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जय नंदन मंडल, स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद और गाइड कैप्टन कुमारी लवलीना ,शिक्षक अशोक कुमार राय, खुर्शीद आलम, पवन कुमार दास, धनंजय कुमार स्वीटी कुमारी ,मीनू कल्याणी ,रोजी निक्कीने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 50 गाइड की छात्राओं को स्कार्फ, बैज, और बॉगल देकर सम्मानित किया गया। जिला



प्रशिक्षक मुकेश आजाद और शिक्षिका कुमारी लवलीना ने छात्राओं को दूसरों की सहायता समाज सेवा और देश सेवा के लिए प्रतिज्ञा दिलवाई ' प्राचार्य जयनंदन मंडल ने कहा ऐसी संस्था से बच्चों में अनुशासन एकता और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलती है अपने अंदर की प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है। उक्त अवसर पर प्रेरणा कुमारी ,गंगा भारती, अनु कुमारी, अनन्या कुमारी, स्नेहा कुमारी, आयुक्ता कुमारी, मुस्कान खातून और चांदनी कुमारी ने स्वागत सांस्कृतिक पॉलिथीन मुक्त अभियान एवं वृक्षों वृक्षारोपण कर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को जागरूक किया।

## रानी दुर्गावती के पुण्य स्मृति में पर्यावरण भारती द्वारा देव वृक्ष पीपल का किया गया वृक्षारोपण

**समाज जागरण**

पर्यावरण भारती द्वारा लखीसराय शहर के पंजाबी मुहल्ला में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी उद्यान में गोंड जनजाति रानी दुर्गावती के पुण्य स्मृति में देव वृक्ष पीपल का वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण का नेतृत्व सह नगर पेड़ प्रकल्प प्रमुख रघुवंश प्रसाद तांती ने किया।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रांत शैक्षणिक आयाम प्रमुख शिक्षक अरविंद कुमार पासवान ने कहा कि पथिकों को तपती दुपहर में, पेड़ सदा देते हैं छाया।

सुमन सुगंध सदा देते हैं, हमसब को फूलों की माला।

त्यागी तरूओ के जीवन से,हम परहित कुछ करना सीखें। ।

पर्यावरण भारती के संस्थापक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रांत संयोजक एवं अखिल भारतीय पेड़ प्रकल्प टोली सदस्य राम बिलास शान्डिल्य ने बताया कि भारत देश के लिए बलिदान देने में अग्रणी वीरांगना रानी दुर्गावती थीं। मुगल बादशाह अकबर की सेना से मुकाबला करते हुए 24 जून 1564 को रानी दुर्गावती बलिदान हो गई। उनका जन्म 5




अक्टूबर 1524 को बांदा जिला के कालीन्जर में हुआ था। उनके पिता राजा कीर्ति सिंह चंदेल थे।उनका विवाह दलपत शाह से हुआ। परन्तु 4 बर्षो के बाद उनका देहांत हो गया। पुत्र केवल 3 बर्ष का था। अतः रानी दुर्गावती को गढ मंडला का शासन संभालना पडा। रानी घुड़सवारी में निपुण थीं ।तीरंदाजी एवं तलवार चलाने में पारंगत थीं। मुगलों से 50 से अधिक युद्ध किये। अकबर की अधीनता जीवन भर नहीं स्वीकार की। जबलपुर के पास मंडला में रानी के समाधि पर गोंड जन जाति वहाँ जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। जबलपुर में रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय है। 1988 में भारत सरकार ने उनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किए। नरेंद्र भाई मोदी सरकार ने संपूर्ण भारत के जन जाति के सम्मान हेतु प्रथम जन जाति राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में द्रौपदी मुर्मू का नामांकन 24 जून को दिल्ली में हुआ। अतः आज का दिन ऐतिहासिक है। ऐसे सुअवसर पर देव वृक्ष पीपल का वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्मरणीय होगा।

पर्यावरण भारती के वृक्षारोपण में रघुवंश प्रसाद तांती, शिक्षक अरविंद कुमार पासवान, रामचंद्र यादव, रौशन मल्लिक, दिनेश मल्लिक, अभिषेक, देव कुमार,राज कुमार ,रोहित कुमार,बिलास तांती इत्यादि ने भाग लिए।

## मद्ध निषेध और उत्पाद अधिनियम के नियमावली में संशोधन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गई समीक्षात्मक बैठक।

**भागलपुर :---समाज जागरण /निभाष मोदी ।**

भागलपुर के समीक्षा भवन में जिलाधिकारी सुब्रत सेन की अध्यक्षता में जिले के सभी थाना प्रभारी और लोक अभियोजकों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार मध्य निषेध और उत्पाद अधिनियम के नियमावली संशोधन 2022 के प्रावधानों को लागू करने को लेकर एसओपी की जानकारी दी गई। वही लंबित पड़े कांडों की भी समीक्षा की गई। जिसमें उत्पाद अधिनियम के साथ-साथ पोक्सो के तहत चल रहे मामलों में हो रही देरी की जानकारी अधिकारियों और लोक अभियोजकों से ली गई, और देरी होने के कारणों को जाना गया। साथ ही कई थाना प्रभारियों को उत्पाद अधिनियम और पॉक्सो के मामले में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान सिटी एसपी, एडीएम, उत्पाद विभाग के अधिकारी शहीद सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

## गांव के दबंगों ने पीड़िता के घर पहुंच कर घर वालों के साथ की मारपीट और लगा दी घर में आग।

**भागलपुर :---समाज जागरण /निभाष मोदी ।**

जान की गुहार लगाने डरी व सहमी लाचार पीड़िता पहुंची डीआईजी कार्यालय

भागलपुर,औद्योगिक थाना क्षेत्र के मीराचक के रहने वाले जयदेव कुमार पंडित की पत्नी जुली कुमारी सुरक्षा की गुहार को लेकर पिछले कई दिनों से थाने और पुलिस के कई अधिकारियों के चक्कर काट कर जब हार गई और कोई कार्रवाई नहीं हुई तब पूर्वी क्षेत्र के पुलिस उप महाप्रबंधक विवेकानंद से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। जिस पर डीआईजी ने सिटी एसपी को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। दरअसल 19 जून की रात को गांव के दबंग लोग पीड़िता के घर पहुंच कर घरवालों के साथ मारपीट की और घर में आग भी लगा दिया। वही पति को घर से निकलने पर जान मारने की धमकी दी गई थी। जिसके बाद से पति घर में बंद है। वही पत्नी पुलिस के वरीय अधिकारियों के पास सुरक्षा की मांग के साथ साथ दबंगों पर कार्रवाई को लेकर चक्कर लगा रही है। अब देखने वाली बात है कि डीआईजी के द्वारा सीटी एसपी को जांच करने का आदेश दिया गया है। जांच में क्या सामने आता है देखने वाली बात है।

ये सभी जानकारी

जुली कुमारी, पीड़िता ने पत्रकार को दी ।

## बरारी में बन रहे रिवरफ्रंट कार्य अभी तक ठप, वन विभाग के द्वारा रोका गया है कार्य, एनओसी मिलते ही पुनः कार्य होंगे प्रारंभ।

**भागलपुर :----समाज जागरण /निभाष मोदी ।**

भागलपुर स्मार्ट सिटी को स्मार्ट बनाने को लेकर कई कार्य योजनाएं चल रही है । जिसमें से भागलपुर के बरारी रिवर फ्रंट कार्य भी होना है। बरारी रिवरफ्रंट का 162 करोड़ लागत से सौंदर्यीकरण होना है लेकिन कुछ माह पहले भागलपुर स्मार्ट सिटी के तहत बरारी पुल घाट के समीप रिवरफ्रंट के कार्य की शुरूआत की गई थी पर इस कार्य को वन विभाग के द्वारा किसी कारण बस रोक दिया गया, वहीं इस मामले को लेकर नगर आयुक्त डॉ.योगेश कुमार सागर से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की वन विभाग से कुछ अटकलें सामने आ रही हैं जैसे ही वहां से एनओसी मिलता है फिर पुनः यह कार्य शुरू हो जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों से बातें हो रही है ऊपर के मंत्रियों से भी बात हो रही है जल्द एनओसी मिलते ही पुनह रिवरफ्रंट के कार्य को शुरू कर दिया जाएगा।

ये सभी जानकारी नगर आयुक्त नगर निगम भागलपुर के डॉ योगेश कुमार सागर ने दिया।

## दिन दहाड़े अज्ञात अपराधियों ने पूर्व उप प्रमुख अमोल भारती पर गोली चलाया।

**दैनिक समाज जागरण प्रतापगंज संवाददाता दीपक कुमार।**

सुपौल जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखानगर पंचायत स्तिथ कोल्ड स्टोरेज के पास दिन दहाड़े अज्ञात अपराधियों ने पूर्व उप प्रमुख अमोल भारती गोली चलाया।और मिस फायर होने के कारण वो बाल बाल बचे।

जानकारी अनुसार पूर्व प्रमुख अमोल भारती ने जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष प्रभाकर भारती को कहा की मैं प्रखंड कार्यालय में जरूरी काम करने के बाद अपने मोटरसाइकिल से घर चिलौनी उत्तर दिन के 4 बजे जा रहा थी की रास्ते में एक बाइक पर दो सवार व्यक्ति मेरा पीछा कर रहा है।जैसे ही सुखनगर कोल्ड स्टोरेज के पास पहुंचा की दायां साइड से बाइक सवार मेरे बगल में आकर दाहिना कमर से ऊपर गोली



चलाया लेकिन गोली मिस फायर हो गया।लेकिन बाइक सवार कुछ आगे बढ़कर पुनः लौटा मुझे दोबारा गोली मारने के लिए यह देखकर मैं गाड़ी से कूदकर पाट के खेत में दौड़ा जहां कुछ लोग खेत में काम कर रहे थे।और सुखांगर से दो तीन मोटरसाइकिल आते देख अपराधी ने अपने बाइक घुमाकर पश्चिम की और भागा। आनन फानन में पूर्व उप प्रमुख अमोल भारती ने परिजन को सूचित करते हुए थाना को सूचना दिया।सूचना पाते ही थानाध्यक्ष प्रभाकर भारती अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी प्राप्त किए।थानाध्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के बाद प्रखंड कार्यायल आकर सी सी टीवी कैमरे को खंगाले जहां स्पष्ट कुछ पता नहीं चल पाया।इस बाबत थानाध्यक्ष से जब बातचीत हुई तो उन्होंने कहा की हमलोग छानबीन कर रहे है।

## ट्रेक्टर के नीचे दबने से हुई मौत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल।

**दैनिक समाचार जागरण/ किशनपुर संवाददाता मो0रिजवान।**

किशनपुर थाना क्षेत्र के सुखासन पंचायत स्थित श्रीपुर गांव के दो मजदूर के ट्रेक्टर के नीचे दबने से हुई मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वुधवार को दोपहर बाद चिल्हका पलार से मिट्टी काटकर खाना खाने घर आ रहे मजदूर में दो मजदूर के मौत हो जाने से परिवार में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। मृतक नाटाय साफी की पत्नी हकीदा खातून बार बार कहती थी की अब हम लोगों का परवरिश कौन करेगा। चार पुत्री और दो पुत्र में दो पुत्री एवं दो पुत्र का शादी हो गया है। जहां सबके सब अलग रहकर अपना जीवन यापन कर रहा है। दो अविवाहित पुत्री और मेरा गुजारा



इनके हीं कमाई पर हो रहा था। अब हम लोगों को कौन देख रेख कौन करेगा। वहीं मौके पर मौजूद महिलाओं द्वारा मृतक के पत्नी एवं पुत्री को ढांढस बंधवाया जा रहा था। दूसरी तरफ मृतक महेंद्र ऋषिदेव के घर भी कोहराम मचा हुआ था। जहां मृतक की बहू सुलेखा देवी एवं पुत्री रंभा देवी रह रह कर बेहोश हो जाती थी। गांव में एक साथ दो व्यक्ति का सड़क दुर्घटना में मौत होने से पूरे गांव के लोग सदमें में था। दोनों मृतक के घर गांव वाले शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधवा रहे थे। घटना के सम्बंध में थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौप दिया गया। अभी तक इस सम्बंध में परिजन के ओर से किसी तरह का आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

## एसोसियेशन समिति की एक बैठक आयोजित की गई।

**दैनिक समाज जागरण/ प्रतापगंज संवाददाता दीपक**

सुपौल जिले के प्रतापगंज प्रखंड स्तिथ गोबिंदपुर काली मंदिर परिसर में प्रखंड सीनियर सिटीजन एसोसियेशन समिति की एक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र मिश्र ने किया।बैठक का मुख्य उद्देश्य था एसोसियेशन का पुनर्गठन।पुनर्गठन में सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र मिश्र,उपाध्यक्ष श्री बद्रीनाथ ठाकुर,सचिव नव सुंदर मिश्र,महासचिव राघवेंद्र झा,कोषाध्यक्ष अमरनाथ ठाकुर को बनाया गया।वही कार्यकारिणी सदस्य में श्री सीताराम मंडल,सियाराम यादव,अवनीश झा को बनाया गया।वही एसोसियेशन के अध्यक्ष ने की बैठक में सर्वसम्मति से हमलोगो ने सरकार से विभिन्न मांगे रखी है।1. रेल किराया में पूर्ववत रियायत देने हेतु संघर्ष किया जाय 2. वृद्धजन पेंशन की राशि कम से कम 2000 रुपया हो और तीसरा प्रखंड कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह पर अनिवार्य रूप से किया जाय।बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में विजय नारायण मिश्र,सोमनाथ ठाकुर,सहदेव राम,उदयकांत ठाकुर,राष्टीय सचिव प्रकाश प्राण,कृष्कांत झा,कारी झा,जागेश्वर झा, ललन पाठक,बासुदेव राम आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय प्रेरणा अवॉर्ड के लिऐ चयनित बिहपुर के घनश्याम।

**भागलपुरः-समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /पुरुषोत्तम ठाकुर )**

मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में शिक्षक संस्थान के छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा अवार्ड 2022 अयोजित हो रहा है।इसके लिए भागलपुर जिला के बिहपुर निवासी घनश्याम कुमार का चयन किया गया है।जो 26 जून को इंदौर के मैरीओट फाईवस्टार होटल में होगा।घनश्याम के द्वारा ग्रामीण शिक्षा के उपर अपने विचार व सुझाव को रखा था।और धनश्याम ने ग्रामीण शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए कुछ अपने सोच को रखा था।बताया गश्या कि उक्त रारूट्रीय प्रेरणा अवार्ड के मुख्य अतिथि पद्मश्री कनूभाई टेलर,सांसद लंबी समेत अन्य दिग्गज हस्तियां मौजूद रहेगें।बता दें कि बिहपुर जमालपुर वार्ड न0 आठ निवासी हरीलाल साह व चुन्नी देवी के पुत्र घनश्याम कुमार ने अपनी मेघा का डंका राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर से बजाया है।इसे पूर्व



घनश्याम ने मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है।उनके उत्कृष्ट लेखन निबंध और भाषण को देखते हुए मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड ने इन्हें ट्रॉफी मेडल और सर्टिफिकेट देकर उनको सम्मानित किया गया था।घनश्याम अभी भागलपुर जिले के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत नगरपारा स्थित टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं।घनश्याम बॉल बैडमिंटन का एक बेहतरीन खिलाड़ी भी है।नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के अलावा भी घनश्याम ने पूर्व में चार अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्विज में भी शामिल होकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।घनश्याम ने कई किताबें भी लिखी है।इधर घनश्याम को टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सभी व्याख्याता राजेश कुमार,बृजेश कुमार,रवि कुमार मंडल,आदित्य कुमार व रघुनंदन सिंह आदि शुभकामनाएं दी है।

## जच्चा बच्चा की सुरक्षा के लिए संस्थागत प्रसव को दें प्राथमिकताः डॉ देवेंद्र

### जननी सुरक्षा कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को मिल रही मदद

**समाज जागरण**

स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण मुद्दों,जैसे संस्थागत प्रसव और सुरक्षित मातृत्व जैसे मामलों की अनदेखी नहीं की जा सकती है। संस्थागत प्रसव के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर संभव आवश्यक जानकारियां व सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं। .

संस्थागत प्रसव संबंधी सुविधाओं के विषय में जिला सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र चौधरी का कहना है कि सुरक्षित प्रसव के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना जरूरी है। . क्योंकि संस्थागत प्रसव की मदद से अस्पताल में प्रशिक्षित और सक्षम स्वास्थ्य कर्मी की देख झरेख में गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया जा सकता है। . साथ ही किसी भी आपात स्थिति जैसे रक्त की अल्पता या एस्पेक्सिया जैसी समस्याओं से निपटा जा सकता है। . अस्पतालों में मातृ एवं शिशु सुरक्षा के लिए सारी सुविधाएं हमेशा उपलब्ध रहती हैं। . साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जननी सुरक्षा योजना का भी लाभ गर्भवती महिलाओं को पहुंचाया जा रहा है। . मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी के लिए संस्थागत प्रसव जरूरीः प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को रोकने के लिए संस्थागत प्रसव बहुत जरूरी है। . खासकर ग्रामीण इलाकों की गर्भवती महिलाओं के लिए गृह प्रसव की जगह संस्थागत प्रसव पर बल देने की जरूरत है। . इसके लिए आशाओं के द्वारा उन्हें इसके फायदों के बारे में भी उचित जानकारी प्रदान की जा रही है। . संस्थागत प्रसव के द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु में कमी लाई जा सकती है। .

संस्थागत प्रसव के लिए दी जा रही आर्थिक सहायताः जननी सुरक्षा योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी दोनों प्रकार की गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने पर अलग-अलग प्रोत्साहन राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। . जिसमें ग्रामीण इलाके की गर्भवती महिलाओं को 1400 रुपए एवं शहरी क्षेत्र की महिलाओं को 1000 रुपए दिए जाते हैं। साथ ही इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों पर संदर्भित करने के लिए आशाओं को भी प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है.। जिसमें प्रति प्रसव ग्रामीण क्षेत्रों में 600 रुपये एवं शहरी क्षेत्रों के लिए प्रति प्रसव 400 रूपए आशाओं को दिए जाते हैं। . इस योजना के तहत संस्थागत प्रसव पर आम लोगों के बीच जागरूकता बढ़ रही है। .योजना से गर्भवती को लाभः इस योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को प्रोत्साहन राशि के साथ उनके बेहतर प्रसव प्रबंधन का भी ख्याल रखा जाता है।

## एक चमत्कारी तालाब ऐसा भी जहां शुभ कार्य के लिए पहले गांव वाले तालाब को निमंत्रण देते थे, फिर उस तालाब से निकले बर्तनों से किया जाता था पूजन का कार्य।

**भागलपुर :---समाज जागरण /निभाष मोदी।**

पूरे गांव वालों का प्यास बुझाने वाला तालाबअपने ही जीर्णोद्धार के लिए सरकार की बाटे जोह रहा

भागलपुर ,आस्था के कई रूप होते हैं और लोग इसे अलग-अलग तरीके से मानते हैं।आपको आज हम एक ऐसे आस्था के तालाब के बारे में बताने जा रहे हैं जहां आसपास रहनेवाले लोग अपने घर में होनेवाली शादी से पहले उस तालाब को निमंत्रण देने पहुंचते हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं भागलपुर जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूर स्थित जगदीशपुर प्रखंड के कोला नारायणपुर की।भारत एक ऐसा देश है जहां सनातन धर्म में पेड़-पौधे, जानवर, नदी-तालाब, भूमि और पहाड़ों के साथ कई चीजों में आस्था रखने के साथ इसे पूजने की परंपरा भी रही है।भारत के हर क्षेत्र आपको आस्था के ऐसे सैलाब से अटे पड़े मिलेंगे। ऐसे में हम जिस तालाब के बारे में आपको बताने जा रहे हैं इसको लेकर स्थानीय लोगों की मान्यता है कि यहां इस तालाब को किसी भी शादी या शुभ कार्य से पहले निमंत्रण दिया जाता था और यहां से प्राप्त बर्तनों से ही शुभ कार्य की शुरूआत होती थी।भागलपुर जिले से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर बसे कोला नारायणपुर स्थित एक पोखर को पहले लोग शादी विवाह में निमंत्रण देते हैं और उसके बाद ही शादी का विधि- विधान शुरू करते हैं. लोग पोखर को निमंत्रण देने को धर्म के जैसा मानते हैं. करीब एक शताब्दी से इस पोखर को लोग आस्था के रूप में पूजते आ रहे हैं. कहा जाता है कि इस पोखर से शादी के एक दिन पहले कांसे के बर्तन लोग पोखर से निकालते थे, तभी विवाह का कार्यक्रम प्रारंभ होता था.दरअसल नई पीढ़ी के लोग इस पोखर को अब नजरअंदाज करते दिख रहे हैं, जहां पहले खुशियों में पोखर भी खुशहाल रहता था. वहां अब सन्नाटा छाया हुआ है, यानी कुल मिलाकर कह सकते हैं पुराने रीति रिवाज और धर्म नई पीढ़ी के लोग बदल रहे हैं. बरहाल यह पोखर लोगों की मानें तो यहां मनौती मांगने पर लोगों की मनोकामना भी पूर्ण करता है. अब देखना यह होगा की नई पीढ़ी के लोग इसको लेकर जागरूक किस प्रकार से होते हैं. ।

## बाढ़ स्वास्थ्य शिविर का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने जायजा लिया।

**दैनिक समाज जागरण/सुपौल संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर प्रखंड क्षेत्र के शिवपुरी पंचायत स्थित कोसी बांध पर प्राथमिक स्वास्थ्य द्वारा बाढ़ स्वास्थ्य शिविर का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने जायजा लिया। इस सम्बंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक कुमार सिन्हा ने बताया कि हर वर्ष बाढ में मद्देनजर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। जहां इस बार भी विभिन्न जगहों पर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से कोसी के अंदर बसने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिसमें प्रखंड के कोसी प्रभावित क्षेत्र में कुल 06 जगह पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जहां थरबिटिया एवं खखई में स्थाई, चार अस्थाई में शिविर में बौराहा के बुर्जा टीला, मौजहा, नौआबाखर, परसा माधो एवं दो चलंत चिकित्सा दल के द्वारा कोसी प्रभावितों का इलाज किया जा रहा है। जहां मेरे द्वारा आज थरबिटिया एवं खखई बांध के निकट शिविर का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बताया कि हमारे यहां हर तरह का दवा



उपलब्ध है। जिसे आने वाले मरीज को सम्बन्धित दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक सुजीत कुमार पंकज, एलटी भोगेन्द्र कुमार, केटीएस राजेश कुमार सहित अन्य मौजूद।

## दो प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष पद का चुनाव किया गया। सुरजीत कुमार सिंह।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0रिजवान।**

अखिल भारतीय भरष्टाचार निर्मूलन संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में आज किशनपुर प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार को मनोनीत किया गया वहीं रायगढ़ प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष पद पर रमेश कुमार मनोनीत किया गया है।अखिल भारतीय भ्ष्टाचार्र निर्मूल संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष सुरजीत कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहां की भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना बहुत ही संघर्ष है लेकिन समाज के बीच ऐसे भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ हम संघर्ष करते रहेंगे जिलाध्यक्ष सुरजीत कुमार के अध्यक्षता मे अखिल भारतीय भ्ष्टाचार्र निर्मूल संघर्ष समिति का प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। बताया जिला अध्यक्ष ने मुझ पर विश्वास जताते हुए प्रखंड अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। मैं भी इसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। साथ हीं सभी प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव कर समिति के कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा। प्रखंड अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर,



शिवम कुमार, आशीष सिंह, पटेल सिंह, मो मन्नान, प्रमोद यादव, मो जावेद, दुर्गा सादा, विनोद चौधरी, लक्ष्मण साह,अनिल कुमार, उमेश चौधरी, राजेन्द्र प्रसाद यादव, चिंटू सिंह, मो अनवारुल सहित अन्य ने खुशी जाहिर किया है।

## जीवनप्रमाणीकरण में 529 पेशनधारी पाये गये मृत

**दैनिक समाज जागरण मधुबनी खजौली**

मृत पेशनधारियों का नाम सूची से होगा विलोपित बीडीओ ने शेष बचे 2487 पेशनधारियों का जीवनप्रमाणीकरण तीन दिनों के भीतर पूर्ण करने का विकास मित्रों को दिया निदेश सूची सत्यापन में लापरवाही बरतने वाले कर्मी पर होगी कार्रवाई प्रखंड कार्यालय के सभागार में विकास मित्रों के साथ बैठक करते बीडीओ मनीष कुमार

दैनिक समाज जागरण संवादाता -अमोद कुमार श्रीवास्तव, खजौली, निज प्रतिनिधि

प्रखंड कार्यालय प्रकोष्ट में शुक्रवार को बीडीओ मनीष कुमार से विकास मित्रों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें उनके कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने समाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धजन पेंशन से संबंधित जीवनप्रमाणीकरण कार्यों की बिन्दुओं पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खजौली में 513 पेंशनधारियों का जीवनप्रमाणीकरण का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है। अबतक 529 पेशनधारी मृत पाये गये है। जिनका नाम सूची से विलोपित किया जायेगा। वही शेंष बचे 2487 पेशनधारियों के जीवनप्रमाणीकरण का सत्यापन के लिए विकास मित्रों को निदेश दिया गया है कि तीन दिनों के

